माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -195, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16
माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15

'डबल इंजन' सरकार ने निवेशकों के अनुकूल बनाया माहौल

- प्रधानमंत्री ने यूपी व योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को सबक लेने का दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर बढ़ रहा

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने 'लालफीताशाही' को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए 'लाल कालीन' बिछायें हैं।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने खासकर इस बात को इंगित किया कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक पूरे विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग इस राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा इस दौरान उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन व मुख्यमंत्री योगी ।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी

प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।

एमएसपी की कानूनी गारंटी पर अड़े किसान

हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

चंडीगढ़, एजेंसी

- केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद लेंगे निर्णय

सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने तय किया है कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से भी पीछे नहीं हटेंगे। एमएसपी पर किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को बैठक हुई थी जिसके बाद केंद्र की ओर से किसान नेताओं को एमएसपी पर दालों व कपास की खरीद के लिए प्रस्ताव दिए गए थे।

'दिल्ली चलो' अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुए हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे। कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। किसान नेताओं से बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि एनसीसीएफ और नेफेड जैसी सहकारी समितियां उन किसानों के साथ एक समझौता करेंगी जो तुअर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल या मक्का के खेती करते हैं ताकि उनकी फसल अगले पांच वर्षों के लिए एमएसपी पर खरीदी जा सके। फसल खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा। गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया कि भारतीय कपास निगम पांच साल तक एमएसपी पर किसानों से कपास खरीदेगा।

मांग न पूरी हुई तो 21 से दिल्ली चलो मार्च

किसान नेताओं ने कहा कि वे सोमवार और मंगलवार को सरकार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा करेंगे और उसके बाद आगे का फैसला लेंगे। पंधेर ने अन्य मांगों के समाधान की उम्मीद भी जताई थी और कहा था कि 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल रुका हुआ है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा। गोयल ने रेखांकित किया कि किसानों की अन्य मांगें नीति-आधारित हैं और गहन चर्चा के बिना समाधान संभव नहीं है।

सपा ने 11 और सीटों पर उम्मीदवार उतारे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लोकसभा चुनाव

- मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा
- नीरज मौर्य आंवला, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप लड़ेंगे चुनाव

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची में दो नाम ऐसे हैं जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए। सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं। हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

अफजाल अंसारी के गाजीपुर से सपा के सिंबल पर लड़ने की चर्चा पहले से ही थी। हाल ही में अखिलेश ने उन्हें टिकट देने के संकेत दे दिए थे। संवादाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा था कि आप जैसा सोच रहे हैं वैसा ही है। साल 2016 में अफजाल की पार्टी कौमी एकता दल के सपा में विलय को लेकर ही अखिलेश नाराज हुए थे और अखिलेश का शिवपाल से पहली बार मनमुटाव भी शुरू हुआ था। अफजाल ने उस वक्त पत्रकारों से कौमी एकता दल के सपा में विलय का फैसला रद करने के लिए अखिलेश यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। सपा की लोकसभा उम्मीदवारों की इस दूसरी सूची में पीडीए की झलक भी दिख रही है। सूची में कई चेहरे पुराने हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।

सुरक्षा गार्ड की पत्नी ने दो बेटियों का गला घोंटा

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

- अपने पेट में दरांती घोंपकर की जान देने की कोशिश

अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में दरांती (हंसिया) घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया। देवर अमित उर्फ गुड्डू ने बंद कमरे में भाभी व भतीजियों को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की की जाली काटकर देखा तब घटना का पता चला।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है। रविवार रात वह ड्यूटी पर था तभी उसकी पत्नी संतोष ने बेटी रोशनी व महक की हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी। उसने अपनी दोनों बेटियों के भविष्य की चिंता करते हुए उनकी हत्याकर दी। बाद में खुद जान देने की कोशिश की।

एक नजर

ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है।

चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी 'बिना सोचे समझे' और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एनआर. बोरकर की खंडपीठ ने छह फरवरी को कोचर की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया था।

यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

कल्किधाम

- प्रधानमंत्री ने संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में किया कल्कि धाम का शिलान्यास
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।

प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

मोदी ने विकास के रोडमैप की ली जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदेश में औद्योगिक समेत विभिन्न सेक्टर्स में जारी विकास की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भी मौजूद रहे।

पीएम ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर तकनीक से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्रोद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थे, जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका का हुआ प्रदर्शन

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी पीएम ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफ मिलिट्री व्हीकल रहा। जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था।

26 को योगी करेंगे एम्यूनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन

डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत क्रियान्वित हुई परियोजनाओं में में खासतौर पर साउथ एशिया के सबसे बड़े एम्यूनिशन फैसिलिटी के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी डिफेंस व एरोस्पेस के सीनियर मैनेजर, बिजनेस डपलपमेंट वरुण दुग्गल ने कहा कि 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस फैसिलिटी में 400 राउंड प्रति मिनट (छोटा कैलिबर) की एम्यूनिशन का उत्पादन हो सकेगा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के निवेश प्रस्तावों के प्रस्तुतिकरण को देखते प्रधानमंत्री मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य। अमृत विचार

लखनऊ आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी। अमृत विचार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में अन्य। अमृत विचार

प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुनते अतिथि। अमृत विचार

सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उद्यमी। अमृत विचार

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर लोक नृत्य टेढ़िया की प्रस्तुति देते प्रयागराज के कलाकार। अमृत विचार

देश का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा यूपी: योगी

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को दी सुरक्षित निवेश की गारंटी, कहा- सुरक्षा, सुशासन और विकास प्रदेश की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ रिमोट दबाकर भूमिपूजन के मेगा शो में खासे उत्साहित नजर आए। योगी ने उद्यमियों को सुरक्षित निवेश की गांरटी देते हुए कहा कि उप्र अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। भारत का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा है।– यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है, न मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को जीबीसी-4 में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि

पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी: मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा

योगी ने कहा कि वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्क्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि इन शब्दों को आत्मसात कर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 से अबतक हुए इन्वेस्टर्स समिट और जीबीसी की चर्चा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

▸▸ यूपी में लैंड भी पर्याप्त, बिजली भी भरपूर, मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव

धरातल पर उतारने का उत्सव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10–12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। जीबीसी 4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

अमृत विचार, लखनऊ: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर प्रस्थान तक इंदिरागांधी प्रतिष्ठान और आसपास का एरिया छावनी में तब्दील नजर आया। पुलिस महकमे के आला अफसर और पुलिसकर्मी पूरे इलाके में मुस्तैद रहे। हर आने जाने वाले पर उनकी कड़ी नजर रही।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रधानमंत्री को शामिल होना था। इसके चलते उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमा ने पहले से ही खाका खींच दिया था। 13 पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में करीब 33 सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी थी। रविवार सुबह से ही पुलिस कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आये। इसके अलावा पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर, जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि, जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल, सभी डीसीपी व एडीसीपी भी कार्यक्रम स्थल व आसपास लगातार मातहतों को निर्देशित करते रहे।

पहले उद्योगपति से मिलने पर राजनेता की छवि होती थी खराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था, जब जनप्रतिनिधियों व उद्योगपतियों की मुलाकात को बड़े संदेहास्पद दृष्टि से देखा जाता था। किसी भी जनप्रतिनिधि का उद्योगपतियों से मिलना राजनैतिक खतरे की घंटी से कम नहीं माना जाता था। माना जाता था कि राजनेता व उद्योगपतियों का गठजोड़ राष्ट्र के विकास के लिए अच्छा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने साफ नीयत से इस धारणा को पहले गुजरात में फिर देश में बदल कर विकसित भारत की नींव रखी है।

श्री सिंह ने कहा कि राजनेता और उद्योगपति साफ नीयत के साथ मिलकर काम करें तो राष्ट्र प्रगति करेगा। जब प्रधानमंत्री जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, तबसे यह देश देख रहा है कि किस प्रकार उद्योगपतियों के साथ मिलकर गुजरात में वे बदलाव की ऐसी बयार लेकर आए हैं, जिसकी सुगंध भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में दूर-दूर तक फैली है। देश के अनेक राज्यों के साथ ही गैर भाजपा शासित राज्य भी विकास के गुजरात मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपने उद्योगपतियों व राजनेताओं के बीच के संबंध को संकल्प व राजनीतिक शुचिता के माध्यम से देश के विकास की अनिवार्य शर्त बना दिया है। प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है।

▸▸ रक्षा मंत्री ने कहा-मोदी ने बदली तस्वीर, अब राजनेता और उद्योगपति मिलकर कर रहे देश का विकास

मोदी को तीसरी ही नहीं चौथी बार भी पीएम बनने का जताया विश्वास

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना के साथ प्रगति कर रहा है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो खुद को अकेला नहीं पाता हो या किसी क्षेत्र में खुद को पीछे छूटा मानता हो। दस वर्ष में आपने भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है, उससे जनता को पूर्ण विश्वास है कि आपके तीसरे व चौथे कार्यकाल तक इस विकास भवन का शिखर आसमां की बुलंदियों को छुएगा।

प्रदेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं योगी

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है। योगी आदित्यनाथ ने सात वर्षों में प्रदेश में इंवेस्टमेंट फ्रेंडली इनवायरमेंट क्रिएट करने की दिशा में जो प्रयास किए हैं, उसकी परिणीति है कि आज प्रदेश में यह जीबीसी हो रही है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। यह जीसीबी निवेश लाने की दिशा में पॉथ ब्रेकिंग सेरेमनी साबित होगी।

स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव: भूपेंद्र

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में 10 लाख करोड़ से ज़्यादा की 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव है।

कहा कि इसके माध्यम से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के भव्य आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 33.50 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन भी सुनिश्चित करेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावी शासकीय सुधारों, बेहतर कानून-व्यवस्था, प्रगतिशील नीतियों से चालित औद्योगिक विकास पर बल देते हुए अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड, बुनियादी ढांचे, विकास के एजेंडे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है, जिसमें हवाई अड्डे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, औद्योगिक गलियारे, औद्योगिक पार्क आदि शामिल हैं।

उन्होंने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए अनुबंधों को धरातल पर उतारकर हमने यह साबित भी किया है कि हम केवल वादा करने वाले दल नहीं हैं,भाजपा जो कहती है वो करती है।

उद्यम प्रदेश के साथ योगी को औद्योगिकरण के महागुरु का भी तमगा

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: किसी योगी के अपने तपोबल से महायोगी बनने की तमाम कहानियां है, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम से उद्यम का माहौल बनाकर औद्योगीकरण के महागुरु होने की उपाधि पर हासिल कर ली। अवसर था ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन कर देश-दुनिया को यूपी का दम बता रहे थे। वे योगी की क्षमता के इतने कायल हो उठे कि महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरू बनने की क्षमता का सर्टिफिकेट देने से नहीं चुके।

यही फरवरी महीना था, जब पिछले साल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कर्मयोगी की उपाधि दी, लेकिन मुख्यमंत्री की तारीफ में खामोश रहे। अच्छे अभिभावक का यही बड़ा गुण होता है कि परीक्षा की तैयारी में मेहनत के बजाय परिणाम आने पर गौरवान्वित महसूस करता है।

ऐसा ही दृश्य सजीव हुआ प्रधानमंत्री को संबोधन के लिए छोटे-बड़े उद्योगपतियों के लिए बने खास स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर हाल में। मुख्यमंत्री के चेहरे पर प्रदेश को उद्यम प्रदेश की पहचान दिलाने की रात-दिन तैयारी के बाद सोमवार को परीक्षा देने की थकान जरूर थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने जब उनकी एक साल ही नहीं, बल्कि सात साल की मेहनत के परिणाम सुनाने शुरू किए तो एक परीक्षार्थी की तरह मुख्यमंत्री योगी आगे की चुनौतियों के लिए और दृढ़ प्रतिज्ञ दिख रहे थे। हाल में तालियों की गड़गड़ाहट उनका जोश बढ़ा रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक-एक शब्द योगी की कर्मनिष्ठता की मिशाल दे रहा था। राजनीति के जानकार कहते हैं कि यह पहली बार था, जब मोदी ने योगी की इतनी जबरदस्त तारीफ तथ्यों के साथ किसी मंच से की हो।

शुरूआत में ही मोदी बोले कि 'मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए।'

मोदी ने इससे आगे देश में भाजपा शासित अपने मुख्यमंत्रियों समेत औरों को भी सलाह दे दी कि देश के अन्य राज्यों को निवेश कैसे धरातल पर उतरते हैं, इसे लेकर उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए। साफ है कि योगी को औद्योगिकरण का महागुरू बनने का प्रधानमंत्री की ओर से यह पहला सर्टिफिकेट यूं ही नहीं मिला है। खुद मोदी अन्य राज्यों को चैलेंज देते है कि आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा।

▸▸ योगी में महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरु बनने की क्षमता

▸▸ 14,619 परियोजनाओं का एक साथ भूमि पूजन कर यूपी ने दिखाया दम

योगी की सात साल की परीक्षा का यह भी रहा परिणाम

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सात साल की सरकार की परीक्षा का परिणाम सुनाया। इसमें पहले का दृश्य गिनाया कि कैसे चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी होती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में न केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। तब की सरकारों की सोच थी कि देश के नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ। उन्हें हर मूलभूत सुविधा के लिए तरसा के रखो।

ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपी: नंदी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

लखनऊ: प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जीसीबी 4.0 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं।

प्रदेश की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।

▸▸ सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास को दे रहे दोगुनी रफ्तार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, उप कुलाधिपति डॉ. लता अग्रवाल और हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित जायसवाल। अमृत विचार

एयरपोर्ट पर रहा चार्टर्ड विमानों का जमावड़ा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए आए देश के दिग्गज उद्यमियों के चार्टर्ड विमानों का चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जमावड़ा रहा। इसके अलावा सैकड़ों उद्यमी साधारण उड़ानें से एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यहां बनाए गये वीवीआईपी लाउंज में सुबह का नाश्ता करने के बाद कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। इस दौरान उद्यमियों ने सांस्कृतिक पंडालों के पास रुककर उनका आनंद उठाया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुतबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शामिल होने के लिए अपने चार्टर्ड विमान से यहां पहुंचने वालों में अड़ानी ग्रुप के करन अडानी, हिंदुजा समूह के प्रकाश हिंदुजा, रविकांत जयपुरिया, जीन मेहता, अनिल सिंह, माधव कृष्ण सिंघानिया, युसूफ अली शामिल है। जबकि सामान्य उड़ानां से आने वालों में हल्दीराम ग्रुप के संजय सिंघानियां, बीकानेर ग्रुप के सुरेश कुमार गोयल व भांगुर सीमेंट गुरप के एचएन भांगुर सहित सैकड़ों उद्यमी शामिल है। वहीं चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आगमन हाल के बाहर दो सांस्कृतिक पंडाल लगाए गये थे। एयरपोर्ट से निकलते ही इन उद्यमियों ने सांस्कृतिक पड़ाल के पास रूककर अपना मनोरंजन करने के साथ ही कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जबकि तीसरा एयरपोर्ट महानिदेशालय के सामने व चौथा एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने वाले फ्लावर पर तथा पांचवां शहीदों की मूर्ति के सामने है।

एक नजर

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

अयोध्या, अमृत विचार : राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक मंगलवार से शुरू होगी। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र सोमवार शाम अयोध्या पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते 15 जनवरी से बंद चल रहा राममंदिर निर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है। प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद राममंदिर के दूसरे तल का काम शुरू होगा। नृपेंद्र मिश्र मंगलवार की सुबह रामजन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद बैठक का सिलसिला शुरू होगा।

जिले को मिले तीन बीईओ दो का हुआ स्थानांतरण

अयोध्या, अमृत विचार : चुनाव आयोग के निर्देश पर शासन द्वारा तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके खंड शिक्षा अधिकारियों का तबादला किया है। जिले को तीन नए खंड शिक्षा अधिकारी मिले है। गोंडा से अजय त्रिपाठी, आजमगढ़ से रविता राव और बुलंदशहर से यशवंत कुमार को अयोध्या जिले में नई तैनाती मिली है। वहीं जिले से दो खंड शिक्षा अधिकारियों का ट्रांसफर भी किया गया है। तारुन ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा मिश्रा का अंबेडकरनगर और मिल्कीपुर की खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह का रायबरेली तबादला हुआ है।

रामलला दरबार में आज उत्तराखंड सरकार

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने मंत्रिमंडल के साथ मंगलवार को हवाई मार्ग से सुबह 10 :30 बजे के करीब अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद सभी हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। देपहर करीब 2 :30 देहरादून लौट जाएंगे।

मेहनत करने पर मिलती है सफलता : श्याम सारथी

पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार : इटौरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को कथा व्यास श्याम सारथी ने दान की महिमा बताई। कहा कि धन का उपयोग करो या दान करो, नहीं तो वह नष्ट हो जाएगा। मेहनत करने वाला व्यक्ति सफल जरूर होता है। आचार्य चंदन शास्त्री, मनीष शास्त्री, शंकर नाथ पांडेय, बलराम आदि रहे।

विवेकानंद छात्रावास का होगा जीर्णोद्धार

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगंज में स्थित विवेकानंद छात्रावास का जीर्णोद्वार कराए जाने के दृष्टिगत सोमवार को निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना प्रबंधक सीएंडडीएस यूनिट-44 को इसका प्राक्लन तैयार करने के निर्देश दिए। डीएम ने प्रधानाचार्य जीआईसी को छात्रावास परिसर को साफ-सुथरा कराने के निर्देश दिए।

10,156 करोड़ की 192 औद्योगिक इकाइयों की पड़ी नींव

मंडलायुक्त सभागार में आयोजित हुआ जिलास्तरीय समारोह, निवेशकों ने सजीव प्रसारण में मोदी-योगी को सुना, मिले प्रमाण-पत्र

अयोध्या कार्यालय

कार्यक्रम

- **विश्वकर्मा सम्मान के तहत सिलाई मशीन और टूल किट का किया गया वितरण**

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 के तहत सोमवार को जिले में 10,156 करोड़ के निवेश वाली कुल 192 औद्योगिक इकाइयों की नींव पड़ी। जिला स्तरीय समारोह का आयोजन मंडलायुक्त सभागार में हुआ। जहां निवेशकों ने लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदि को सुना। विभिन्न क्षेत्र के निवेशकों को प्रमाण पत्र और विश्वकर्मा सम्मान के तहत महिलाओं को सिलाई मशीन और लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में 10 करोड़ से कम का निवेश करने वाले उद्यमियों को बुलाया गया था। इससे ज्यादा के निवेशक लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में आमंत्रित किये गए थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आज प्रदेश औद्योगिक प्रदेश की राह पर है। हजारों लाखों करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश नये आयाम छू रहा है। आज सभी की निगाह अयोध्या की ओर है। यहां बड़ा निवेश आया है, लेकिन अभी भी भविष्य की जरूरतों के मुताबिक कई क्षेत्रों में निवेश की जरूरत है। इसके लिए निवेशक आगे आएं, सरकार और प्रशासन आपकी मदद से लिए तत्पर है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने प्रदेश सरकार ज्यादा से ज्यादा निवेश के लिए कटिबद्ध व् प्रतिबद्ध है। इसी के चलते पिछड़ा और बीमारू कहा जाने वाला यह प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि अयोध्या में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं। जिसके चलते विश्वस्तरीय होटल आदि स्थापित हो रहे हैं। प्रशासन जमीन और माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकरण की महायोजना दो में क्षेत्रफल के विस्तार तथा यूपीसीडा के तहत प्लाट की उपलब्धता के प्रयास में जुटा है। उन्होंने अयोध्या में फूड प्रोसेसिंग इकाई की आवश्यकता जताते हुए इस क्षेत्र में उद्यमियों से निवेश की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायक अध्यक्ष रोली सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग सबिता रंजन भारती, आईआईए के अध्यक्ष शंकरलाल जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अविनाश चंद्रा, धीरज सिंह राजपाल, एसबी सिंह समेत जिले के प्रमुख उद्यमी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

गांधी सभागार में मुख्य अतिथि नगर विधायक व अन्य के साथ विश्वकर्मा सम्मान पाने वाली महिलाएं। अमृत विचार

> जिले में कुल 192 ईकाइयों में लगभग 10155 .79 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। जिससे 19854 रोजगार सृजन की संभावना है। लखनऊ में 7291 . 06 करोड़ की 75 और यहां 276 करोड़ की 83 उद्योग इकाइयों की समारोहपूर्वक नींव रखी गई है। मुख्य अतिथि ने निवेशकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया है।
>
> **-अमरेश पांडेय, उपायुक्त उद्योग**

मंच से इन निवेशकों को मिला प्रमाण पत्र

ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 के तहत मंडलायुक्त सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों की ओर से एमएसएमई क्षेत्र के सौरभ सिंह, मनीष शर्मा, सुशील राजपाल, प्रतीक भज्जा, पर्यटन में निवेश करने वाले राजाराम सिंह व विकास जायसवाल, पशुपालन में अनुपम वर्मा व रामकृष्ण वर्मा, मेडिकल शिक्षा में पवन वर्मा व शशांक वर्मा, वन में सुरेंद्र सिंह व प्रीति मुरारका, हैंडलूम में सोना देवी व दिलीप कुमार, यूपीसीडा में मुकेश कुमार तोलानी, तकनीकी शिक्षा में सलाम कृष्ण और उद्यान में निवेश करने वाले राजीव रंजन को प्रमाण पत्र प्रदान किया। वहीं विश्वकर्मा सम्मान के तहत 10 महिलाओं को सिलाई मशीन और प्रमाण पत्र दिया गया।

गांधी सभागार में मौजूद उद्यमी। अमृत विचार

अधिकारियों ने दी योजना व अनुदान की जानकारी

समारोह में पर्यटन, उद्योग विभाग, नेडा, पशुपालन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि के अधिकारियों ने मौजूद निवेशकों को अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि उद्योगों में निवेश को बढ़ाने व स्वरोजगार और रोजगार पैदा करने के लिए सरकार की ओर से जमीन की खरीद में स्टांप ड्यूटी में छूट दी जा रही है। पात्रता के मुताबिक ब्याज और सब्सिडी का लाभ भी दिया जा रहा है। उपनिदेशक पर्यटन राजेंद्र यादव ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद होटल उद्योग में बड़ी तेजी आई है। बावजूद इसके अभी भी इस क्षेत्र में निवेश की जरूरत है। कोई भी निवेश कर योजना का लाभ उठा सकता है।

प्राण-प्रतिष्ठा के साथ रामराज्य की स्थापना : साक्षी महाराज

अयोध्या, अमृत विचार : देश 1947 में जरूर आजाद हुआ लेकिन आत्मा का संचार रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हुआ। 22 जनवरी को रामराज्य की स्थापना हो गई। यह बातें सोमवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहीं। वे यहां रामलला का दर्शन-पूजन करने आए थे।

दर्शन-पूजन से भावुक हुए साक्षी महाराज ने कहा कि वह राम मंदिर आंदोलन से होकर आज राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मुक्ति आंदोलन को लेकर वे संघर्ष में शामिल हुए। उन्होंने कोठारी बंधु को गोली लगने के बाद अपने हाथों से उठाया था। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष बाद प्रभु राम का भव्य मंदिर बन ठीक उसी तरह मथुरा और काशी में भी मंदिर बनेगा। इसके लिए आंदोलन करने की जरूरत नहीं होगी। स्वामी प्रसाद मौर्य के नई पार्टी बनाने को लेकर साक्षी महाराज ने कहा कि मोदी के आगे सब शून्य हैं। मोदी जी ने कहा है अबकी बार 400 पार। अब लोग अपनी जमीन तलाश रहे हैं अब देश में जो प्रभु राम चाहेंगे वही होगा।

सपा छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शिवांशु

अयोध्या, अमृत विचार : छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शिवांशु तिवारी को सपा छात्रसभा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह मनोनयन छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर किया है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि शिवांशु को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक अवधेश प्रसाद, विधायक अभय सिंह, पूर्व विधायक आनंद सेन यादव, पूर्वमंत्री तेज नारायण पांडेय, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम सहित अन्य सपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

घूस लेते लेखपाल गिरफ्तार

बीकापुर (अयोध्या), अमृत विचार : अयोध्या मंडल की एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को बीकापुर तहसील में तैनात एक लेखपाल मोतीलाल यादव को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। उसने पैमाइश के एवज में पांच हजार रुपये मांगे थे।

टीम के प्रभारी निरीक्षक राय साहब द्विवेदी ने बताया कि लक्ष्मणपुर ग्रांट के रामपुर जोहन निवासी मनोज कुमार ने शिायत की थी कि लक्ष्मणपुर में स्थित गाटा संख्या 447, 448 की पैमाइश के लिए आरोपी लेखपाल मोतीलाल यादव द्वारा लगातार उसका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। अब फिर लेखपाल ने रिश्वत की मांग की है। इस पर एक टीम गठित की गई।

एंटी करप्शन टीम के साथ गिरफ्तार लेखपाल।

योजना के अनुसार एंटी करप्शन टीम ने उप निरीक्षक दिनेश कुमार, विश्वनाथ सिंह के एन शुक्ला, शैलेंद्र सिंह की टीम ने आज सोमवार को घूसखोर लेखपाल मोतीलाल यादव को जोहन तिराहे पर उस समय रंगे हाथ दबोच लिया जब उसने शिकायतकर्ता से घूस की पांच हजार रुपये की रकम ली। आरोपी को कस्टडी में लेकर कोतवाली बीकापुर में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

फैज़ान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराया जिले का परचम

अयोध्या, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड में जेबी अकादमी के छात्र मो. फैजान शेख ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10 वां स्थान प्राप्त कर जिले व अकादमी का परचम लहराया है। दिल्ली के इंटरनेशनल ऑडिटोरियम में हिंदी ओलंपियाड संगठन के तत्वावधान में रविवार को हुए समारोह में पूर्व राज्यपाल डॉ. जगदीश वशु ने फैजान को पुरस्कृत किया गया। अकादमी के हिन्दी विभागाध्यक्ष राघवेन्द्र अवस्थी हिन्दी में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित हुए। जेबीए में जेबीएनएस सोसायटी निदेशक मंजुला झुनझुनवाला, उपनिदेशक दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य वीके जोशी ने सोमवार को छात्र व शिक्षक का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करते फैजान।

मणिपुर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किए दर्शन

कैंट स्टेशन पर मणिपुर से आए पदाधिकारियों का स्वागत करते पूर्व महापौर व अन्य।

अयोध्या, अमृत विचार : मणिपुर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अधिकारीमायुं शारदा देवी पार्टी पदाधिकारियों के साथ रामनगरी पहुंची। सभी आस्था स्पेशल ट्रेन से सोमवार को दोपहरमें अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे। रामनगरी पहुंचने पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने रामनामा पहना कर, पुष्प गुच्छ देकर सभी का स्वागत किया। मणिपुर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के विकास की मनोकामना लेकर राम लला का दर्शन के लिए आए हैं। अयोध्या की धरती पर आना एक सुखद अनुभव है। स्वागत करने वालों में शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, आशीष श्रीवास्तव शामिल थे।

समूह से बिछुड़ा गोवा निवासी श्रद्धालु, पुलिस ने खोजा

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला का दर्शन-पूजन करने आए गोवा के दल का एक श्रद्धालु अपने समूह से बिछुड़ गया। कैंट पुलिस ने श्रद्धालु को दल के सुपुर्द किया है। गोवा प्रांत के श्रद्धालु आस्था ट्रेन से यहां रामलला का दर्शन-पूजन करने आए थे। दर्शन-पूजन के बाद समूह के लोगों ने अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। सोमवार को वापस आस्था विशेष ट्रेन से रवाना होना था। इसी दौरान एक श्रद्धालु रोहित प्रदीप सुरलेकर पुत्र प्रदीप मुकुल सुरलेकर निवासी बरनापुरी गांधीनगर रास्ता भटक गया और कैंट थाना क्षेत्र स्थित गुप्तारघाट पहुंच गया। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि रोहित को समूह के हवाले कर वापस गोवा रवाना किया गया है।

परीक्षा देने के बाद रामलला की शरण में पहुंचे अभ्यर्थी

जय श्रीराम का उद्घोष करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : पुलिस भर्ती की परीक्षा देने के बाद सोमवार को अभ्यर्थियों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन किया और सफलता की कामना की। उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास को लेकर सरकार की प्रशंसा भी की। मध्य प्रदेश के भोपाल निवसी अभ्यर्थी संदीप ने कहा कि मैनपुरी में यूपी पुलिस का पेपर देने के लिए आया था। परीक्षा खत्म होने बाद हम लोग यहां दर्शन-पूजन करने आए हैं। यहां आकर प्रसन्नता हो रही है। रामलला से कामना की है कि परीक्षा में हमें सफलता मिले। बिहार निवासी रोहित ने कहा कि परीक्षा के बाद यहां आकर रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया है। हरियाणा निवासी अभ्यर्थी अक्षय कुमार ने कहा कि लखनऊ में पेपर देने के बाद मैंने यहां आकर रामलला का दर्शन किया और सफलता को लेकर प्रार्थना की है।

रामपथ पर आस्था का ज्वार

अयोध्या में रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित करने वालों का तांता लगा हुआ है। रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर रहे हैं। सोमवार को रामपथ पर आस्था का ज्वार नजर आया। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी। कतारबद्ध होकर सभी ने रामलला का दर्शन किया। अमृत विचार

बार एसोसिएशन ने दायर की उच्च न्यायालय में याचिका

अयोध्या, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के मंत्री की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की गई है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, सह अध्यक्ष अनुराग पांडे तथा सदस्य और पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी को विपक्षी बनाया गया है। बार एसोसिएशन का चुनाव इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर हुआ था। दो माह बाद बाद फिर चुनाव कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इस पर कई बार बैठक हुई जिसमें कुछ अधिवक्ताओं को बार की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। पुरानी एल्डर्स कमेटी को भंग कर नई एल्डर्स कमेटी का गठन किया गया था। जांच कमेटी पर बार काउंसिल ने रोक लगा दी थी। इन्हीं सब बातों को लेकर बार एसोसिएशन के मंत्री ने याचिका दाखिल की है।

खास खबर प्रसिद्ध शेफ विष्णु मनोहर की 30 सदस्यीय टीम ने मिलकर तैयार किया हलुवा

हनुमान कढ़ाही में बनाया 7 हजार किलो हलुवा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के दुनियाभर के भक्त तरह-तरह से अपनी श्रद्धा को निवेदित कर रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज पूज्य गोलवलकर की जयंती पर मशहूर शेफ विष्णु मनोहर ने सात हजार किलो वजन का हलुवा बनाया है। इसके लिए 10 हजार लीटर की कढ़ाही का प्रयोग किया गया। श्रद्धालुओं में वितरण के पहले हनुमानगढ़ी में बजरंगबली को भोग लगाया गया।

शेफ विष्णु मनोहर का दावा है कि डेढ़ टन की इस हनुमान कढ़ाई को लोहा, कॉपर और सर्जिकल स्टील से तैयार किया गया है। 7 क्विंटल सूजी, 7 क्विंटल देसी घी, 11 क्विंटल शक्कर, 4 हजार लीटर पानी, 300 किलोग्राम काजू व किशमिश के मिश्रण से हलवा तैयार करा श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरिद्वार पट्टी के महंत मुरली दास, संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, महंत सत्यदेव दास, पहलवान राजेश दास, पुजारी हेमंत दास, मुकेश दास सहित शेफ की 30 सदस्यों की टीम मौजूद रही।

हलुवा बनाते मास्टर शेफ विष्णु व उनकी टीम के सदस्य। अमृत विचार

इस तरह के बना चुके 20 रिकॉर्ड

प्रसिद्ध शेफ विष्णु मनोहर का दावा है कि इसके पहले इस तरह के 20 रिकॉर्ड बना चुके हैं। जिसमें लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी शामिल हैं। यह 21 वां रिकॉर्ड जो वर्ल्ड बुक ऑफ इंडिया रिकॉर्ड में भेजा जाएगा। इससे पहले हलुवे का ही 6000 किलो, 5000 किलो की खिचड़ी, पांच फिट का पराठा, 56 घंटे नास्ता कुकिंग का रिकॉर्ड बन चुका है।

जल्द ही लोगों को जाम से मिलेगा छुटकारा: डीएम

अयोध्या, अमृत विचार: जिलाधिकारी नितीश कुमार ने नगर क्षेत्र में जल्द ही जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। इसके लिए आठ रेलवे उपरिगामी सेतु पर कार्य चल रहा है, जिसमें से दो रेलवे उपरिगामी सेतु टेढ़ी बाजार व बड़ी बुआ पर संचालन प्रारंभ है। दो अन्य दर्शननगर चार लेन व चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुंड पर दो लेन रेलवे उपरिगामी सेतु का कार्य प्रगति पर है। सभी निर्माणाधीन रेलवे उपरिगामी सेतुओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को निर्देशित किया। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर हल्कारा का पुरवा पर 4 लेन, मोदहा पर 4 लेन आरओबी व हल्कारा का पुरवा पर दो लेन आरओबी निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

116 केंद्रों पर 22 से होगी बोर्ड परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से शुरू होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने 132 अफसरों को मजिस्ट्रेट तैनात किया है।

सोमवार को जिलाधिकारी नितीश कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज में संबंधित मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों सहित समस्त जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्राध्यक्षों के साथ बैठक की। डीएम ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक दो पालियों (सुबह 8:30 से 11:45 व दोपहर 2 से शाम 05:15 बजे तक) होगी। जिले में कुल 116 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल में 43131 व इंटरमीडिएट में 38945 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए पांच जोनल (प्रत्येक तहसील के उप जिलाधिकारी), 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट (प्रत्येक ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी) व 116 स्टेटिक मजिस्ट्रेट (प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक) नियुक्त किया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने से संबंधित आवंटित परीक्षा केंद्रों का रात्रि में भी भ्रमण करेंगे। नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व अपने-अपने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री संबंधित केंद्राध्यक्ष के साथ परीक्षा केंद्र में बने डबल लॉक में रखवाएंगे। प्रत्येक सेक्टर में पर्याप्त संख्या में उड़न दस्ता टीम भी लगाई गई हैं।

जीआईसी फतेहगंज में बोर्ड परीक्षा के संबंध में बैठक करते डीएम-एसपी व मौजूद अन्य।

एक नजर

महिला दिवस पर होगी नृत्य व गायन प्रतियोगिता

अयोध्या, अमृत विचार : महिला दिवस व महाशिरात्रि पर्व पर रामनगर कॉलोनी स्थित संत नवलराम दरबार में नृत्य व गायन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह जानकारी सोमवार को विश्व सिंधी सेवा संगम के अध्यक्ष हरीश मध्यान व महिला विंग की अध्यक्ष नीलम मध्यान ने दी। संगम के प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि संत नवलराम पंचायत व संगम के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों का रिहर्सल 25 फरवरी को होगा। इसे लेकर एक बैठक हुई जिसमें कशिश चावला, कोमल लखमानी, साक्षी वासवानी, ज्योति बतरा, माला खत्री, रागिनी चंदानी, नेहा माखेजा, वर्षा आदि रहीं।

तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

मवई, अयोध्या अमृत विचार : मवई पुलिस ने सोमवार को तमंचा व कारतूस के साथ एक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आशा शुक्ला ने बताया कि थाना क्षेत्र के नज्जू खां का पुरवा के पास से पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन पासी निवासी पासिन का पुरवा मजरे तालगांव थाना मवई जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।

समाजसेवी डॉ. शाहिनूर का होगा स्वागत

अयोध्या, अमृत विचार : रामनगरी में सुल्तानपुर की समाजसेवी डॉ. शाहिनूर का स्वागत होगा। उनके मीडिया प्रभारी उमेश संतानी ने बताया कि वो 22 को रामनगरी आएंगी। यहां रामलला के दर्शन करेंगी। इसके बाद शिवालय परिवार के महंत गणेश राय दास का आशीर्वाद लेकर निर्माणाधीन गोशाला का भी निरीक्षण करेंगी। मीडिया प्रभारी ने बताया कि उनके साथ डॉ. धर्मेंद्र शुक्ला भी रहेंगे।

212 बेड के जिला अस्पताल की ओपीडी से फिजीशियन नदारद, लौटे मरीज

कक्ष संख्या- 14, 15 और 16 से दोपहर 1:15 बजे ही उठ गए डॉक्टर

अव्यवस्था

▸▸ दूर-दूर से आए मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पताल में सोमवार को मरीज उमड़े तो चिकित्सक ही गायब रहे। आलम यह रहा कि कक्ष में अंधेरा पसरा था। चिकित्सक की जगह इंटर्न इलाज करते हुए देखे गए। काफी देर तक ओपीडी के बाहर मरीज इंतजार करते रहे, लेकिन दोपहर करीब 1:45 बजे बताया कि डॉक्टर साहब अब मंगलवार को देखेंगे। मरीजों ने जिला अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्था पर नाराजगी जताई।

212 बेड के जिला अस्पताल में प्रतिदिन 800 से एक हजार के करीब मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। सप्ताह का पहला दिन होने पर सोमवार को बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे थे। सबसे अधिक मरीज ईएनटी के थे। दोपहर 12:30 बजे तक सब ठीक-ठाक था। एक बजे के करीब ओपीडी संख्या-14, 15 व 16 से चिकित्सक अचानक गायब हो गए। मरीज बाहर खड़े होकर उन्हें खोजते नजर आए। तारुन से आए संजय कुमार राठौर 15 नंबर ओपीडी में दिखाने पहुंचे थे लेकिन डॉक्टर के कक्ष में अंधेरा देख वह आधे घंटे तक बाहर की खड़े रहे। बताया गया कि आज डॉक्टर साहब नहीं बैठेंगे। यही हाल चर्म रोग ओपीडी का भी था। दो-तीन पुलिसकर्मी इंतजार करते रहे। करीब 1:45 बजे वे भी चले गए। ओपीडी नंबर- 15 के बाहर उमा तिवारी ने बताया कि सीटी स्कैन कराना था, डॉक्टर से लिखाने आई थीं लेकिन नहीं मिले, अब मंगलवार को फिर आएंगी।

ओपीडी कक्ष नंबर- 14 में खाली पड़ी डॉक्टश्र की कुर्सी। अमृत विचार

ओपीडी कक्ष संख्या- 16 में मरीज का उपचार करते इंटर्न। अमृत विचार

डॉक्टर साहब ने 900 की दवा लिखी थी, सोचा दिखा दूं

16 नंबर की ओपीडी के बाहर खड़ीं कंचन ने बताया कि अभी 12 :30 बजे डॉक्टर साहब को दिखाया था। उन्होंने बाहर की कुछ दवाएं लिखी थीं, 900 रुपये की हैं। पूछने आई थी कि इसे कैसे खाना है लेकिन बताया जा रहा है कि डॉक्टर साहब कल मिलेंगे। आरती भी 450 रुपये की दवा लेकर डॉक्टर के पास आई थीं लेकिन इंटर्न ने बताया कि डॉक्टर साहब मीटिंग में गए हैं।

ओपीडी के कक्ष संख्या- 15 में अंधेरा पसरा रहा। अमृत विचार

एक फिजिशियन की ड्यूटी पोस्टमार्टम में लगाई गई थी, क्योंकि वह सबसे जरूरी है। दो फिजिशियन इमरजेंसी में मरीज देखने चले गए थे। मेरे पास तक किसी मरीज ने ऐसी शिकायत नहीं पहुंचाई। अगर ओपीडी छोड़कर चिकित्सक बेवजह गायब दिखे तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। **-डॉ. एनपी गुप्ता**, सीएमएस, जिला अस्पताल।

कृषि विवि में 22 से जुटेंगे देशभर से 500 सब्जी वैज्ञानिक

कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार: सब्जी फसलों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना पर 42वीं वार्षिक समूह के बैठक की मेजबानी इस बार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या कर रहा है। यह बैठक 22 से 24 फरवरी तक आयोजित होगी। कृषि विवि जलवायु व्यवस्था के तहत सब्जी उत्पादन में तकनीकी नवाचारों पर स्वर्ण जंयती राष्ट्रीय संगोष्ठी भी 24 से 26 फरवरी तक आयोजित करेगा। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सोमवार को बैठक कर कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में देश भर से 500 वैज्ञानिक हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में किया जाएगा।

महिलाकर्मी ने लिपिक पर लगाए गंभीर आरोप

अयोध्या, अमृत विचार : मिल्कीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला कर्मी ने लिपिक पर अभद्रता और अश्लीलता का आरोप लगाया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश देकर जल्द रिपोर्ट मांगी है।

सीएचसी की एक महिला कर्मचारी ने लिपिक पर आरोप लगाया है कि लिपिक रात में आठ बजे के बाद उसके वाट्सएप पर अभद्र व अश्लील बातें लिखकर भेजता है। 19 व 21 जनवरी को रात लगभग 9 बजे लिपिक ने लेबर रूम में घुसकर अश्लील बातें की। साथ ही धमकी दी कि उसकी पहुंच काफी ऊपर तक है। वह उसके परिवार को बर्बाद कर देगा। उसने शिकायत में यह भी कहा है कि शराब के नशे में धुत होकर वह अश्लीलता करता है। उधर, लिपिक ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि मैंने अपना लिखित स्पष्टीकरण अधीक्षक को दे दिया है। मुझे फंसाने के लिए कुचक्र रचा गया है। जांच में सत्य सामने आ जाएगा। महिला कर्मचारी की मांग पर सीएमओ डॉ. संजय जैन ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं। जांच टीम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार, कुष्ठ अधिकारी डॉ. राम मणि शुक्ला व जिला प्रशासनिक अधिकारी बृजेश मिश्रा को शामिल किया गया है। टीम 20 फरवरी को सीएचसी मिल्कीपुर जाकर दोनो पक्षों के बयान लेने के बाद रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को सौंपेगी।

गन्ना लदी ट्रॉली में भिड़ा वाहन, 11 घायल

दुर्घटना

▸▸ गुजरात के श्रद्धालु जा रहे थे काशी से अयोध्या, प्रयागराज हाईवे पर हुआ हादसा

बीकापुर/अयोध्या

अमृत विचार : गुजरात के श्रद्धालुओं को लेकर काशी से अयोध्या आ रही एक टैंपो ट्रेवलर की बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बिलारी माफी के समीप गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। हादसा प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को मध्य रात्रि बाद हुआ जिसमें 11 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे में उनका वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन।

पुलिस ने 11 घायलों को सीएचसी बीकापुर भेजवाया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया कि गंभीर घायल नवसारी जिले के सिजली थाना क्षेत्र स्थित देवगांव निवासी विजय पारीक (51) पुत्र नत्थू भाई व ईतेश (52) पुत्र रवीलाल पटेल और इसी थाना क्षेत्र के अलीपुर निवासी चम्पत भाई (48) पुत्र मनिका भाई को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल राजेश (45), नरेश (38), हरीश (44), गणेश (40), बहरा (45), रणजीत (45), धर्मेंद्र (35) व निलेश (38) को भर्ती कर लिया। पांच मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजवाया गया था। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, शिकायत के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

11 सौ छात्रों ने दी 12वीं की हिंदी परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय से परीक्षा देकर निकलतीं छात्राएं। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में सोमवार को जिले में 12 वीं कक्षा के लगभग 11 सौ छात्र-छात्राओं ने हिंदी विषय की परीक्षा दी। सीबीएसई के पर्यवेक्षक की निगरानी में शांतिपूर्ण माहौल में जिले के सभी 13 परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा संपन्न हुई। मंगलवार को 10वीं की उर्दू विषय की परीक्षा होगी। सोमवार को जिले में सभी परीक्षा केन्द्रों पर हुई 12 वीं की हिंदी विषय की परीक्षा में लगभग 11 सौ छात्र -छात्राएं शामिल हुए। सीबीएसई के जिला समन्वयक अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को केंद्रीय विद्यालय में 117, आर्मी स्कूल में 160, जेबी अकादमी में 79, उदया पब्लिक स्कूल में 81, अवध इंटरनेशनल स्कूल में 200, टाइनी टाट्स सेकेन्ड्री स्कूल में 28, भवदीय पब्लिक स्कूल में 94 व अनिल सरस्वती में 94, बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंच गए।

हरियाणा के श्रद्धालुओं ने शुरू की चौरासी कोसी परिक्रमा

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उत्साह से लबरेज हरियाणा के सोनीपत से आए श्रद्धालु अयोध्या क्षेत्र के 84 कोसी परिक्रमा कर रहे हैं। मखौड़ा धाम से 17 फरवरी को शुरू हुई परिक्रमा का लोग जगह-जगह स्वागत कर रहे हैं। परिक्रमार्थियों के जत्थे का सोमवार को मिल्कीपुर तहसील के रेवतीगंज बाजार में रामभक्तों ने स्वागत किया। श्रद्धालुओं का जत्था मिल्कीपुर क्षेत्र से आगे बढ़ गया।

परिक्रमा का नेतृत्व कर रहे सोनीपत के कृष्ण पाल त्यागी ने बताया कि अयोध्या धाम की 84 कोसी परिक्रमा करने के लिए हरियाणा से सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने बताया कि काशी में परिक्रमा करते समय एक साधू ने अयोध्या की परिक्रमा करने के लिए कहा था। तभी से प्रत्येक वर्ष हम लोग 84 कोसी परिक्रमा कर रहे हैं। यह चौथा वर्ष है। लाजवंती ने बताया कि रामलला का मंदिर बनने से समूचे विश्व में उत्साह है। जय भगवान ने कहा कि हम खुद को भाग्यशाली समझते हैं कि रामनगरी में मुझे परिक्रमा का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इससे पूर्व रेवतीगंज में राकेश तिवारी, मंगेश तिवारी, विजय तिवारी, सज्जन पाठक आदि ने परिक्रमार्थियों का स्वागत सत्कार किया। परिक्रमार्थियों में राजेश, सुनील, राजेंद्र, वीरेंद्र, शिवराज, जनेश्वर, पुष्पा, कमला, विमला, कमलेश, सरोज कुमारी, सहित कई श्रद्धालु शामिल रहे।

चौरासी कोसी परिक्रमा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

एयरपोर्ट के पास यूनियन बैंक ने शुरू की ई- लॉबी सेवा

अयोध्या, अमृत विचार : महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ई-लॉबी सेवा से शुरू की है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व क्षेत्र महाप्रबंधक लखनऊ सुमित श्रीवास्तव ने सोमवार को ई-लॉबी सेवा डाभासेमर शाखा का उद्घाटन किया। क्षेत्र महाप्रबंधक सुमित श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास की डगर पर तेजी आगे बढ़ रही है। हम इसके विकास का वाहक बनने के लिए सदैव क्रियाशील हैं। ई-लॉबी के शुरू होने से नगर वासियों बेहतर सेवाएं मिलेंगी। लोगों की सुविधा के लिए अयोध्या धाम में जल्द एक नई शाखा खोली जाएगी। क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने कहा कि ई-लॉबी सेवा शुरू होने से ग्राहक 24 घंटे एटीएम से पैसे निकाल सकते हैं। साथ ही ऑटोमेटिक पासबुक मशीन से अपनी पासबुक का प्रिंट कर सकते हैं। स्थानीय लोगों के अलावा आने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलेगा।

लॉबी सेवा के उद्घाटन के दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव व बैंक के अधिकारी।

नशे का व्यापार करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

मसौधा, अयोध्या, अमृत विचार : थाना पूराकलंदर पुलिस ने अयोध्या- रायबरेली हाईवे पर प्रभात नगर तिराहे के पास से पांच युवकों को हिरासत में लिया है। जामा तलाशी में इनके पास से छह किलोग्राम चरस व स्मैक बरामद किया।जिसकी अनुमानित 35 लाख रुपये है। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार आधी रात के आसपास उप निरीक्षक अमित कुमार व कृष्ण चंद यादव हमराही सिपाहियों के साथ गस्त पर थे। अयोध्या -रायबरेली हाईवे पर प्रभात नगर तिराहे के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े पांच युवकों को हिरासत में ले लिया। इनकी पहचान रामनाथ राय निवासी ग्राम बेलवा पिपरिया थाना पलनवां जिला मोतिहारी राज्य बिहार, अजय राय निवासी अनंतसागर थाना पलनवाँ जिला मोतिहारी राज्य बिहार, राजेश्वर राय निवासी पिपरिया थाना पलनवां जिला मोतिहारी, सुनील राय निवासी अनंत सागर पिपरिया थाना पलनवाँ जिला मोतिहारी व राजू राय निवासी ग्राम अनंतसागर निवासी पिपरिया थाना पलनवाँ जिला मोतिहारी राज्य बिहार के रूप में हुई है।

ओमप्रकाश हत्याकांड के दोनों आरोपी दोष मुक्त

अयोध्या, अमृत विचार : विवेचक की लचर विवेचना से कोर्ट ने हत्या के दो आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया। फैसला अपर जिलाजज प्रथम अशोक कुमार दुबे की अदालत से सोमवार को हुआ। मामला पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के गांव नरियावां के ओमप्रकाश हत्याकांड का है। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि 6 जून 2012 को ओमप्रकाश मिश्रा निवासी नरियावां थाना पूरा कलंदर का शव खेत में मिला था। पत्नी गीता मिश्रा ने गांव के प्रधान भीमसेन सिंह व उनके परिवार के शेखर सिंह और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट लिखाई थी। प्रधान ने पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर ओमप्रकाश की हत्या कर दी। विवेचक ने इतनी लचर विवेचना की कि दोनों आरोपियों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर भीमसेन से बांका और शेखर के कब्जे से चाकू बरामद किया। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में जो चोटें पाई गईं वह धारदार हथियार की नहीं कुचलने से आई थी। विवेचक से जिरह में पूछा गया कि क्रस्ड इंजरी का क्या मतलब होता है तो वह नहीं बता पाए। इसका मतलब उन्होंने बयान लिखते समय डॉक्टर से नहीं पूछा। अभियोजन कहानी संदिग्ध हो गई और कोर्ट ने दोनों आरोपियों को इसका लाभ दिया।

प्रधानमंत्री आज करेंगे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रधानमंत्री मंगलवार 20 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग से डिजिटल लांच व उद्बोधन करेंगे। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पहले विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएमयूएसएचए) संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें अयोध्या सांसद, विधायक के साथ जनप्रतिनिधिगण अपना संबोधन देंगे। इसमें विश्वविद्याल के शिक्षक, अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। ये जानकारी सोमवार को अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने दी। वो कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहीं थीं।

बैठक में मौजूद कुलपति व अन्य। अमृत विचार

कुलपति ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मल्टी डिसप्लेनरी एजुकेशन रिचर्स यूनिवर्सिटी (मीईआरयू) को लेकर प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत विश्वविद्यालय को 100 करोड़ का अनुदान मिला है जो विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार है। इससे पहले विश्वविद्यालय को 20 करोड़ का अनुदान मिला था। उन्होंने बताया कि यह अनुदान टीम वर्क का सफल परिणाम है। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ल, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. तुहिना वर्मा, डॉ. पीके द्विवेदी, डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, प्रोग्रामर रवि मालवीय, अभियंता आरके सिंह आदि मौजूद रहे।

राजर्षि दशरथ स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों (समय संवेदनशील और अन्य आपातकालीन) के बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए सुविधा-आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल नामक परियोजना में रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विवरण नीचे उल्लिखित हैं।

पद	पदों की संख्या	योग्यता	आयु सीमा	वेतन
प्रोजेक्ट नर्स II	7	आवश्यक: न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए तीन वर्षीय जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफ (जीएनएम) पाठ्यक्रम वांछनीय: आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी।	30 साल	ICMR के अनुसार जूनियर नर्स रु. 20,000/+ 1800 (9% HRA) मासिक
प्रोजेक्ट नर्स III	7	आवश्यक: न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए चार वर्षीय नर्सिंग पाठ्यक्रम वांछनीय: आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी।	35 साल	ICMR के अनुसार स्टाफ नर्स रु. 28,000/+ 2520(9%HRA) मासिक

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

चयनित उम्मीदवार से तत्काल ज्वाइनिंग का अनुरोध किया जाता है।

आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं:
https://docs-google-com/forms/d@e/1FAIpQLSeRntbhj50aUtgkKZCIesNneYLajqKIOp09dmv oXt oYIgeDA/viewformusp=sflink

डॉ सत्यजीत वर्मा,
साइट प्रमुख अन्वेषक, प्रोफेसर एवं एचओडी
सर्जरी विभाग, आर.डी.ए.एस.एम.सी,
अयोध्या उत्तर प्रदेश

हालात होली तक आम जन को भी मिल जाता लाभ, लेकिन शासन में अभी अनुमोदन का इंतजार

नगरीय सेवा की ई-सिटी बसों में मुफ्त यात्रा का है प्रस्ताव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व स्मार्ट सिटी मिशन के तहत नगर विकास विभाग के नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन शुरू कराया गया था। इस सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने समारोहपूर्वक किया था। विभिन्न मार्गों पर इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। समारोह के बाद दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या आने वाले सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ई सिटी बसों में मुफ्त परिवहन सेवा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अभी तक शासन से प्रस्ताव को अनुमोदन न मिल पाने के चलते आमजन व काफी श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

वर्तमान में नगर विकास विभाग के नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से कुल 225 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इन बसों के रुट से जुड़वाँ शहरों अयोध्या और फ़ैजाबाद के रेलवे स्टेशनों ही नहीं, बल्कि पड़ोस के जनपद गोंडा स्थित कटरा रेलवे स्टेशन को भी जोड़ा गया है। साथ ही अयोध्या धाम, अयोध्या छावनी, दर्शननगर, सलारपुर व गोंडा के कटरा रेलवे स्टेशन टर्मिनल बनाया गया है। अयोध्या छावनी, भरतकुंड, बारुन बाजार, सलारपुर, पूराबाजार तथा कटरा से छह मार्गों पर संचालन किया जा रहा है।

आस्था ट्रेनों के यात्रियों को ही मिल लाभ

नगरीय परिवहन निदेशालय के निदेशक राजेंद्र पैंसिया के अनुसार वर्तमान में इलेक्ट्रिक सिटी बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ केवल श्रीराम दर्शन यात्रा के तहत देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाली आस्था ट्रेनों के यात्रियों को ही मिल पा रहा है। रेलवे की ओर से औसतन रोज 10 से 12 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इनसे करीब 15 हजार श्रद्धालु रोज रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। मार्ग पर चलने वाली नियमित ट्रेनों तथा अन्य साधनों से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अभी इलेक्ट्रिक बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा नहीं मिल रही।प्रस्ताव को अनुमोदन मिल जाता तो रोज हजारों श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा सुविधा मिल जाती।

दिल्ली से आस्था स्पेशन ट्रेन से अयोध्या कैंट पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व मंडलायुक्त ने भेजा था प्रस्ताव

इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन मकर संक्रांति पर्व से शुरू किया गया था। 22 जनवरी को आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व मंडलायुक्त गौरव दयाल ने शासन के मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। इसमें कहा था कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा। ऐसे में 25 मार्च होली तक सिटी बसों का संचालन नि:शुल्क किया जाए। इसके लिए नगर विकास विभाग और परिवहन निगम को निर्देश जारी किया जाए।

मंडलायुक्त की ओर से होली तक ई-सिटी बसों में मुफ्त यात्रा का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। प्रस्ताव अभी शासन के समक्ष विचारधीन है और अनुमोदन का इंतजार है। **-जयदीप वर्मा**, संयुक्त निदेशक, नगरीय परिवहन निदेशालय।

राजर्षि दशरथ स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित समय स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों संवेदनशील और अन्य आपातस्थितियोंके बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए शीर्षक वाली आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल-सुविधा परियोजना में रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विवरण नीचे उल्लिखित हैं।

पद	योग्यता	आयु सीमा	वेतन
परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक। (चिकित्सा)	**आवश्यक:** एमबीबीएस/एमवीएससी/बीडीएस **वांछनीय:** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में नैदानिक/अनुसंधान अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी	35 साल	ICMR के अनुसार वैज्ञानिक रु. 67,000/+ 6,030 (9% HRA) मासिक
परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक । (गैर- चिकित्सा)	**आवश्यक:** एकीकृत पीजी डिग्री सहित प्रथम श्रेणी स्नातकोत्तर डिग्री या द्वितीय श्रेणी स्नातकोत्तर डिग्री, जिसमें पीएचडी के साथ एकीक्रत पीजी डिग्री शामिल है **वांछनीय:** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुसंधान अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी	35 साल	ICMR के अनुसार वैज्ञानिक रु. 56,000/+ 5,040(9%HRA) मासिक

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 5 मार्च 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट (नॉन-मेडिकल) के लिए साक्षात्कार की तारीख 7 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे से और प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट (मेडिकल) के लिए साक्षात्कार की तारीख 8 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे से है। आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSe60Opej041-TrfHt4ec5AFPR35IelbYfim7JgD93BCXNW2D4w/viewform\usp=sf link साइट पीआई नाम, पता और हस्ताक्षर

डॉ सत्यजीत वर्मा,
साइट प्रमुख अन्वेषक, प्रोफेसर एवं एचओडी
सर्जरी विभाग, आर.डी.ए.एस.एम.सी,
अयोध्या उत्तर प्रदेश

एक नजर

असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जनपद पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नूर अहमद पुत्र अकीदुल्लाह निवासी बदरूद्दीनपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर उम्र लगभग 20 वर्ष को बदरूद्दीनपुर मोड़ के पास से अवैध असलहे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके आधार पर पुलिस ने थाना स्थानीय पर अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अनिल सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश यादव प्रथम, कांस्टेबल अभय यादव शामिल रहे।

बंटवारे को लेकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। आपसी बंटवारे को लेकर हुई मारपीट में जैतपुर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के दौलताबाद चकिया निवासी हीरा लाल ने पुलिस से शिकायत किया है कि बीते शनिवार को आपसी बंटवारे को लेकर रोशन लाल, मिंकू लाल, रेखा देवी, प्रिंस, निशा, क्रनस और इनकी पत्नी ने मिलकर घर मे घुस कर मारा पीटा। जिससे परिवार की इसरावती और पूजा को गम्भीर चोटे आयीं और विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसपी और एएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

चाकू के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मालीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अजय माली पुत्र लालजी माली निवासी गुवा पाकड़ थाना जलालपुर को सलाहुद्दीन पुर चैराहे से पकड़ लिया गया। जिस के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में मालीपुर थाना के उपनिरीक्षक आशुतोष शर्मा, कांस्टेबल धनंजय यादव और बृजेश कुमार शामिल रहे।

अज्ञात चोर ने कैश काउंटर पर किया हाथ साफ

जलालपुर, अंबेडकरनगर। मालीपुर चौराहे पर मिष्ठान की दुकान से दिन में ही अज्ञात चोर ने कैश काउंटर में रखे दो हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। मालीपुर निवासी जितेंद्र की चौराहे पर मिष्ठान की दुकान है। इसी बीच रविवार को जब दुकानदार ग्राहकों को सामान देरहा था। तभी अज्ञात चोर ने कैश काउंटर से दो हजार रुपया गायब कर दिया। दुकानदार जितेंद्र की तहरीर पर मालीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

213 उद्यमी करेंगे 2080 करोड़ रुपए का निवेश

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जनपद में 171 उद्यमियों ने किया प्रतिभाग, 439.68 करोड़ रुपए का करेंगे निवेश

सांसद बोलीं - बिना किसी भेदभाव के सभी जाति धर्म के लोगों की बेहतरी के लिए सरकार चला रही है योजनाएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

सांसद केसरी देवी पटेल का स्वागत करते जिलाधिकारी व साथ में एसपी व अन्य।

उद्यमी को डेमो चेक देतीं सांसद केसरी देवी पटेल व साथ में डीएम अविनाश सिंह।

अमृत विचार। सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन जनपद के शिवाय लॉन में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद केसरी देवी पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन मौके पर उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिति 2023 के सफल आयोजन के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन जनपद में जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद स्तर पर निवेश को बढ़ावा देना है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबाकर किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। जनपद से कुल 213 उद्यमी इसमें शामिल है, जिनके द्वारा 2080.69 करोड़ का जनपद में निवेश किया जाएगा। जिसमें से 42 उद्यमी प्रधानमंत्री कार्यक्रम लखनऊ गए थे। जिनका निवेश 1641.01 करोड़ है। वहीं 171 उद्यमी जनपद के कार्यक्रम में सम्मिलित थे जो जनपद में उद्योग लगाने के लिए 439.68 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे।

मुख्य अतिथि केसरी देवी पटेल ने अपने उद्बोधन के दौरान सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी जाति धर्म के लोगों के लिए योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ सभी लाभार्थियों को मिल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिए 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।

निवेशकों को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि केसरी देवी पटेल सांसद, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ प्रणव जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी और भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रिंकल सिंह ने 11 निवेशकों में श्याम इंडस्ट्रीज बसखारी, विश्वकर्मा फाउण्ड्री वर्क्स टांडा, पंडित वंशराज पाण्डेय स्मारक सत्य गोविंद शिक्षण संस्थान, डा. अम्बेडकर जन सेवा एवं शिक्षण संस्थान, आरएमएस कालेज आफ फार्मेसी, एनपी टेक्सटाइल्स, सुपर इण्डिया टैक्सटाइल्स, पैरिस टैक्सटाइल्स, एडब्लू एण्ड सन्स, नादिर टैक्सटाइल्स और उपवन एग्रो बायो फर्टिलाइजर को प्रशस्ति पत्र, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 8 अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र, बैंक के 7 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का दिखाया गया सीधा प्रसारण

इसी प्रकार का कार्यक्रम जनपद की अन्य विधानसभा में आयोजित किए गए। जिसमें लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया और इसके उपरांत जनप्रतिनिधियों द्वारा भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी किसी योजना के लाभ से वंचित न हो। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया।

सार-संक्षेप

ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में किया जागरूक

भाजपा नेता अभिषेक निषाद ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए।

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत सरावां बटेलीपुर में भाजपा रामनगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद ने प्रवास कार्यक्रम के तहत भ्रमण किया और लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए प्रत्येक कार्य कर रही है। इस दौरान आदित्य पांडेय, विपिन पाण्डेय, राजाराम, गुल्लू, आनन्द कन्नौजिया, मुकेश कुमार, मनीष कुमार, संजय, अनूप सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

किसी भी क्षेत्र में महिलाएं कमजोर नहीं : पुष्पा

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद पुष्पा पाल व साथ में अन्य। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद के विकासखंड जलालपुर के आजनपारा ग्राम पंचायत कार्यालय पर जन शिक्षण केंद्र कुटियवा द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत नारी संघ अगुआ लीडर और स्टॉफ का मानवाधिकार, संवैधानिक अधिकार और जेंडर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। परियोजना समन्वयक राम स्वरुप ने कहा कि संविधान के बिना भारत जैसे विशाल गणराज्य की कल्पना करना असंभव होगा। कार्यकर्ता रामहित ने संविधान के द्वारा प्राप्त मौलिक अधिकार, समानता, समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। सचिव पुष्पा पाल ने जेंडर के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि यह हमारी और समाज की सोच होती है जो पुरुष और स्त्री में भेदभाव करता है। आज किसी भी क्षेत्र में महिलाएं कमजोर नहीं हैं। अगुवा लीडर रंजना ने संगठन गीत लहर लहर लहराय हो नारी संघ का झंडा के माध्यम से बहनों को संगठन के प्रति जागरूक किया गया। सामुदायिक कार्यकर्त्ता पुनीता, लेखाकार सिद्धार्थ, बीआरसी हेमलता और नारी संघ अगुवा बहनों में बदामा, इंद्रावती, पूनम, उर्मिला, रेखा, गीता, मिथलेश, चमन, रंजना, कंचन, गीता, सरिता, चंद्रावती, शुशीला आदि नारी संघ कि बहनें उपस्थिति रहीं।

शारदा सहायक नहर में छोड़ा गया पानी, किसान होंगे लाभांवित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद में सिंचाई खंड टांडा और सिंचाई खंड अयोध्या की नहरों की सिल्ट सफाई रबी फसली 1431 के पूर्व कराई गई। जिसकी कुल लंबाई 549 .93 किमी में कुल 131 नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य संपन्न कराया गया है और सिल्ट सफाई कार्य का भौतिक सत्यापन लखनऊ मुख्यालय से गठित विभागीय टीम व जनपद स्तरीय टीम और विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। किसानों के खेतों की सिंचाई सुविधा के लिए सोमवार को फैजाबाद ब्रांच और दरियाबाद शाखा से पानी बढ़ाया गया है। उक्त बढ़ा हुआ पानी मंगलवार से जनपद अंबेडकरनगर सीमा पार कर जनपद आजमगढ़, मऊ, बलिया आदि जनपदों की सिंचाई के लिए बढ़ा हुआ पर्याप्त पानी मिलेगा। जिससे जनपद के समस्त किसानों को सिंचाई के लिए कुल 1400 क्यूसेक पानी फैजाबाद ब्रांच में चलाया जा रहा है। जिससे समस्त नहरों में पानी उपलब्ध हो सकेगा और निरंतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध रहेगी। जनपद अंबेडकर नगर में नहरों द्वारा सिंचाई का लक्ष्य 38000 हेक्टेयर है। जिससे जनपद के लगभग 52000 किसान लाभान्वित होंगे और टांडा मुख्य नहर, टांडा समांतर नहर, जहांगीरगंज राजवाहा, पौसारा राजवाहा, पिडोरिया राजवाहा, बांदीपुर राजवाहा आदि नहरों में पानी की वांछित मात्रा में उलब्धता बनी रहेगी।

दो पक्ष आपस में भिड़े, आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जमीन में अवैध निर्माण कर रहे लोगों को मना करने पर विपक्षियों ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में मालीपुर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रकरण मालीपुर थाना अंतर्गत आशानंदपुर बरौली गांव का है। जहां की फिरोजा पत्नी सिद्धू ने पुलिस से शिकायत किया है कि बीते शनिवार को गांव के ही सर्वेश मिश्रा, अरबिन्द मिश्रा, पिंटू, पवन, अजय व लल्लन जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। जिस का विरोध किया गया तो उक्त सभी ने गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया तो वह अपने घर में घुस गई। विपक्षियों ने घर में घुसकर उसे लात घूसों व ईंट से मारा। जिससे गम्भीर चोटें आयी और धमकी दिया कि भविष्य में रोकने आओ गी तो जान से मार देंगे। इस मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ घर में घुस कर मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ मालीपुर प्रियंका पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

उद्यम स्थापित कर बेरोजगारी की जा सकती है दूर : सांसद

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में मौजूद लोग।

चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल।

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। आलापुर के नगदहां में स्थित हाल में सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन तहसील प्रशासन द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चित्रकूट के भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल ने व्यपार जगत से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे उद्यम स्थापित कर जहां स्वयं की भी आर्थिक उन्नति की जा सकती है तो वहीं तमाम अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर बेरोजगारी की समस्या भी दूर की जा सकती है। ऐसा कार्य राष्ट्र सेवा में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से अपराधों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगा है। सुरक्षित वातावरण बना और प्रदेश आर्थिक उन्नत के रास्ते पर अग्रसर है प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहे हैं, जिससे लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जहां देश मे भी बड़े पैमाने पर निवेश हो रहे हैं और देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है और उत्तर प्रदेश भी उसमें अहम सहभागी है। सांसद ने लोगों को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हुए विस्तार से उसके फायदे बताए। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी के संबोधन को भी एलसीडी के जरिए देखा गया। कार्यक्रम में निवेशक के तौर पर कोई मौजूद तो नहीं रहा, लेकिन क्षेत्र के पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह, अंजनी कुमार वर्मा, बुद्धिराम यादव, अभिषेक पाण्डेय सहित कई अन्य मौजूद व्यवसायियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कानूनगो दयाशंकर ने किया। एसडीएम सौरभ शुक्ला, नायब तहसीलदार राज कपूर, खंड विकास अधिकारी हौसला प्रसाद, मुन्नीलाल सहित पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, जय राम विमल, भाजपा नेता यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, दिनेश पांडेय, अभिषेक निषाद, सुरेश कनौजिया, दशरथ यादव, आनंद जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जलालपुर में सेरेमनी का आयोजन सिर्फ खानापूर्ति

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। ब्लॉक के डवाकरा हाल में जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन खानापूर्ति के साथ संपन्न हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि ही नहीं पहुंचे, जिसको लेकर काफी चर्चा होती रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह ने कहा कि जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से लोगों और प्रदेश की विकास में लाभकारी सिद्ध होगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके लिए तहसील क्षेत्र के अजमलपुर, नूर कला गांव चिन्हित किया गया है। पूर्व विधायक सुभाष राय ने कहा कि यहां निवेश करने के लिए तमाम लोग आतुर हैं। इस मौके पर लोगों को प्रधानमंत्री संबोधन लाइव भी दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्वर्णिमा मौर्य व पूर्णिमा को प्रमाण पत्र वितरित किया गया और हैदर मेहंदी, राजू, राधा देवी को पथ विक्रेता प्रमाण पत्र दिया गया। लाभार्थी स्वर्णिमा मौर्य और पूर्णिमा ने बताया कि केवल प्रमाण पत्र ही मिला। इसके अलावा अभी तक कोई लाभ नहीं मिला है।

मौजूद लाभार्थी व साथ में एसडीएम सुभाष सिंह व भाजपा नेता सुभाष राय।

सिर्फ दिखावा बनकर रहा कार्यक्रम

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम सिर्फ दिखावा बनकर रह गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद सोनकर ही नहीं पहुंचे। कार्यक्रम मे भाग लेने वालों ने बताया कि हम सबको सिर्फ व्यापारियों का बैठक बता कर बुलाया गया है। इसका क्या उद्देश्य है यह नहीं बताया गया। भीड़ जुटाने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी, तहसील और ब्लॉक के कर्मचारी जुटे रहे।

इन्होंने निकाली भड़ास

वहीं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम किशोर राजभर ने अधिकारियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि इन लोगों द्वारा जो भी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, उस कार्यक्रम में मुझे अवगत नहीं कराया जाता है। इस मौके पर तहसीलदार संतोष कुमार, डियो पंचायत बृजेश तिवारी, भियांव ब्लॉक वीडियो अंजली भारती, केशव श्रीवास्तव, शत्रुघ्न सोनी, विपिन जायसवाल, संदीप गुप्ता, सोनू, रिन्नू गुप्ता, प्रमोद सोनी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

महिलाओं और बालिकाओं को अधिकारों की दी गयी जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। थाना अलीगंज से महिला कांस्टेबल आशा कुमारी, कांस्टेबल अरविंद कुमार पाल और थाना अहरौली से महिला कांस्टेबल नेहा, महिला कांस्टेबल उष्मिता द्वारा और थाना आलापुर से महिला कांस्टेबल पूनम सिंह द्वारा कस्बा रामनगर में व थाना जहांगीरगंज से महिला कांस्टेबल अप्रतिमा सिंह द्वारा व थाना महरुआ से महिला कांस्टेबल सुनीता द्वारा स्थान मंसापुर व थाना इब्राहिमपुर से महिला कांस्टेबल गीतांजलि, महिला कांस्टेबल पूर्णिमा द्वारा स्थान इल्तफातगंज और एनवा में बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर जानकारी दी।

अपर जिला जज ने बंदियों को रिहाई के बारे में किया जागरूक

- जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन
- अपर जिला जज ने कारागार का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम सुलीन सिंह के निर्देश पर सोमवार को जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन और निरीक्षण किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कुमार मौर्य,चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल रमेश राम त्रिपाठी, जिला करागार से गिरिजा शंकर यादव, कारापाल व जिला कारागार के अन्य कर्मचारी और बंदियों ने प्रतिभाग किया।

अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कुमार मौर्य ने जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर बताया कि किशोर न्याय प्रणाली उन बच्चों से संबन्धित है जिन्होंने किसी प्रकार से कानून का उल्लंघन किया है और जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है। बाल अधिनियम 1960 के तहत बच्चों के कारावास को प्रतिबंधित किया और देखभाल, कल्याण, प्रशिक्षण, शिक्षा, रखरखाव, सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करने की बात की गई।

किशोर न्याय अधिनियम 1986 के तहत किशोरों की सुरक्षा के लिए मानक निर्धारित किए गए। शिविर के दौरान अपर जिला जज ने उपस्थित किशोर अपचारियों और बंदियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 25 जनवरी से किशोर अपचारियों को विधिक सेवाएं सहायता प्रदान किए जाने के संबंध में पैन इण्डिया कैम्पेन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। विशेष अभियान के अंतर्गत अब तक जिला कारागार से 18-22 वर्ष की आयु के बन्दियों की सूची मंगा कर उनकी वास्तविक आयु का निर्धारण दस्तावेजों के आधार पर किया गया है। वहीं यदि कोई बंदी वास्तविकता में अपराध किए जाने के समय अल्पवयस्क सिद्ध होता है तो उसके किशोर होने के सम्बन्ध में सम्बन्धित न्यायालय पर प्राथना पत्र दिया जाएगा और उसे विधिक सहायता प्रदान की जाएगी।

बंदियों की समस्याओं का ध्यान रखें अधिकारी

शिविर के उपरान्त अपर जिला जज ने जेल लीगल एंड क्लीनिक का निरीक्षण किया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने बन्दियों को लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया और जेल अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया कि बन्दियों को उनकी रिहाई के अधिकारों के प्रति जागरूक करें और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर उचित उपचार दिलाना सुनिश्चित करें।

जिला कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था का रखें ध्यान

अपर जिला जज ने बंदियों के खान-पान का विशेष ध्यान रखने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों का ध्यान रखने, जिला कारागार परिसर में साफ-सफाई व्यस्था व किसी भी प्रकार की विधिक सहायता प्राप्त करने लिए जिला कारागार में स्थापित जेल लीगल एंड क्लीनिक में नियुक्त जेल पराविधिक स्वयं सेवक और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सहायता प्राप्त किया जा सकता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित किया जाता है कि मै कहकशा बानो पुत्री अब्दुल हफीज सिद्दीकी, निवासी- कहला,मलिहाबाद, मेरे पासपोर्ट जिसका नंबर N2686362 पर त्रुटिवश मेरा नाम KAHKASHAM BANO दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम KAHKASHA BANO है जो कि सभी दस्तावेजों में दर्ज है आज से मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना
सूचित हो कि मैं **श्याम बदन गिरि पुत्र रमाकान्त गिरि, निवासी- ग्राम-परसौनी बुर्जुग, थाना-तराया सुजान, जिला-कुशीनगर,** मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अंकुश गिरि है। परन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश कुनाल व जन्मतिथि- 06.10.2007 दर्ज हो गयी थी। अंकुश गिरि व कुनाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे पुत्र के है यदि भविष्य में नाम व जन्मतिथि के संबंध में कोई बात होती है तो उसके लिए मै पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका सही नाम अंकुश गिरि व सही जन्मतिथि 06.10.2008 अंकित किया जाय।

सूचना
मैं **विरेन्द्र कुमार पुत्र कपिल देव महतो, निवासी- गहरू रोड, स्कूटर इण्डिया गेट नं-2 गौरी, सरोजनी नगर लखनऊ** एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि मैने एक प्लाट क्षे0 822. 800 वर्गफीट स्थित गाटा सं0- 1009अ व 1009 ब ग्राम गहरू परगना बिजनौर, तह0 सरोजरनी नगर लखनऊ को जरिये बैनामा दिनांक 21-10-2009 को सन्दीप कुमार से क्रय किया था जो कि उपनिबन्धक कार्यालय लखनऊ में दिनांक 21-10-2009 को बही सं0 1 जिल्द सं0-5235 प्रष्ठ सं0- 243-280 कमांक 9790 पर दर्ज है। उक्त सम्पत्ति का मूल विक्रय पत्र जो कि मेरे बैग में था वह दिनांक 23.02.2010 को अमौसी के पास कानपुर रोड, लखनऊ में कही बैग गिर जाने के कारण खो गया था जिसकी सूचना मैने दिनांक 28/02/2010 को थाना सरोजनी नगर लखनऊ में दर्ज करायी थी।

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र कवीन्द्र मोहन तिवारी, आर्मी नं.-JC543372F रैंक नायब सूबेदार के सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम राधा कृष्ण पुजारी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम राधा कृष्ण है। अतः मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेखों में भी राधा कृष्ण दर्ज किया जाये। **-राधा कृष्ण, ग्राम-मरसोली, पोस्ट-शिलिंग, जिला-पिथौरागढ़, 262501 उत्तराखण्ड**

सूचना
सूचित हो कि मैं **श्रीमती सीमा पत्नी नन्हेंलाल, निवासी- शहवाजपुर, पो0- परीदपुर कट्टर परगना व तहसील बांगरमऊ, जनपद- उन्नाव,** मेरी पालिसी संख्या- 224457686 दिनांक 28-12-2011ई में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी नन्हें लाल अंकित है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम सीमा पत्नी नन्हें लाल है। शान्ती देवी व सीमा देवी पत्नी नन्हें लाल जोकि एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी पॉलिसी में मेरा नाम संशोधित कर सही नाम सीमा अंकित किया जाय।

सूचना
सूचित हो कि मैं श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्वर्गीय लटूरी लाल के आधार कार्ड में जन्मतिथि 01-01-1966 लिखी है जो की गलत है। मेरी वास्तविक जन्मतिथि 1 जुलाई 1953 दर्ज की जाए जो कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड के मुताबिक सही है। **-श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्व. हवलदार लटूरी लाल, नगला भदई, पोस्ट ईशम पुर, तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज**

जन-जागरूकता कार्यक्रम | विभिन्न विभागों से अब तक कुल 5,198 लोगों को किया गया प्रशिक्षित

आशा बहुओं व पंचायत सहायकों को आपदा प्रबंधन की दी जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल, डिग्री कॉलेज और ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 12 फरवरी से प्रारम्भ हुआ जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 19 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार को प्रेक्षागृह लोहिया भवन में आशा बहू, पंचायत सहायक समेत कुल 950 लोगों को प्रशिक्षित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से अब तक कुल 5,198 लोगों को प्रशिक्षित किया गया।

लोहिया भवन में कार्यक्रम आयोजित कर आपदा प्रबंधन के बारे में किया जागरूक।

मास्टर ट्रेनरों द्वारा आपदा प्रबंधन चक्र, भारत में आपदा प्रबंधन का तंत्र, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, आकाशीय विद्युत, डूबना, अग्निकांड बाढ़ आदि विभिन्न आपदाओं के समय में क्या करें क्या ना करे के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों द्वारा शिक्षकों को सचेत ऐप और दामिनी ऐप के सम्बन्ध में बताया और उनके मोबाइल में इंस्टॉल भी कराया। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इसी तरह से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अपने-अपने स्कूल के बच्चों और आप-पास के लोगों तथा तहसीलों व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कर सभी वर्ग, समुदाय को प्रशिक्षित करते हुए आपदा की स्थिति में बचाव, सुरक्षा आदि उपायों की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए। जिससे की लोग आपदाओं के प्रभावों को समझे और उससे बचने के तरीकों को अपने जीवन में उतार सके और सरकार की योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा तक पहुंचे।

आपदा से बचाव के बारे में किया जागरूक

स्वास्थ्य विभाग के डॉ. सुल्तान अहमद ने आपदा के समय प्रभावित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाता है और सीपीआर आदि के बारे प्रेक्टिकल करके डिमोंस्ट्रेट किया गया। इसके अगले चरण में सचिन शर्मा प्रभारी अधिकारी अग्निशमन द्वारा विभिन्न प्रकार की आग से होने वाली आपदाओं के बारे में और उस पर काबू करने के लिए जागरूक किया।

ये भी रहे मौजूद

उक्त कार्यक्रम में जनपद के आपदा विशेषज्ञ और कार्यक्रम समन्वयक सूर्यभान ने जनपद की प्रमुख आपदा वज्रपात, सर्पदश, बाढ़, भूकंप, शीतलहर और अन्य आपदाओं के बारे में जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा विशेषज्ञ सूर्यभान, मास्टर ट्रेनर राहुल प्रजापति, मास्टर ट्रेनर अनूप मिश्रा, सौरम यादव अनूप वर्मा, आपदा लिपिक अविनाश कुमार वर्मा, सौरभ यादव, ऋषि कपूर आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन आज

गोंडा : सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर एवं बालिका विद्या मंदिर मालवीय नगर में वार्षिक उत्सव का आयोजन मंगलवार को किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य उमाशंकर तिवारी ने देते हुए बताया कि वार्षिक उत्सव के अध्यक्ष श्री गुरु नानक सत्संग सभा गुरुद्वारा के सरदार हरजीत सिंह छाबड़ा रहेंगे। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा तथा मुख्य वक्ता की भूमिका में प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश श्रीराम जी सिंह रहेंगे।

पंडरी कृपाल में आज लगेगा रोजगार मेला

गोंडा : विकास खंड पंडरी कृपाल के परिसर में विशाल रोजगार मेले का आयोजन 20 फरवरी मंगलवार किया जा रहा है। जिसमें कई कम्पनियां रोजगार मुहैया कराने आ रही है। इच्छुक अभ्यर्थी मंगलवार को आवश्यक डाक्यूमेन्ट के साथ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

चोरी की विद्युत मोटर के साथ एक गिरफ्तार

गोंडा : थाना कोतवाली नगर के उप निरीक्षक अमरनाथ फोर्स के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे। सूचना प्राप्त हुई कि निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के पास एक व्यक्ति चोरी की विद्युत मोटरों के साथ खड़ा है और बेचने जा रहा है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँचकर आरोपी शान अली निवासी आईटीआई चौराहा सिविल लाइन नगर कोतवाली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 विद्युत मोटर बरामद किया। बरामद विद्युत मोटर के बारे में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि दोनो मोटरों को आईटीआई बाउन्ड्री के अन्दर से चोरी किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध थाना नगर पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी को लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान के मॉडल किए प्रस्तुत

परसपुर, गोंडा : नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को सीवी रमन विज्ञान क्लब के तत्वावधान में स्कूल स्तरीय विज्ञान क्विज तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थयों ने प्रतिभाग भी किया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों ने स्टाल लगाकर विज्ञान के मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रत्नाकर पाण्डेय, द्वितीय स्थान तृप्ति पाण्डेय तथा विज्ञान प्रदर्शनी में शाहबाज अली प्रथम और शादाब द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अभय प्रताप सिंह समन्वयक, हरि किशोर सिंह प्रधानाध्यापक, साधन मिश्रा, फरहत सिद्दीकी, पंकज चौधरी दुर्गेश समेत एवं विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन का इंस्टॉलेशन शुरू

मार्च से इसी मशीन से तौलकर मिलेगा राशन, स्ट्रांग रूम में रखा गया है 1391 इलेक्ट्रॉनिक कांटा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन के इंस्टालेशन प्रारंभ हो गया है। लिंकवेल कंपनी के कर्मचारी मशीन को इंस्टॉल करने में जुटे हैं। मनकापुर तहसील में प्रतिदिन करीब 50 से अधिक मशीनों को इंस्टॉल किया जा रहा है। मनकापुर तहसील के बाद तरबगंज तहसील की मशीनों को इंस्टॉल किया जाएगा। जिले मे 1391 इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीने आ चुकी है जो वर्तमान में प्रचलित कोटे की सभी दुकानों पर स्थापित होगी। इंस्टालेशन कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद मार्च महीने से इसी मशीन से तौल कर राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न दिया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन के इंस्टॉलेशन का जायजा लेते क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने को सरकार द्वारा कसर नहीं छोड़ रही है। खाद्यान की घटतौली रोकने के लिए अब कोटे की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन स्थापित की जानी है। इसके लिए जिले मे 1391 इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीने आ चुकी है। तहसील स्तर पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में इन मशीनों को रखा गया है। कंपनी के कर्मचारी इन मशीनों को इंस्टॉल करने में जुटे हैं। मनकापुर तहसील से इंस्टॉल की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। इंस्टालेशन पूरा होने के बाद बाट माप विभाग का कार्य शुरू होगा जो सभी मशीनों पर स्टंपिंग करते हुए उन्हें सील करेगा। इसके बाद कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और दुकानों को उचित विक्रेताओं के यहां भेज कर स्थापित कर दिया जाएगा। कोटेदारों पर खाद्यान की घटतौली किए जाने का आरोप था। सरकार ने इसके लिए कोटे की दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन स्थापित करने का निर्णय लिया। इस इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे को ई-पास मशीन से जोड़ दिया जाएगा। जब राशन कार्ड धारक को अपने हिस्से का पूरा खाद्यान्न मिलेगा तभी पर्ची निकलेगी। सभी दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा स्थापित होना है। यह कार्य एक सप्ताह में पूरा हो जाने की उम्मीद है। लिंकवेल कंपनी के डिविजनल मैनेजर मनीष तिवारी ने बताया कि जिले में जितने कोटेदार हैं उतनी संख्या में मशीन आ गई है। मशीनों के स्टॉल का कार्य किया जा रहा है। मनकापुर तहसील में करीब करीब कार्य पूरा भी हो गया है। एक सप्ताह में सभी मशीनों को इंस्टॉल कर लिया जाएगा। इसके बाद बाट माप विभाग कार्य शुरू करेगा। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जिले में अब तक 1391 कांटो की की आपूर्ति हो गई है। जिस कंपनी की मशीन आई है उसके कर्मचारी मशीनों को इंस्टॉल कर रहे हैं। आगामी माह में इलेक्ट्रॉनिक कांटे के माध्यम से ही खाद्यान्न वितरण का आदेश शासन की ओर से है जिसका पालन करने का प्रयास किया जा रहा है।

दहेज हत्या का मुकदमा, फंदे पर लटकता मिला था महिला का शव

परसपुर, गोंडा

अमृत विचार: परसपुर थाना क्षेत्र के पसका टेढ़ई माझा गांव के रहने वाले एक युवक व उसकी मां के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। रविवार को युवक की पत्नी का शव फंदे से लटकता मिला था। मामले में मृतका के भाई ने उसके ससुराल वालों पर दहेज मांगने का आरोप लगाया था।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ियाव निवासी रिंकू यादव ने बताया कि उसवे अपनी बहन नीतू (20) की शादी आठ माह पूर्व जून 2023 मे ग्राम पसका टेढ़ई माझा गांव के अनुज यादव के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद अनुज दहेज में कार की डिमांड कर रहा था। इसे लेकर दोनों में कई बार कहासुनी भी हो चुकी थी। बावजूद इसके कार की मांग लगातार की जा रही थी। जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसने नीतू की हत्या कर उसे फंदे से लटका दिया था। रविवार की सुबह रिश्तेदारों की सूचना पर जब वह अपने बहन के घर पहुँचा तो उसका शव फंदे से लटकता मिला था। किंतु ने दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत दो लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

बारात से लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में गई जान

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: बारात से लौट रहे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई वही दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई, जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

ग्राम गोनवा सुबेदारपुरवा निवासी संदीप वर्मा उर्फ नान बच्चा अपने मामा राम अभिलाष के नाती साधु के लड़के की बारात हारीपुर से तिवारी बाजार गए थे। इनके साथ गोनवा के ही अशोक वर्मा भी साथ में थे। रविवार की रात 11 बजे घर के लिए लौट रहे थे, वह गोंडा लखनऊ मार्ग स्थित हारी पुर महिंद्रा एजेंसी के सामने पहुंचे थे कि तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे डिवाडर पर लगे लोहे के बोर्ड में टकरा गए और गर्दन फंस गई, जिससे संदिप की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हेलमेट लगाए होते तो जान बच सकती थी।

वहीं अशोक गम्भीर घायल हो गए, जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

पुलिया से टकराकर बाइक सवार की मौत:खरगूपुर: छोटा जानवर को बचाने के चक्कर में बाइक सवार सड़क किनारे बनी पुलिया से बढ़ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा है।

गोंडा-लखनऊ मार्ग के भलियनपुरवा में क्षतिग्रस्त कार।

बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के अमीनपुर संचौली गांव निवासी शिवकुमार गुप्ता(28) पुत्र परशुराम रविवार को बलरामपुर में आयोजित अपने एक रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। तिलक का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह रात में अपने घर लौट रहा था।

खरगूपुर-आर्यनगर मार्ग पर आमडोहवा नहर पुल पर खड़े छुट्टा जानवरों को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गयी और वह नहर की पुलिया से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे पहले सीएससी और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया मृतक के सब को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। वही व्यक्ति मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा है।

कार ने बाइक में मारी ठोकर, दो की हालत गंभीर: करनैलगंज, गोंडा: करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के भलियनपुरवा के पास सोमवार की सुबह लखनऊ की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर बाइक मे पीछे से ठोकर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनकी हालत को गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच में जुट गयी है। घायलों की पहचान शेषनाथ (45) पुत्र राम विलाश व गोरखनाथ (40) पुत्र बाबूराम निवासीगण कैसरगंज जिला बहराइच गंभीर रूप में हुई है। एसएसआई राम प्रकाश चंद्र ने बताया कि तहरीर मिलने पर अन्य आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर, हादसों के बाद मौके पर स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल भी रहा।

घर में घुसकर मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

करनैलगंज, गोंडा: अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट करना चार लोगों को भारी पड़ गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना परसपुर क्षेत्र के शाहपुर निवासी अलखराम पासवान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रंजिश को लेकर रविवार को गांव के ही सलीम, सुयैब, कैफ व मोहम्मद सलीम उसके घर में घुस कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे मारने पीटने लगे उसे बचाने दौड़ी उसकी पत्नी सन्नो पासवान की भी विपक्षीगणों ने पिटाई कर दी।

दिव्यांगजनों को बांटे गए उपकरण

विधायक ने कहा-सरकार हर वर्ग की मदद के लिए कटिबद्ध

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: खंड विकास कार्यालय परिसर में जरूरतमंदों को व्हीलचेयर दांत का सेट व चश्मा वितरण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक अजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने कहा कि हर तबके के मदद के लिए सरकार कटिबद्ध है। जनता के लिए जो भी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है उसपर शतप्रतिशत हक उसी जरूरतमंद का है, बीच में किसी भी प्रकार की रुकावट क्षमा योग्य नही है। आवास, पेंशन आदि के लिए किसी को दौड़ाया न जाये हरसंभव मदद कर निदान किया जाय। प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के अगुवाई में सभी क्षेत्रों व देश -प्रदेश का विकास तीव्र गति से हो रहा है। इस दौरान 60 जरूरतमंदों को दांत का सेट, 73 लोगों को चश्मा व 137 व्हीलचेयर वितरित किया गया। इस दौरान बीडीओ जेएन राव, सूरज सिंह, एडीओ पंचायत सुभाष पाण्डेय, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित आदि मौजूद रहे।

दिव्यांग शिविर उपकरण वितरण का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक अजय कुमार।

मजदूरी करने हैदराबाद गए युवक को बंधक बनाने का लगाया आरोप

धानेपुर, गोंडा: ग्राम लालपुर के रहने एक महिला ने क्षेत्र के ही एक व्यक्ति पर उसके बेटे को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि एक व्यक्ति उसके बेटे को मजदूरी दे लिए अपने साथ हैदराबाद ले गया था लेकिन अब वह उसे वापस नहीं आने दे रहा है। पिछले 25 दिन से उसकी बेटे से बात नहीं हुई है। महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर की रहने वाली रामलली ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के रहने वाला एक शख्स उसके बेटे संदीप कुमार यादव को मजदूरी के सिलसिले में हैदराबाद ले गया था।संदीप उसी के यहां मजदूरी करता था। पीड़ित महिला ने बताया कि 24 जनवरी को बेटे संदीप से फोन पर बात हुई तो संदीप ने बताया कि उसके मारपीट की जा रही है। महिला का कहना है कि पिछले 25 दिनों से उसके बेटे का कोई अता-पता नहीं चला रहा है ना ही उसका फोन उठ रहा है। जब विपक्षियों से उसने बेटे के बारे में जानकारी करने की कोशिश की तो उन लोगों ने उसे परिवार समेत जान से मार डालने की धमकी। महिला का कहना है कि विपक्षी उसके बेटे पर 45000 रुपए का बकाया दिखा बंधक बनाए हुए हैं। एसपी ने पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सार-संक्षेप

चार खंड शिक्षा अधिकारियों का तबादला, दो नए मिले

गोंडा कार्यालय : जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात चार खंड शिक्षा अधिकारियों का शासन ने तबादला कर दिया है। उन्हें अलग-अलग जिलों में भेजा गया है। जबकि बहराइच व जौनपुर से दो खंड शिक्षा अधिकारी जिले को मिले हैं। पंडरी कृपाल ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी रहे अजय कुमार त्रिपाठी को अयोध्या, परसपुर की खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा को बाराबंकी, मनकापुर के विशाल यादव को बलिया व लवकुश कुमार को गोंडा से गोरखपुर स्थानांतरित किया गया है। इसी क्रम में बहराइच में कार्यरत महेंद्र कुमार व जौनपुर से शशांक कुमार सिंह को गोंडा भेजा गया है।

मारपीट में चार के खिलाफ केस दर्ज

खरगूपुर : आपसी बातचीत के बाद युवक पर हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के खरगूपुर नगर पंचायत का है। यहां के नमन उर्फ आकाश ओझा ने थाने पर दर्ज कराये गए मुकदमें में कहा है कि वह खरगूपुर नौशहरा मार्ग पर अपने आटा चक्की के पास खड़ा होकर अपने मित्र आकाश तिवारी से बात कर रहा था। इसी बीच अचानक एक कार आई और फिर वापस आकर रुक गई। आरोप है कि कार में सवार अचल नगर के किशन सोनी, कपिल सिंह , अंश श्रीवास्तव व आयुष द्विवेदी ने कहा सुनी के बाद हमला कर घायल कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि उक्त चारों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल को स्थानीय सीएचसी भिजवाया गया है।

मारपीट में टूटा यूवक का दांत, मुकदमा दर्ज

परसपुर : थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी अलखराम पासवान ने बताया कि उसके गांव निवासी सलीम, सुयैब, सलीम रविवार की सुबह उसके घर पर रखी मच्छरदानी तोड़कर नुकसान कर दिया। मना करने पर उसकी पिटाई कर दी। जिससे उसका दांत टूट गया। शोर करने पर पत्नी सन्नो पासवान बचाने आयी तो उसको भी मार-पीट कर घायल कर दिया। जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

सड़क निर्माण कराए जाने की उठाई मांग

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुदगुदियापुर में प्राथमिक विद्यालय से जमुना चौकीदार के घर तक जाने वाली सड़क का निर्माण शुरु कराये जाने की मांग ग्राम प्रधान रामनाथ मौर्य ने मुख्य विकास अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण किए जाने के लिए छह माह पहले ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया था इसके बावजूद आज तक सड़क का निर्माण नही शुरू किया गया है। ऐसी स्थिति में बच्चों-शिक्षकों व अभिभावकों को दिक्कत उठानी पड़ रही है।

हाजी शब्बीर अहमद के निधन पर शोक गोष्ठी का आयोजन

करनैलगंज, गोंडा : साहित्यिक संस्था बज्मे शामे गजल के अध्यक्ष हाजी शब्बीर अहमद शबनम के निधन पर संस्था की विशेष शोक गोष्ठी डॉ0 हबीबुल्लाह की शिफा पाली क्लीनिक पर आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता उनके छोटे भाई पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन ने की। संचालन करते हुए याकूब सिद्दीकी अज्म ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। तिलावते कुरआन से कारी मासूम रजा ने आग़ाज़ किया। सगीर सिद्दीकी व इमरान मसऊदी ने शबनम साहब की हम्द और नात पेश की। महामंत्री मुजीब सिद्दीकी डॉ0 असलम, नियाज़ क़मर, मुबीन मंसूरी, अजय श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी बेतुक व निजामुद्दीन शम्स ने मरहूम को अपनी रचनाओं से खिराजे अकीदत पेश किये। साथ ही हाजी रमजान राईनी, डॉ0 हबीबुल्लाह, मौलाना उवैस कादरी, अवध राज वर्मा, फहीम पप्पू व वसीम अहमद, जियाउल हक़ ने शब्बीर शबनम को भावपूर्ण श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। गोष्ठी में कय्यूम सिद्दीकी, ज़हीर वारसी, हाफिज़ हिसामुद्दीन, साबिर सभासद, इरफान सभासद, अबरार एडवोकेट, अकील कुरैशी, आफताब अहमद, इफ्तिखार अंसारी, सलीम बेदिल, आज़म खाँ, तालिब अंसारी, उवैस राईनी, गणेश पांडेय आदि ने शोक जताया।

ब्लॉक में हुआ किसान मेले का आयोजन

दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा : सोमवार को खंड विकास कार्यालय पर किसान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को कम व्यय में अधिक लाभ कमाने के हुनर सिखाये गए। मेले का शुभारंभ रामजी लाल मोदनवाल, मनमोहन सिंह व बीडीओ जेएन राव ने फीता काटकर किया। इसके बाद सभागार में उपकृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, कृषि रक्षा सम्बंधित सलाह दी। किसानों को आय दुगुना करने के लिए वैज्ञानिक खेती पर बल दिया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी (कृषि) पवन कुमार, बीज गोदाम प्रभारी लवकुश वर्मा, हासिम अली, प्रमोद कुमार, राकेश यादव, पंकज पाठक, बिंदेश्वरी तिवारी, अवधेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

अभ्यर्थियों के हाथ से उतरवाया कलावा

गोंडा कार्यालय: पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान जिले के परीक्षा केंद्र से जांच के पर अभ्यर्थियों के हाथ में पहने गए कलावे को उतरवाने का मामला सामने आया है। कलावा उतारे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सीओ सिटी व कोतवाल को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एसपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले के सर सैय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा केंद्र पर रविवार को पहली पाली की परीक्षा में अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की जा रही थी। जांच करने वाले लोगों ने अभ्यर्थियों के हाथ में पहने गए कलावे को भी काट कर निकलवा दिया। इस दौरान किसी ने कलावा काटकर जमीन पर फेंके जाने का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो को देखने वाले लोगों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। जांच के नाम पर इसे आस्था से खिलवाड़ बताया जा रहा था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह व नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह विद्यालय पहुंचे और मामले की छानबीन की। पुलिस अधीक्षक ने बताया की जांच करने वाले कर्मचारी फूलचंद, कमल व विजय कुमार ने स्वीकार किया कि नासमझी में उनसे यह घटना हुई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पेपर लीक की सूचना पर जताया आक्रोश

इंकलाब फाउंडेशन और छात्र पंचायत ने की कार्रवाई की मांग

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की सूचना पर सोमवार को युवाओं ने आक्रोश जताया है। सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन व छात्र पंचायत ने सोमवार को गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने प्रतियोगी छात्र सालों तक दिन रात कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं उससे बाद पेपर लीक की खबर से उनका मानसिक एवं सामाजिक ह्रास होता है और वह हतोत्साहित होकर या तो गलत कदम उठा लेते हैं या फिर परीक्षा में प्रतिभाग करने से हिचकते हैं। अविनाश ने कहा कि अगर पेपर लीक हुआ है तो इसकी जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने भी दर्जनों युवाओं के हस्ताक्षर वाला पत्र मुख्यमंत्री को भेजकर पेपर लीक के घटना की जांच कराने और दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजन सिंह, मोहित तिवारी, अभय तिवारी, प्रशांत पांडेय, आलोक शुक्ला, राम लौटन वर्मा, अवधेश तिवारी आदि रहे।

गांधी पार्क में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते इंकलाब फाउंडेशन व छात्र पंचायत के लोग। अमृत विचार

धान खरीद धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा-जल्द ही सभी किसानों का भुगतान कर दिया जाएगा, इसी माह के अंत तक होगी धान खरीद

किसानों को अब तक 20218 .37 लाख रुपये का भुगतान

गोंडा कार्यालय: जिन किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रो पर धान बेचा है उनमें से अधिकतम का भुगतान हो गया है। विभाग ने अब तक 20218.37 लाख रुपये का भुगतान किया है जो करीब 96 फ़ीसदी हो रहा है। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है जल्द ही सभी किसानों का भुगतान कर दिया जाएगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद की गति धीमी हो गई है। धान खरीद फरवरी माह के अंत तक ही की जाएगी। केंद्र प्रभारी मिल पर जाकर धान की कुटाई व चावल उतरने की प्रक्रिया में जुट गए हैं। जिले मे धान खरीदने के लिए 6 एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंप गई थी जो लगातार किसानों से धान खरीद कर रही हैं। इन एजेंसी में खाद्य विभाग, पीएसएफ, यूपीपीसीयू , मंडी समिति तथा भारतीय खाद्य निगम हैं। कुल मिलाकर किसान की उपज खरीदने के लिए पूरे जिले में 125 क्रय केंद्र स्थापित हैं। शासन ने इन एजेंसियों को 105000 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य दिया है। अब तक जिले में 96888.685 मीट्रिक टन की खरीद हो पाई है जो लक्ष्य के सापेक्ष करीब 92 फीसदी होता है। शासन का स्पष्ट निर्देश है किसानों को मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिले। जो लक्ष्य मिला है इसको हर हाल में पूरा किया जाए। ताकि अधिक से अधिक किसान मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठा सकें। धान खरीद से जुड़े अफसर के लिए लेवी चावल को भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने की भी चुनौती है। अधिकारी लगातार मिल पर पहुंचकर धान कुटाई का भी जायजा ले रहे हैं। जो रिकवरी चावल की होनी चाहिए उसको भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने के लिए मिलकर्मियों से लगातार संपर्क में है। अब तक भारतीय खाद्य निगम में कुटाई के सापेक्ष 54375. 00 मीट्रिक टन चावल गोदाम में पहुंच चुका है, जो करीब 91 फ़ीसदी होता है। अवशेष चावल की कुटाई व गोदाम में पहुंचने के लिए अफसर लगे हुए हैं। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है जो भी लक्ष्य शासन ने दिया है उसको पूरा किया जाएगा। साथ ही जो किसान अपने उपज को लेकर सरकारी क्रय केंद्र पर आ रहे हैं उनके धान को हर हाल खरीदा जाएगा। क्रय केंद्रो पर धान बेचने को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है।

नवीन गल्ला मंडी में सूने पड़े धान क्रय केंद्र। अमृत विचार

> जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 92 फ़ीसदी से अधिक की खरीदारी हो गई है। जो किसान अपने धान को लेकर सरकारी क्रय केन्द्र पर आ रहे हैं उनका धान खरीदा जा रहा है। धान बेचने को लेकर किसी तरीके की समस्या नहीं है। जो भी किसान अपने उपज को बेचना चाहता है वह सरकारी क्रय केंद्र पर आए। सभी किसानों का ध्यान हर हाल में खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक जितने किसानों ने अपनी उपज केंद्रो पर भेजी है उनमें से 96 फ़ीसदी का भुगतान कर दिया गया है। शेष भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा है। जल्दी उनके खाते में भुगतान पहुंच जाएगा। फिर भी यदि किसी को कोई समस्या है तो उनके कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है।
>
> -प्रज्ञा मिश्रा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी

एक नजर

स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

धानेपुर : धानेपुर के हनुमान नगर स्थित सरस्वती एकाडमी में सोमवार को वार्षिकोत्सव व आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रक्षाराम वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। आये हुए अतिथियों का प्रबंधक बब्लू गुप्ता ने बैज अलंकरण कर व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, दहेज अभिशाप है नाटक, गीत संगीत भजन आदि की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। संचालन नवीन कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान उमापति गुप्ता, शिवशंकर पांडेय सहित बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक शामिल रहे। इस मौके पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई।

इंतजार करती रही दुल्हन, नहीं आई बारात

गांव के ही एक युवक ने दूल्हे को भेज दी दुल्हन की अश्लील फोटो, शादी से इनकार

खरगूपुर, गोंडा

अमृत विचार: खरगूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को शादी की खुशी मायूसी में बदल गयी। वधू पक्ष को लोग रात भर बारात का इंतजार करते रहे लेकिन बाराती नहीं आए। बारात न आने से शादी की रस्म नहीं पूरी हो सकी और सारी व्यवस्था धरी की धरी रह गई। बताया जा रहा है कि गांव के ही एक युवक ने दूल्हे के पास दुल्हन की अश्लील विडियो भेज दी और उसे सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। जिसके बाद दूल्हे ने शादी करने से मना करते हुए बारात लाने से इंकार कर दिया। मामले में दुल्हन के परिजनों ने विडियो भेजने वाले युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रंग में भंग

- मायूसी में बदल गई शादी की खुशियां

खरगूपुर थाना क्षेत्र के रहने वाली एक युवती की रविवार को शादी थी। शादी की तैयारी पूरी हो चुकी थी।घर पर बारात के स्वागत की तैयारी चल रही थी और दुल्हन समेत परिवार व गांव को लोग बारात के आने का इंतजार कर रहे थे लेकिन आधी रात तक बारात नहीं आई। दुल्हन के परिवार वालों ने जब दूल्हे के परिजनों से बात की तो पता चला कि बारात नहीं आ रही है। इसके बाद दुल्हन के परिवार में हड़कंप मच गया। बारात इन आने का कारण पूछा गया तो दूल्हे ने दुल्हन का अश्लील विडियो वायरल होने की जानकारी दी। दूल्हे ने यह भी बताया कि दुल्हन के गांव को ही एक युवक ने उसे यह अश्लील विडियो भेजा है। यह जानकर दुल्हन के परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। वह भागकर विडियो वायरल करने वाले युवक के घर गए तो उसने अपने परिवार वालों के साथ दुल्हन के पिता को मारने के लिए दौड़ा लिया। पीड़ित पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पूरी हो चुकी थी तिलक की रस्म

पीडिता के पिता को मुताबिक उन्होने अपनी बेची ता विवाह इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में तय किया था। शादी से पूर्व तिलक कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका है। तिलक में उसने वर पक्ष को 21 हजार नकद एक अपाची बाइक व अन्य सामान दिया गया था। 18 फरवरी को बारात पहुंचनी थी, लेकिन वर पक्ष बारात लेकर नहीं आया।

धारदार हथियार से युवक पर हमला

परसपुर, गोंडा: धारदार हथियार से हमला कर युवक को घायल कर दिये जाने पर परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गयी है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरईन पुरवा कड़रू निवासी सुनील चौरसिया ने बताया कि उनके गांव निवासी अकिंत चौरसिया सोमवार को समय करीब दिन 11 बजे गाली गुप्ता देते हुए धार दार हथियार से मारने लगे शोर करने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि घायल की सूचना पर अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता को सम्मानित करते अध्यापक। अमृत विचार

विज्ञान प्रदर्शनी में विजेताओं को किया गया सम्मानित

गोंडा कार्यालय : परसपुर नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को सीवी रमन विज्ञान क्लब के तत्वावधान में स्कूल स्तरीय विज्ञान क्विज तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी बच्चों ने स्टाल लगाकर विज्ञान के मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रत्नाकर पाण्डेय, द्वितीय स्थान तृप्ति पाण्डेय तथा विज्ञान प्रदर्शनी में शाहबाज अली प्रथम और शादाब द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभय प्रताप सिंह समन्वयक, हरि किशोर सिंह प्रधानाध्यापक, साधन मिश्रा, फरहत सिद्दीकी, पंकज चौधरी दुर्गेश समेत एवं विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे हैं।

उम्मीदों को लगे पंख, 1890 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास

मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का किया उद्घाटन

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरीमनी में उद्यमियों को संबोधित करते योगेश्वर राम मिश्र। अमृत विचार

प्रमाणपत्र के साथ मौजूद उद्यमी। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिला पंचायत सभागार में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस जीबीसी के माध्यम से 1890 करोड़ रुपये की 78 परियोजनाएं धरातल पर उतारी जायेंगी। इन योजनाओं से रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। उद्योग विभाग की माने तो जिले के करीब 8400 लोगो को रोजगार मिल सकेगा। इस समारोह में जिले के जाने-माने उद्यमी और निवेशक शामिल हुए। लखनऊ में पीएम मोदी ने जैसे ही इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन किया जिला पंचायत सभागार तालियों से गूँज उठा। जिला पंचायत सभागार को लाइव प्रोजेक्टर के माध्यम से राजधानी में हो रहे जीबीसी कार्यक्रम से सीधा जोड़ा गया था। जिला पंचायत सभागार मे अयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग

सेरीमनी की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और भगवान विश्वकर्मा पूजन के साथ की गयी। समारोह में आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, सीडीओ एम अरुन्मौलि, सीएमओ डा रश्मि वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट विजय कुमार, उद्योग उपायुक्त बाबूराम समेत जिला प्रशासन के प्रमुख अफसर मौजूद रहे। भाजपा के जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी और कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह भी समारोह में शामिल हुए। जिले की जिन 78 छोटी बड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ उनमे से सूक्ष्म लघु एवं मध्यम सेक्टर की 35 इकाइयां, पशुपालन सेक्टर से चार इकाइयां, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से आठ इकाइयां, डेरी सेक्टर से पांच इकाइयां, मत्स्य पालन सेक्टर से तीन इकाइयां, चिकित्सा शिक्षा सेक्टर से पांच इकाइयां, सहकारिता के अडानी ग्रुप की एक इकाई, हथकरघा सेक्टर से एक इकाइ, तकनीकी शिक्षा सेक्टर से छह इकाइयां, फॉरेस्ट सेक्टर से चार इकाइयां और अतिरिक्त ऊर्जा सेक्टर से एक इकाई शामिल हैं।

यहां उद्योग विकास के हैं अन्तर्राष्ट्रीय अवसर: आयुक्त

देवी पाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा ने कहा कि यह मंडल भारत को नेपाल से जोड़ता है। लिहाजा व्यापार और उद्योग की दृष्टि से यहां अंतरराष्ट्रीय अवसर है। डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। मंडल मे भी अब सुरक्षा की दृष्टि से तस्वीर बदल चुकी है। इसलिए अब उद्योगपतियों को निवेश मे डर नहीं लगता। सीडीओ एन अरुन्नमौलि ने कहा कि उद्योग जगत मे युवा ही अब ब्रांड एम्बेसेडर है। आज का कार्यक्रम विकास के इंजन को गति प्रदान करेगा। उद्योग उपायुक्त बाबूराम ने कहा कि निवेश का यह महाकुंभ नए भारत का ग्रोथ इंजन है।

प्रोजेक्टर के माध्यम से पीएम के कार्यक्रम से जुड़ा रहा जिला

प्रदेश की राजधानी से जैसे ही पीएम मोदी ने जनपद की 78 निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया जिला पंचायत सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। इसके पहले भी कई बार सामने चल रहे प्रोजेक्टर पर जब जब जिले के विकास में सहायक उद्यमियों का जिक्र होता और विकास के बढ़ते कदम की गाथा सुनाई जाती तब तब लोग तालियां बजाकर स्वागत करते देखे गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उद्यमिता विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के उद्बोधन पर भी लोगों ने तालियां बजाईं।

गोंडा से श्रेया व बहराइच से रमेश को लोकसभा का मिला टिकट

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने सोमवार को देवी पाटन मंडल के दो सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। गोंडा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व पार्टी के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री को उम्मीदवार बनाया है। वही पार्टी के टिकट पर मनकापुर (सु) सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके रमेश गौतम को बहराइच लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। टिकट मिलने के बाद दोनों नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

श्रेया वर्मा। अमृत विचार

रमेश गौतम। अमृत विचार

लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा में समाजवादी पार्टी अन्य पार्टियों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रही है। पार्टी ने सोमवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। इस सूची में गोंडा लोकसभा सीट से श्रेया वर्मा व बहराइच सीट से रमेश गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है। रमेश गौतम इसके पहले सपा के टिकट पर मनकापुर सुरक्षित सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। सपा में आने से पहले वह बहुजन समाज पार्टी में थे और बसपा से वह विधायक भी रह चुके हैं। रमेश गौतम दलित चेहरा माने जाते हैं। पार्टी ने अब उन्हे बहराइच सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। लोकसभा का टिकट मिलने पर रमेश गौतम ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का आभार जताया और कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष की उम्मीद पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। गोंडा लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार बनाई गई श्रेया वर्मा समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री व राकेश वर्मा की बेटी हैं। पिछले दिनों उन्होंने जिले के टाउन हॉल में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी और खुद को गोंडा लोकसभा सीट का संभावित प्रत्याशी बताया था। श्रेया की उम्मीदवारी के दावे ने पार्टी के दिग्गज नेताओं में खलबली मचा दी थी। सोमवार को उनके दावे पर पार्टी प्रमुख ने मोहर लगा दी। टिकट मिलने के बाद श्रेया ने भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि गोंडा सीट से उनके बाबा सांसद रह चुके हैं। पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा पर जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई दी। कहा पूरी पार्टी श्रेया के पक्ष में एकजुट है और पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस फैसले का स्वागत करते हैं।

फहीम समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव बने

गोंडा कार्यालय: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो फ़हद ने फहीम सिद्दीकी को समाजवादी युवजनसभा की राष्ट्रीय कार्यकारणी में राष्ट्रीय_सचिव बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने खुशी का इजहार किया है। नगर पालिका परिषद गोंडा से मोहल्ला रकाबगंज जिगरगंज राधा कुंड से लगातार दूसरी बार सभासद चुने गए फहीम सिद्दीकी कि समाज हर वर्ग के लोगों में काफी लोकप्रिय है उनके मनोनयन पर नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मतीन सिद्दीकी ,सभासद अब्दुल्लाह अंसारी, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद इसराइल, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष अफ़ज़ल खान, आसिफ खान, हंजला खान, हमजा खान, सलमान खान, शाम सिद्दीकी, जावेद अख्तर, मंटू, मेराज, अहमद अली खान, अनूप यादव, जमुना प्रसाद वर्मा, सोहेल खान, हसीब अंसारी, अभिषेक कनौजिया, रामकरन वर्मा, रामदयाल यादव ने खुशी जताई।

सार-संक्षेप

बिल न चुकाने पर 12 उपभोक्ताओं का कटा कनेक्शन

रुपईडीह, गोंडा : बिजली का बकाया न अदा करने के कारण विद्युत उप केंद्र आर्य नगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में गठित बिजली कर्मियों की टीम ने कस्बे में 12 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। टीम में जितेंद्र तिवारी, इंदल प्रसाद शुक्ल, रघुनाथ मिश्र व जावेद शामिल रहे।

नहीं मिला आवास, आवेदक काट रहे चक्कर

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक की ग्राम पंचायत शिवगढ़ में आवास विहीन 60 परिवारों को आवास आज तक नहीं मिला है। इससे वह सभी आये दिन आवास के लिए ब्लॉक व जिला मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं। ग्राम प्रधान रमेश वर्मा ने बताया कि इन सभी आवाज विहीन परिवारों को आवास आवंटित कराए जाने की मांग मुख्य विकास अधिकारी से की गई है।

हरैया में संकुल शिक्षकों की बैठक आज

रुपईडीह, गोंडा : न्याय पंचायत के संकुल शिक्षकों की बैठक कल मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय आझाराम हरैया में आयोजित की जाएगी। न्याय पंचायत के मुख्य शिक्षक संकुल अनिल कुमार चौरसिया ने बताया कि इस बैठक में निपुण भारत अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति पर चर्चा करते हुए सभी को विभागीय आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाएगा। इसके अलावा भाषा व गणित विषय पर आधारित पाठ योजना का प्रस्तुतीकरण शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा किया जाएगा।

नवागत एडीओ पंचायत का किया स्वागत

नवाबगंज, गोंडा : विकास खण्ड नबाबगंज में सोमवार को नवागत एडीओ पंचायत का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। खण्ड सहायक अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने कार्यभार संभाला। स्वागत सम्मान से अभिभूत मनोज कुमार गुप्ता ने कर्मचारियों को साथ लेकर चलने व बेहतर कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने का आवाहन किया। .इस मौके पर राम सजीवन तिवारी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भानु सिंह, बीसी कमलेंद्र पांडेय, सचिव शिवम, पवन गौतम, अमित पटेल, प्रधान शोभाराम,रिशु श्रीवास्तव रवि सिंह, लालजी सिंह दुर्गा गंज प्रधान राधेश्याम यादव, मांझा राठ प्रधान प्रतिनिधि गंगाराम यादव, गौरव सिंह,गोकुला प्रतिनिधि मनीष सिंह, राजाराम यादव, संजय कुमार, पवन कुमार समेत समस्त ग्राम प्रधान व ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

11 दिव्यांगों को दिए गए सहायक उपकरण

धानेपुर : मुजेहना ब्लॉक पर सोमवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की तरफ से शिविर लगाकर दिलंयामगों को सहायक उपकरण बांटे गए। बीडीओ राजेन्द्र व अध्यक्ष प्रधान संघ विनोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप जरुरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किया। बीडीओ ने बताया कि शिविर 11 लोगों को कृत्रिम अंग दिया गया है। इंदौर मध्यप्रदेश की संस्था आराध्या इंटरप्राइजेज का सहायक उपकरण वितरण में सहयोग रहा। इस दौरान एडीओ आईएसबी रिजवानुल हक, विनोद कुमार रहे।

जागा अमला, साफ कराया सेप्टिक टैंक

गोंडा कार्यालय : जिला अस्पताल परिसर मे महीने भर से ओवरफ्लो हो रहे सेप्टिक टैंक से पसरे बदबूदार गंदे पानी की ख़बर प्रकाशित होते ही अमला मानो नींद से जाग गया है। सोमवार को सीवर सक्शन मशीन से सारा पानी खिंचवाया गया और टैंक भी साफ़ कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल तिवारी ने बताया कि परिसर में जमा गंदे पानी से मरीजों और उनके तीमारदारों को दिक्कतें हो रही थीं और प्रदूषण से संक्रमण का खतरा भी था। बताया कि नए सेप्टिक टैंक के निर्माण का प्रस्ताव जल्द करेंगे ताकि स्थायी समाधान हो सके।

रोजगार मेले में प्रमाणपत्र के साथ अभ्यर्थी व अन्य। अमृत विचार

रोजगार मेले में 40 लोगों को दिए नियुक्ति प्रमाणपत्र

इटियाथोक, गोंडा : सोमवार को विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी अभय सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष ज्योति चंद तिवारी मंडल अध्यक्ष भाजपा सत्यव्रत ओझा ने संयुक्त रूप से किया ।इस मेले में चार कंपनियों ने प्रतिभाग किया ।ब्राइट फ्यूचर रूप ऑटोमोबाइल्स, गेट रिसोर्स सर्विस प्राइवेट लिमिटेड,आइसोकी इंडिया लिमिटेड के स्टाल पर 90 बेरोजगारों ने अपना पंजीकरण कराया ।जिसमें से 40 लोगों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।इस अवसर पर कौशल विकास मिशन से प्रबंधक अविनाश प्रताप सिंह दिग्विजय सिंह पटेल जिला कार्यक्रम अधिकारी आदर्श कश्यप शमसुद्दीन राजेश तिवारी अंशु सिंह रामकुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

स्थानांतरित चौकी प्रभारी को दी विदाई

नवाबगंज, गोंडा: नवाबगंज थाना क्षेत्र के सरयू घाट पुलिस चौकी पर तैनात शिवलखन सिंह का तबादला पांच जनवरी को मोतीगंज थाना क्षेत्र के कहोबा चौकी के लिए हो गया था। अयोध्या रामजन्म भूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के कारण रोक दिया गया था। सरयू घाट पुलिस चौकी पर छः महीने तक लगातार तैनात रहे सोमवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी मनोज कुमार राय और समस्त स्टाफ ने फूल मालाओं से स्वागत किया। नवनियुक्त सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी संजीव सिंह को कार्यभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर राधेश्याम यादव, साहेब कुमार, रविन्द्र सिंह, देवेन्द्र प्रताप यादव, जयनाथ यादव व राबिन सिंह रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

गोंडा कार्यालय: मोदी सरकार द्वारा बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खातों को फ्रीज करने के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने आयकर कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि सरकारी मशीनरी का मनमानी ढंग से उपयोग कर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले प्रमुख विपक्षी दल के कामों में बाधा डालना इस मदमस्त सरकार की प्रतिशोध की भावना को प्रदर्शित करता है। प्रदर्शन करने वालों में शिव कुमार दुबे, सगीर खान, विनय प्रकाश त्रिपाठी, अरविंद शुक्ला, अविनाश मिश्रा, जितेन्द्र तिवारी चांद खान, शाहिद अली कुरेशी, शिवेंद्र शर्मा, विजय सोनी, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, अवधेश तिवारी, अब्दुल सलीम, आवेश अहमद, अय्यूब खान, हरीराम वर्मा, राजू सेवादल आदि रहे।

गोंडा के आयकर भवन के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे जिले के कांग्रेसी: भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय से मंगलवार को सुबह आठ बजे बस जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि भारत जोड़ो ने यात्रा 20 फरवरी को लखनऊ पहुंचेगी। जिले के कांग्रेसियों को प्रतिभा करना है।कांग्रेसी जिला कार्यालय पर आएंगे उसके बाद बस के माध्यम से लखनऊ के लिए निकलेंगे।

पीएम मोदी के साथ अडानी-अंबानी को राहुल गांधी ने घेरा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले- किसानों को नहीं दे रहे एमएसपी, अरबपतियों का ऋण माफ

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि जय श्रीराम, जय श्रीराम।

न्याय यात्रा के दौरान सोमवार दोपहर को गौरीगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज निकट टोल प्लाजा के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि पीएम मोदी ने एयरपोर्ट छीन लिया, पब्लिक सेंटर सब छीन लिया, इंफ्रास्ट्रक्चर छीन लिया, आपके स्कूल कॉलेज सब उठाकर लेकर चले गए। अपने राम मंदिर समारोह देखा, देखा न, धूमधाम से हुआ, देखा न, उसमें आपने किसी गरीब को देखा, आपकी राष्ट्रपति हमारी राष्ट्रपति आदिवासी है, उनको अंदर नहीं आने दिया गया, उनका चेहरा देखा आपने, मजदूर को देखा, पिछड़े वर्ग को आपने देखा, नहीं। अडानी देखा, उसके बच्चे देखे, अम्बानी देखा, उसके बच्चे देखे, सारे बिजनेसमैन वाले देखे, नरेंद्र मोदी देखे पर नहीं देखे गए तो गरीब।

बाबूगंज में जनसभा को संबोधित करते मल्लिकार्जुन खड़गे। अमृत विचार

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि किसान दिल्ली जा रहे हैं। आज मैंने फोटो देखी कि किसान पुलिसवालों को खाना खिला रहे हैं और पुलिसवाले किसानों को रोक रहे हैं। किसान क्या मांग रहा है? किसान कह रहा है कि हमें एमएसपी दो। इसमें क्या बड़ी बात है? राहुल गांधी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार किसानों के साथ गलत हो रहा है। देश जानता है कि इस देश में किसानों का क्या महत्व है और खेती कितनी महत्वपूर्ण है। भाजपा वो पार्टी है कि 14 लाख करोड़ रुपये 15-20 अरबपतियों में बांट करके और किसानों को आप एमएसपी नहीं दे सकते।

रायबरेली और अमेठी की उपेक्षा कर रहीं सरकारें : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा में कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें रायबरेली और अमेठी की उपेक्षा कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हजारों करोड़ों की योजनाएं यहां पर आईं, लेकिन ज्यादातर योजनाएं अटकी रहीं। मैं पूछता हूं कि जो योजनाएं यूपीए की सरकार में लाई गई थीं वो आज क्यों बंद हैं ? क्योंकि वे(भाजपा) रायबरेली और अमेठी में काम नहीं करना चाहते हैं। वे दुश्मनी निकालने की साजिश कर रहे हैं। खड़गे ने इसके बाद कहा कि अमेठी की जनता सब देख रही है और मुझे विश्वास है कि आने वाले 2024 में जनता इन्हें जवाब देगी। कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि वो 400 से ज्यादा सीटों के सपने देख रहे हैं, लेकिन जहां तक मुझे समझ आ रहा है उनकी सीटें 100 पार भी चली जाएं तो उन्हें खुश होना चाहिए।

आप लेखपाल हैं, अमेठी के मालिक नहीं

संवाददाता, अमेठी: राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा लेकर अमेठी पहुंचे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी भी अपने संसदीय क्षेत्र में जनसंवाद यात्रा कर रही हैं। सोमवार को टीकरमाफी में लोगों की समस्याओं को सांसद ने सुना।

इस दौरान एक शख्स अपनी जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर उनके पास पहुंचा। उसने सांसद को बताया कि लेखपाल मेरी जमीन पर किसी और को कब्जा दिलवा रहे हैं और मेरे विरोध दर्ज कराने पर कहते हैं, जाओ जहां मन करे शिकायत कर आओ। इस पर सांसद ने लेखपाल को फटकार लगाई, कहा कि आप लेखपाल है, अमेठी के मालिक नहीं।अपने चार दिवसीय भ्रमण पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बाजार में बनाए गए चौपाल स्थल पर 12 बजे पहुंची। गाड़ी से उतरते ही उन्होंने फरियादियों से बातचीत शुरू की। सबसे पहले आवास, उसके बाद चिकित्सा फिर राजस्व विभाग और उसके बाद पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें सुनी। यहां अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतें खूब हुई। लेखपाल और चौकी पुलिस के काम से लोगों में खासी नाराजगी दिखी। बाजार में चौपाल के दौरान अवैध कब्जे की शिकायत पर स्मृति ने खासी सख्ती दिखाई और लेखपाल सुधांशू शुक्ला को कहा कि पुलिस से मिलकर आधे घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटवाएं, वरना मैं उसी जमीन के सामने आकर धरने पर बैठ जाऊंगी।

एक नजर

युवती ने खाया जहर, मौत

बहराइच : दरगाह थाने के कारी बगिया निवासनी 20 वर्षीय सुघरी देवी पत्नी धर्मराज ने सोमवार सुबह जहर खा लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ने पर ससुराल वालों ने उसे शहर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मायके वालों का आरोप है कि उसकी शादी महज डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही उसे कम दहेज का ताना देकर मारपीट कर उत्पीड़न किया जा रहा था।

तीन दिन में बरामद हुईं 23 युवतियां

बहराइच : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गायब या अपहृत हुईं युवतियों के लिए अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीन दिन तक चले विशेष अभियान में 23 युवतियों को बरामद किया गया है।

पति ने पत्नी को नेपाल ले जाकर हत्या कर फूंकी लाश

बहराइच, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर युवक ने रविवार दोपहर बहाने से पत्नी को सरहद पार नेपाल ले गया। मायके वालों का आरोप है कि उसने युवती की हत्या कर शव फूंक साक्ष्य गायब कर दिए। मृतका के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या व साक्ष्य छिपाने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में काफी गंभीरता से तहकीकात कर रही है। रिसिया थाने के शैदा बभनी गांव निवासनी नीतू यादव पुत्री भगत राम यादव का विवाह नवाबगंज थाने के जानकी गांव निवासी श्रवण उर्फ बड़कऊ यादव के साथ 2 वर्ष पूर्व हुआ था। युवती के मायके वालों के अनुसार शादी के बाद से ही कम दहेज बता किसी न किसी बात को लेकर दोनों में अनबन चल रही थी। रविवार दोपहर को युवती के पति ने उसको जानकी गांव से नेपाल ले जाकर हत्या कर शव जला दिया मृतका के पिता भगत राम यादव को जब सूचना पहुंची तो उसने रविवार शाम शाम सात बजे नवाबगंज थाने की संतलिया पुलिस चौकी पर पहुंचकर इसकी सूचना दी। मृतका के पिता ने बताया कि आए दिन नीतू को दहेज उत्पीड़न के लिए दहेज के लिए उत्पी किया जाता था। जिसको लेकर उसकी बेटी को मार कर और बिना मुझे सूचना दिया नेपाल के अंदर ले जाकर जला दिया गया। सोमवार को उसने थाने में भी तहरीर दी कि उसकी पुत्री को जला दिया गया है। पुलिस घटना की जानकारी ले रही है। निरीक्षक अपराध चंद्रेश कुमार ने बताया मृतका के पिता की तहरीर पर पति श्रवण कुमार उर्फ बड़कऊ व नन्द मोहना के ऊपर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

ग्रामीणों को बेहतर सुरक्षा देती है एसएसबी

मिहींपुरवा, बहराइच

अमृत विचार : भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 59 वी वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिहींपुरवा तहसील के मटेहीकला उच्च प्राथमिक विद्यालय में सीमावर्ती क्षेत्र के के लोगों के लिए निशुल्क मानव तथा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में का शुभारंभ एसएसबी 59 वी वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद्र व जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल का मुख्य उद्देश्य सेवा, सुरक्षा और बन्धुत्व है। 59वी वाहिनी सरकार के आत्मनिर्भर भारत योजना अन्तर्गत नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती क्षेत्र के 50 ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण सर्टिफिकेट व सीमावर्ती क्षेत्र के 72 युवाओं को निःशुल्क खेल सामग्री बाटी गयी। कार्यक्रम के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय मटेहीकला, एलडीआरडी इंटर कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। मानव चिकित्सा व पशु चिकित्सा शिविर मे डा. आकिब अजाज द्वारा 37 पुरुष, 71 महिला व 45 बच्चे तथा पशु चिकित्सक डा. जय प्रकाश वर्मा द्वारा 65 ग्रामीणों के 286 पशुओं की चिकित्सीय जांच व निःशुल्क दवा वितरित किया गया। शिविर आयोजन के तहत सीमावर्ती गांव घुमनाभारू, कौवाभारी, मुर्तिहा वं सालारपुर के ग्रामीण भी लाभान्वित रहे। इस अवसर पर उप कमांडेंट हिमांशु दुबे, निरीक्षक मदन लाल, निरीक्षक सुग्रीव प्रसाद, निरीक्षक प्रदीप घोष, देहात संस्था की निर्मल साहू, नेपाल एनजीओ की विमला नेपाली, तारा देवी, नेपाल पुलिस इंस्पेक्टर रमेश केसी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक व सीमावर्ती गांवों के युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एसएसबी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

16 सक्रिय अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

बहराइच : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, एक विशेष अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न थानों के सक्रिय 16 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट(HS) खोली गई। सम्बंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटर की जीपीएस लोकेशन के साथ निरंतर निगरानी करते हुए, अपराध नियंत्रण के लिए नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें। ताकि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनमानस में सुरक्षा का अहसास हो और पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो तथा थाना क्षेत्र का कोई भी हिस्ट्रीशीटर चुनावी प्रक्रिया में कोई व्यवधान उत्पन्न न कर सके।

114 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा शामिल होंगे 65 हजार छात्र

हाईस्कूल में 37404 और इंटर में 27652 परीक्षार्थी होंगे शामिल

बहराइच

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा को शुचिता पूर्ण वातावरण में नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिले में 114 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर 65 हजार से अधिक छात्र और छात्राएं परीक्षा देंगे।

जिले में 22 फरवरी से 09 मार्च तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षा वर्ष में 21415 बालक व 15989 बालिका कुल 37404 परीक्षार्थी हाईस्कूल तथा 16546 बालक व 11106 बालिका कुल 27652 परीक्षार्थी इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने बताया कि 114 परीक्षा केन्द्रों को तहसीलवार 06 ज़ोन व 24 सेक्टर में विभाजित कर प्रत्येक के लिए ज़ोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने हेतु प्राचार्य डायट, बीएसए, डीआईओएस तथा 03 राजकीय प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में कुल 06 सचल दल का गठन किया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच को संकलन केन्द्र तथा श्री शिव शंकर इण्टर कालेज नानपारा को उप संकलन केन्द्र बनाया गया है। प्रश्नपत्र वितरण हेतु तहसीलदार सदर को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जबकि उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण के लिए प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज बहराइच व भग्गड़वा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीआईओएस के मुताबिक केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया है कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कवरेज निरन्तर कियाशील रखा जाय। सीसीटीवी कैमरा बन्द होने को जानबूझकर बन्द किया गया मानते हुए कार्यवाही की जायेगी। स्ट्रांग रूम के दरवाजे की चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट की अभिरक्षा में सुरक्षित रखी जायेगी। स्ट्रांग रूम को प्रत्येक बार खोलने एवं लॉक/सील किये जाने का विवरण केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्रव्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से "लाग बुक" प्रविष्ट किया जायेगा। स्ट्रांग रूम में रखी डबल लॉक आलमारी की एक चाभी केन्द्रव्यवस्थापक तथा दूसरे लॉक की एक चाभी वाह्य केन्द्रव्यवस्थापक तथा दूसरी चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास सुरक्षित रखी जायेगी। इस दौरान अन्य लोग मौजूद रहे।

नगर पंचायत के व्यापारियों का हुआ सम्मान

व्यापारियों को सम्मानित करते एसडीएम। अमृत विचार

मिहींपुरवा, बहराइच

अमृत विचार : तहसील सभागार में सोमवार को एसडीएम ने नगर पंचायत के व्यापारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सरकार के सहयोग में योगदान की बात कही। तहसील में आयोजित कार्यक्रम में मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के अनमोल एजूकेशन वेलफेयर सोसायटी के मो.सलीम, धमेजा ब्रिक फील्ड के सधीर कुमार सिंह, भिऊरा फार्मस प्रालि के महिपत शाही, दीप शुगर इंडस्ट्रीज के कृष्ण मोहन गोयल, श्याम करन रस्तोगी एण्ड कम्पनी के शान्तनु रस्तोगी आदि को उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार, बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल व भाजपा नेता योगेश प्रताप सिंह द्वारा शाल प्रशस्ति पत्र व चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वीर चन्द वर्मा सतीश पोरवाल व्यापार मंडल मिहीपुरवा के अध्यक्ष अतुल चौधरी महामंत्री विजय पोरवाल, राजकुमार वर्मा समेत भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

सड़क हादसों में दो की मौत चार लोग घायल

बहराइच, अमृत विचार : जिले के विभिन्न क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कैसरगंज थाने के गोड़हिया नम्बर तीन निवासी 45 वर्षीय नागेंद्र कुमार पुत्र शंकर अपने साथी कड़सर बिटोरा निवासी 60 वर्षीय चंद्रवीर पुत्र कामता रविवार रात बलरामपुर से बाइक से जयगुरूदेव सत्संग मे शामिल होकर अपने गांव आ रहे थे। जैसे ही बाइक कैसरगंज थाने के बहराइच लखनऊ हाईवे के बरखुरद्वारापुर पहुंची। किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद नागेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। श्रावस्ती जिले के सोनवां थाने के शिवालापुरवा निवासी 28 वर्षीय वीरेन्द्र कुमार पुत्र जमुना प्रसाद गौश्रालय में नौकरी करते थे। वह रविवार रात साईकिल से घर आ रहे थे। रास्ते मे किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वह घायल हो गए।

छोटी-छोटी बातों में बंट गया संसार...

बहराइच, अमृत विचार : शहर में सोमवार को लायंस क्लब के द्वारा बालिकाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद छात्राओं के साथ अन्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। समाजशास्त्र विभाग की ओर से संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय में लायंस क्लब टीम सोमवार को पहुंची। क्लब की अध्यक्ष संध्या गोयल के द्वारा श्रमिकों की बेटियों के लिए दो बैटरी और एक इनवर्टर दिया गया। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में बाल मजदूरी, एसिड अटैक, मिक्सिंग सॉन्ग और कक्षा 5 के बच्चों के द्वारा एक बता दो दो बटे चार, छोटी छोटी छोटी बातों में बट गया संसार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्राओं की ओर से आयोजित कार्यक्रम को लोगों ने सराहा। इसके बाद छात्राओं को पाठ्य और खाद्य सामग्री दिया। इस अवसर पर लायंस क्लब की अध्यक्ष संध्या गोयल, सचिव रुचि पांडे, कोषाध्यक्ष चरणजीत कोर, नीलू गुप्ता, रुचि पांडे, पूनम गोयल, अंजलि मल्होत्रा, रेनू आदि सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि बच्चों की मदद सभी मिलकर करें। इस दौरान श्रद्धा रैकवार, निधि मिश्रा, रूमन देवी, अंकित कुमार, संजीव कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

वर्ग पहेली-348

बाएं से दाएं

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

ऊपर से नीचे

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।



वर्ग पहेली - 347 का हल

1 कँ	ग	ला	■	2 अ	■
टि	■	■	■	व	■
या	■	3 की	■	स	■
■	4 फ	ट	का	र	ना
■	■	ना	■	वा	■
5 सु	दे	श	■	दि	■
धि	■	6 क	र	ता	ल

मिलेट्स पुनरोद्धार के तहत आगामी दिनों जनपद में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

श्रावस्ती, अमृत विचार: उप निदेशक कृषि कमल कटियार ने बताया है कि मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देशानुसार आगामी दिनों जनपद में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 20 फरवरी, 2024 को कस्बा इकौना में प्रातः 9:30 बजे एक रोड शो तहसील से प्रारम्भ होकर मोहिनीपुर चैराहे तक जाएगा। इस रोड शो में कृषि विभाग के कार्मिक अपनी मोटर साइकिल से, एफ. पी. ओ. के सदस्य अपने ट्रैक्टरों से एवं सामान्य किसान विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गये ई-रिक्शा में बैठकर प्रतिभाग करेंगे। जिसका नेतृत्व विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय करेंगे। । इसके अलावा 21 फरवरी 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में एफ.पी. ओ. के लिए लाभकारी योजनाओं की जानकारी के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित किया गया है। 22 फरवरी 2024 को विकास भवन परिसर स्थित डी.पी.आर सी. भवन में मिलेट्स की एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जानकारी, भ्रमण कार्यक्रम के अनुभव, सफलता की कहानी का प्रस्तुतिकरण, श्री अन्न पर नए गीत का विमोचन और मिलेट्स के व्यंजनों का वितरण किया जायेगा। दिनांक 23/02/2024 को डी.पी.आर सी. भवन में मिलेट्स की रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन

श्रावस्ती

अमृत विचार : प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उपस्थिति में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ से प्रदेश में स्थापित औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारम्भ किया गया। 19 से 21 फरवरी, 2024 तक चलने वाले इस मेगा इवेंट के तहत जनपद में 832 करोड रुपये की लागत से कुल 38 औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में द्वीप प्रज्वालित कर किया गया। इससे जिले के लगभग 3905 लोगों को रोजगार सृजन हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी वर्चुअल माध्यम से देखा व सुना गया। इस दौरान विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत दर्जी ट्रेड के 05 लाभार्थियों को सिलाई मशीन किट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्यमी एवं निर्यातकों के लिए उत्पादन योजनाओं सहित अनेक प्रकार की निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं चलायी जा रही है। इसका सीधा फायदा उद्यमियों को मिलने से निवेश को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

सुडोकू-65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	5					8		2
		6			4			
	8					7	6	
	4		1		5			8
		3				9		
8			6		2		4	
	6	8					9	3
			7			2		
2		9					7	5

सुडोकू - 64 का हल

1	6	3	2	8	5	7	9	4
4	8	2	6	7	9	3	5	1
5	7	9	1	4	3	6	2	8
2	1	5	4	3	6	9	8	7
9	4	7	8	5	1	2	6	3
8	3	6	7	9	2	1	4	5
3	5	1	9	2	4	8	7	6
7	2	4	3	6	8	5	1	9
6	9	8	5	1	7	4	3	2

पीड़ित महिलाओं को दिलाएं योजनाओं का लाभ

वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते सचिव।

बहराइच, अमृत विचार: शहर के गेंद घर में संचालित वन स्टाफ सेंटर का सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कहा कि पीड़ित महिलाओं की देखरेख करने के साथ उन्हें सरकार की योजनाओं का भी लाभ दिलाएं। दरगाह थाना क्षेत्र के गेंद घर में महिला कल्याण विभाग द्वारा वन स्टाप सेंटर का संचालन होता है। सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न मामलों में पीड़ित बालिकाओं से वार्ता कर उनका हाल जाना। सचिव ने कहा कि पीड़ित महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें। जिससे कि दुष्कर्म और अन्य समस्या से पीड़ित महिला वर्ग को राहत मिल सके। इस दौरान अन्य लोग मौजूद रहे।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09.55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 12.13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

वृष — आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मिथुन — आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

कर्क — आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

सिंह — आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

कन्या — आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

तुला — आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

धनु — आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

कुंभ — आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

मीन — आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.00
- कर्तव्य — रात : 07.00

SONY MAX
- कोई जाने ना — सुबह : 09.00
- नहले पे दहला — रात : 09.00

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 10.17
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बादल — सुबह : 10.30
- लव शुदा — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- तो बात पक्की — सुबह : 11.04
- हीरोज — रात : 09.48

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

एक नजर

आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच : उप खण्ड अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, सिविल लाइन से पोषित 11 केवी फीडरों पर नये फीडर की स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। जिसके कारण 33/11 केवी सिविल लाइन उपकेन्द्र के समस्त फीडर प्रात: 10 बजे से अपरान्हन 05 .00 बजे तक बन्द रहेंगे। इस दौरान पंचवटी, माधवरेती, वीआईपी, फायर स्टेशन, नवोदय, दिवानी कचेहरी, टेलीफोन एक्सचेंज इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

29 फरवरी को होगी दिशा की बैठक

बहराइच : जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 29 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से विकास भवन सभागार में सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक होगी। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एजेण्डा बिन्दु के अनुसार अपने विभाग से सम्बन्धित भारत सरकार के विकास कार्यक्रमों की माह जनवरी 2024 तक की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति सूचना जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय, बहराइच को 21 फरवरी तक उपलब्ध कराने के साथ-साथ वांछित सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

शांतिभंग में 6 अभियुक्त गिरफ्तार

पयागपुर, बहराइच : क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा व उनके सहयोगियों द्वारा जैसौरा ग्राम मे दो पक्षों में आपस मे जमीनी विवाद व पैसे के लेन-देन को लेकर व ग्राम झाला राजापुर मे जमीनी विवाद को लेकर विवाद कर आमदा फौजदारी होने लगे पर दोनो पक्षों को शान्ति भंग की आशंका के दृष्टिगत माता प्रसाद पुत्र मुन्ना लाल, सूर्य प्रकाश पुत्र राजेश, मुरली मनोहर पुत्र कैलाशनाथ, रवि पुत्र मुरली मनोहर, रामशंकर पुत्र रामदुलारे और अवधेश पुत्र ओंकार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश होने को रवाना किया गया।

मारपीट मामले में 4 पर केस

बहराइच : हरदी थाने में मारपीट मामले में चार को नामजद कर केस दर्ज कराया गया है। हरदी थाने के पचदेवरी गांव मे 15 फरवरी को हमलावरों ने राम नरेश व उसके दो अन्य भाईयो को मारपीट कर घायल कर दिया था। इस मामले में राम नरेश की तहरीर पर रामनिवास, हंसराज, कन्हैया लाल धर्मू को नामजद कर प्राण घातक चोट, मारपीट, धमकी व गाली गलौज की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

परीक्षा केंद्रों तक पहुंचीं सील उत्तर पुस्तिकाएं

बहराइच कार्यालय

बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक करतीं डीएम और मौजूद केंद्र व्यवस्थापक। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले में 22 फरवरी से 9 मार्च तक होने वाली माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित परीक्षा-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से महाराजा सुहेलदेव स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। डीआईओएस ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों तक उत्तर पुस्तिकाएं जा रही हैं। कुछ जगह पहुंच चुकी हैं।

बैठक में बोर्ड परीक्षा को लेकर परीक्षा के लिए नामित केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, ज़ोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि जिला प्रशासन नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के लिए कटिबद्ध है। परीक्षा के दौरान परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वाले किसी भी कृत्य को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखा जाए किसी भी केन्द्र संचालन के लिए आवश्यक सहायक उपकरणों की कमी नहीं होनी चाहिए। केन्द्र व्यवस्थापकों को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के बैठने, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश, शौचालय इत्यादि का माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित कराएं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर यदि बाउण्ड्रीवाल, खिड़की, दरवाज़े इत्यादि टूटे-फूटे हों तो उनकी मरम्मत अवश्यक करा लें। पुलिस अधीक्षक ने बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आस-पास शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा एवं प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाये रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा के संचालन के लिए परिषद द्वारा उपलब्ध करायी गयी निर्देश पुस्तिका समस्त केन्द्र व्यवस्थापकों को उपलब्ध करा दी गयी है। सभी केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में सादी उत्तर पुस्तिकाओं एवं प्रश्नपत्रों के सील बण्डल उपलब्ध कराने का कार्य 20 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। परीक्षा समापित के उपरान्त प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली के सील पैकेट संकलन केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच एवं उप संकलन केन्द्र श्री शंकर इण्टर कालेज नानपारा को समयानुसार उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर सामूहिक नकल रोकने के साथ-साथ केन्द्र पर रखे प्रश्नपत्रों के लिफाफे की गोपनीयता स्थिर रखने के लिए परीक्षा अवधि में केन्द्र पर आकस्मिक जॉच के भी प्रबन्ध किये गये हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी लाइन हीरा लाल कनौजिया, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व केन्द्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

नौकरी दिलाने के नाम पर वसूले एक लाख, केस दर्ज

जरवल, बहराइच

अमृत विचार : लखनऊ में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये वसूल लिए। पीडित को जब नौकरी नही मिली तो पैसा वापस मांगने लगा। पैसा न देने पर पीडित ने सीओ कैसरगंज को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। सीओ के आदेश पर कैसरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैसरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम नौगंइयां निवासी सुनील कुमार गुप्ता ने क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रुपेन्द्र कुमार गौड को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका लड़का शिक्षित बेरोजगार है। उसे रमेश यादव ने बताया कि उसकी ट्रामा सेन्टर में काफी जान पहचान है और लखनऊ में कई लोगों की नौकरी लगवा चुके है। इनकी बातों पर विश्वास करके 26 दिसम्बर 22 को 50 हजार रुपये खाते पर और 10 जनवरी 23 को 50 हजार रुपये नगद दे दिया। काफी समय बीत जाने के बाद काम न होने पर जब पैसा वापस मांगा, तो वह हीला हवाली करता रहा। पैसा मांगने पर न देने और आमादा फौजदारी होकर गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजनाथ सिंह ने बताया कि सीओ के आदेश पर रमेश यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी ग्राम चन्दीपुर, बिराहिमपुर बेल्हौरा के विरुद्ध धारा 406,504 का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हुआ 2548.74 करोड़ का निवेश

जिले में 135 उद्यमियों ने किया इकाई का शिलान्यास

संवाददाता, बहराइच

कलेक्ट्रेट में सम्मानित हुए उद्यमी और मौजूद डीएम। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले में स्थित तहसील और जिला मुख्यालय पर सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी चार का आयोजन हुआ। जिसमें 135 निवेशकों ने अपने उद्यम का शिलान्यास किया। 10 करोड़ से ऊपर के उद्यमी लखनऊ निवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

शहर के कलेक्ट्रेट में सोमवार को जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव कार्यक्रम को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए निवेश को बढ़ावा देने पर बल दिया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद में कुल 135 निवेश आए। 75 निवेशकों को जिले में उद्यम के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। 2548.74 करोड़ रूपये का निवेश पूरे जनपद में आया है। यह सभी उद्यमी अपना निवेश व्यापार कार्यक्रम शुरू कर सकते हैं। डीएम ने बताया कि व्यापारियों को बेहतर निवेश और व्यापार के लिए सभी मदद की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे जिले में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सभी तहसील पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आए निवेश प्रस्ताव को जमीन पर उतरने की तैयारी की जा रहीं हैं। मिहींपुरवा तहसील में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का सजीव प्रसारण के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा इन्वेस्टरों को सम्मानित किया गया। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में पांच इन्वेस्टर ने निवेश किया है। इनमें इन्वेस्टर अनमोल एजूकेशन वेलफेयर सोसायटी के मो.सलीम, धमेजा ब्रिक फील्ड के सुधीर कुमार सिंह, भिऊरा फार्मस प्रा लि.के महिपत शाही, दीप शुगर इंडस्ट्रीज के कृष्ण मोहन गोयल, श्याम करन रस्तोगी एण्ड कम्पनी के शान्तनु रस्तोगी को बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल व भाजपा नेता योगेश प्रताप सिंह द्वारा शाल प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वीर चन्द वर्मा, मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, सतीश पोरवाल, व्यापार मंडल मिहीपुरवा के अध्यक्ष अतुल चौधरी, महामंत्री विजय पोरवाल, राजकुमार वर्मा समेत भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

50 उद्यमी लखनऊ में हुए शामिल

लखनऊ में आयोजित जीबीसी कार्यक्रम में जिले के 50 उद्यमी शामिल हुए। उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि 10 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले व्यापारी लखनऊ में शामिल हुए। जबकि इससे कम का निवेश जिले में ही हुआ है। सभी को डीएम द्वारा निवेश का पत्र भी दिया गया।

हो गया शिलान्यास कार्यक्रम

उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि जिन व्यापारियों के पास जमीन है। उनका शिलान्यास भी सोमवार को हो गया है। वह अपनी इकाई लगाकर अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं।

आज तीन ब्लॉकों में आयोजित होगा महिला नसबंदी दिवस

बहराइच, अमृत विचार : परिवार पूरा हो गया है और बच्चे नहीं चाहिए ऐसे दंपति के लिए आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल, चित्तौरा व शिवपुर में महिला नसबंदी दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ सर्जन द्वारा नसबंदी की सेवाएं दी जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी परिवार नियोजन का एक स्थायी, सुरक्षित व प्रभावी तरीका है। इसे ऐसे दंपति को अपनाना चाहिए जिन्हें अब और बच्चे नहीं चाहिए। उन्होंने बताया इस वित्तीय वर्ष में अब तक 4426 महिलाओं को व 60 पुरुषों को नसबंदी की सेवाएँ दी चुकी हैं। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ यूपी टीएसयू ने बताया कि महिला शादी शुदा हो और उसकी आयु 22 वर्ष से 49 वर्ष के बीच हो और कम से कम एक बच्चा जिसकी उम्र एक वर्ष या इससे अधिक हो साथ ही पति की पूर्व में नसबंदी न हुई हो और महिला मानसिक रूप से स्वस्थ हो तो वह नसबंदी करवा सकती है।

225 बेरोजगारों को मिला रोजगार प्रमाण पत्र

रोजगार मेले में रोजगार पत्र के साथ मौजूद अभ्यर्थी। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार : ब्लॉक मुख्यालय परिसर में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। रोजगार मेले में 225 बेरोजगारों को रोजगार पत्र बांटा गया।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं जिला सेवायोजन जनपद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड कैसरगंज में रोजगार मेला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि संदीप सिंह ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज और विशिष्ट अथिति विकास खण्ड अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डे और आईटीआई कैसरगंज के कार्यदेशक रामतेज रहे। अधिकारियों ने रोजगार मेला में चयनित हुए युवक/ युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विकास खण्ड कैसरगंज में आयोजित रोजगार मेला में कुल 13 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 225 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। जिसमें से 161 बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार प्रदान आकिया गया। इस कार्यक्रम में राहुल बाजपेई, भानु प्रताप, प्रवीण कुमार, सौरभ शुक्ला, ख्वाजा आमिर अहमद, निरंजन लाल आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

कक्षा दो की छात्रा के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

नानपारा, बहराइच

अमृत विचार : मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्राथमिक विद्यालय की छात्रा को नाबालिग ने घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने नाबालिग के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जबकि छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मटेरा थाना क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इसका मुख्य कारण पुलिस की शिथिलता है। तो कहीं केस ही दर्ज नहीं होता है। इसको लेकर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सोमवार को मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका को गांव निवासी 14 वर्षीय नाबालिग अपने घर बुला कर ले गया। नाबालिग ने बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद धमकी देते हुए घर से फरार हो गया। बालिका ने घर पहुंच कर आपबीती बताई। जिस पर माता पिता ने थाने पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच की। सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि नाबालिग के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। बालिका को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पिता के मुताबिक बालिका गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो की छात्रा है।

सार-संक्षेप

मुरादाबाद ने गोरखपुर की टीम को किया पराजित

क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी करता खिलाड़ी।

बहराइच, अमृत विचार : अंडर-19 देवीपाटन चैलेंज कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को पांचवे दिन डीएसए मुरादाबाद एवं एमसीए गोरखपुर के बीच मुकाबला हुआ। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीतकर गोरखपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर गोरखपुर टीम 131 रन बना पाई। गोरखपुर की तरफ से आकाश ने 31 रन एंव रिषभ ने 23 रनों का योगदान दिया। मुरादाबाद की तरफ से आकाश ने 03, तुषार एवं आकाश ने 2-2 विकट लिए। 131 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए मुरादाबाद की टीम ने 21 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 135 रन बना कर 8 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। मुरादाबाद टीम की तरफ से मनी चौधरी ने नाबाद 69 रन एवं उस्मान ने 34 रनों का योगदान दिया। गोरखपुर की तरफ से शहंशाह एवं रिषभ ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच मनी चौधरी को चुना गया। आज के मैच में निर्णायक की भूमिका मनीष बंसल एवं नीरज शुक्ला ने की। आशुतोष बाजपेई स्कोरर रहे। व मैच का आंखों देखा हाल गोविंद चौहान ने सुनाया। इस अवसर पर इशरत महमूद खान, चांद क्रिकेटर, हरेंद्र वेदवान, रेहान, अटल सिंह, आयुष चित्रांश अभिषेक शुक्ला, मनीष सिंह गौतम तरफदार, कुशमेंन्द्र सिंह एवं अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। मंगलवार को मुकाबला बहराइच ब्लू एवं मुरादाबाद के बीच इंदिरा स्टेडियम में खेला जाएगा।

गन्ने के साथ सह फसली की बोआई के टिप्स जानेंगे किसान

शाहजहांपुर रवाना किसानों का दल। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : जिले के 50 किसानों का दल सोमवार को शाहजहांपुर में भ्रमण के लिए रवाना हुआ। किसानों का दल यहां पर उन्नति तकनीकी के गन्ना फसल की बोआई और कीट प्रबंधन की जानकारी हासिल करेंगे। गन्ने की उन्नतिशील खेती की आधुनिक तकनीक के प्रशिक्षण एवं गन्ना शोध परिषद शाहजहाँपुर भ्रमण के लिए जनपद के गन्ना विकास परिषद चिलवरिया क्षेत्र से 50 कृषकों का दल रवाना हुआ। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के तत्वाधान में शाहजहाँपुर जाने वाला कृषक दल शोध परिषद के वैज्ञानिकों द्वारा गन्ना उत्पादन से सम्बन्धित विभिन्न आधुनिक तकनीक गन्ने की बुआई विधियां, खाद एवं बीज का चयन, रोग कीट प्रबन्धन, मृदा एवं बीज उपचार, गन्ने की पेड़ी का प्रबन्धन, गन्ने की खेती में सहफसल का चुनाव एवं प्रबन्धन, ड्रिप सिंचाई आदि से सम्बन्धित तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाएगी। भ्रमण पर गये कृषक विधि विशेषज्ञों के साथ शोध परिषद के फार्म का भ्रमण कर वैज्ञानिक विधि से उगायी गयी गन्ने की फसल का अवलोकन भी करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला ने बताया कि शीघ्र की जनपद की अन्य गन्ना विकास परिषदों से भी कृषकों के दल को प्रशिक्षण के लिए गन्ना शोध परिषद शाहजहाँपुर भेजा जाना प्रस्तावित है।

गायत्री महायज्ञ में गईं एक लाख आहुतियां

गायत्री महायज्ञ में हवन पूजन करते विद्यालय के प्रबंधक व मौजूद छात्र-छात्राएं।

बहराइच, अमृत विचार : लखनऊ मार्ग स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में 10 फरवरी से चल रहे गायत्री महायज्ञ का सोमवार को आहुतियां के साथ समापन हो गया। भंडारा कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया। शहर के लखनऊ रोड स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल टिकोरा मोड़ में स्थित यज्ञशाला में 10 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित गायत्री महायज्ञ मे लगभग एक लाख आहुतियां यज्ञ भगवान को समर्पित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रांत कार्याध्यक्ष आदरणीय राजदेव सिंह जी के द्वारा पूर्णाहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गयाजिसमें गुरुकुल पब्लिक स्कूल के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसिद्ध व्यवसायी राकेश अग्रवाल पवन गोयल अंकित आशुतोष सिंह सीमा जागरण मंच के प्रांत अध्यक्ष नूतन माहेश्वरी जी विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिलाव्यवस्था प्रमुख श्री सुरेंद्र सिंह एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने तथा स्कूल के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रील बनाते समय घायल हुए किशोर की मौत

परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह।

बहराइच, अमृत विचार : नानपारा बाईपास मार्ग पर रविवार को रील बनाते समय कार पलट गई थी। जिसमें चार किशोर घायल हुए थे। एक किशोर को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया था। जहां उसकी इलाज़ के दौरान मौत हो गई। कोतवाली नगर के काजीपुरा मोहल्ले के किशोर फहाद पुत्र आफताब अहमद, अयान पुत्र सईद, कासिफ पुत्र रशीद अहमद, रूसाद पुत्र आफताब रविवार को दोपहर तीन बजे सैर सपाटे को कार से निकले थे। इसके बाद सभी नानपारा बाईपास मार्ग पर सभी रील बनाने लगे। रील बनाते समय कार की रफ्तार इतनी बेलगाम हो गई कि कार नगर कोतवाली व रामगांव थाने के सरहद तमाचपुर बाईपास के पास अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। कार की छत नीचे व पहिए ऊपर हो गए। दुर्घटना होते देख लोग दौड़े। घायलों को किसी प्रकार बाहर निकाल एंबुलेंस मंगाकर मेडिकल कालेज भेजा। मेडिकल कालेज इमर्जेंसी में तैनात डा. मनोज चौधरी ने बताया कि एक घायल फहाद को प्राथमिक इलाज के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। देर रात को इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह, सपा नेता अब्दुल मन्नान समेत अन्य ने घर पहुंच कर ढांढस बंधाया।

अवैध कटान मामले में दो पर केस

बहराइच : सदर वीट के तेजवापुर रेंज में तैनात वन रक्षक प्रभात कुमार की तहरीर पर हरदी थाने में वन्यजीव संरक्षण व उप्र ट्रांजिट आफ टिम्बर एंड अदर फारेस्ट प्रोडयूस रूल्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। बालासराय के कुर्मिनपुरवा निवासी नैमिष गिरी व देवरायपुर के अनंत राम वर्मा को नामजद किया गया है। उपक्षेत्रीय वनाधिकारी अमित वर्मा ने 15 फरवरी को शाम दबिश दी। वहां एक पेड़ कटहल, एक पेड़ बड़हल, एक पेड़ आम का काट ढुलान हो गया था। जबकि एक पेड़ आम का अवैध काटकर वोटे बनाए गए थे। आम के पेड़ का कटान प्रतिबंधित होने के चलते केस दर्ज कराया गया।

मतदान कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें युवा

बहराइच

जागरूकता कार्यक्रम में मतदान के प्रति जागरूक करते युवा। अमृत विचार

अमृत विचार : नेहरू युवा केंद्र की ओर से सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की बात कही।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केन्द्र बहराइच के नेतृत्व में जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा के मार्गदर्शन में विकास खंड नवाबगंज स्थित श्री उमादत्त मिश्र इंटर कालेज में सघन मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान आयोजित हुआ। प्राचार्य लक्ष्मी कांत मिश्र ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ष 2024 में जिन जिन युवाओं को मतदान करने का अवसर मिलने वाला है वह युवा राष्ट्र के विकास में अपनी महती भूमिका को समझते हुए मतदान अवश्य करें। नवाबगंज स्वयं सेविका नारायणी मिश्रा ने घर घर जाकर जागरूकता संबंधी पोस्टर चिपकाने के साथ ही साथ मतदाताओं को जागरूक किया। युवा मंडल शंकरपुर के सचिव दीपेंद्र मिश्र ने युवा मतदाताओं की रैली की अगुवाई करते हुए जन सन्देश देकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग की बात कही। अभियान के दौरान कालेज के सभी शिक्षकों के साथ युवाओं ने सपथ लेते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अभियान में विद्यालय के प्रशासक श्रीकांत मिश्र, शिवम पाठक, आदर्श चौधरी, अनुप्रिया मिश्रा, राम शंकर वर्मा, अभिषेक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

सपा ने रमेश गौतम को बनाया प्रत्याशी

बहराइच, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की ओर से बहराइच लोकसभा का प्रत्याशी पूर्व विधायक रमेश गौतम को बनाया गया है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुशी है। समाजवादी पार्टी की ओर से सोमवार को प्रदेश के 11 लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। जिसमें बहराइच लोकसभा के उम्मीदवार की भी घोषणा की गई है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी की गई सूची में बहराइच 56 लोकसभा सीट से रमेश गौतम को प्रत्याशी बनाया गया है। रमेश गौतम सपा के पूर्व विधायक हैं। सपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामहर्ष यादव ने बताया कि जिले हाईकमान की ओर से रमेश गौतम को प्रत्याशी बनाया गया है। उनके प्रत्याशी घोषित होने से सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में हर्ष है। उन्होंने एमए की शिक्षा ग्रहण की है। उनका मुख्य व्यवसाय कृषि है।

समस्या आदर्श नगर पंचायत में बाजार के साथ वार्डों में गन्दगी का अम्बार, नहीं है कोई पुरसाहाल

खराब सड़क और गंदगी बनी नगर पयागपुर की पहचान


पयागपुर नगर पंचायत में फैली गन्दगी।

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : 'तुम्हारी फाइलों में शहर का मौसम गुलाबी है, आंकड़े झूठे है सारे, और दावे किताबी है' मशहूर शायर अदम गोंडवी की ये लाइनें पयागपुर के आदर्श नगर पंचायत पर बिल्कुल सटीक बैठ रही हैं। नगर क्षेत्र के गली मोहल्लों सहित, बाजार, कूड़े करकट के ढेर से पटा है, नगर में साफ सफाई के साथ ही सभी आवश्यक कार्य ठप है, नगरवासी हैरान परेशान है, वहीं जिम्मेदार मौन हैं। हालात यह हैं कि नगर की जनता नगरवासी होने का दंश झेल रही है। क्षेत्र का विकास तो कोसों दूर, जनता मूलभूत सुविधाओं से भी महरूम है नतीजन नगरवासियों को तमाम कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है जबकि जिम्मेदार आंखों पर पट्टी बांधें तमाशबीन हैं।

जिले के आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के निवासी अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे है, उन्होंने सोंचा भी नही था कि ये दिन भी देखने पड़ेंगे। तीन ग्राम पंचायतों क्रमशः नूरपुर, रुकनापुर, और पयागपुर को समाहित कर बनी नव सृजित नगर पंचायत के शुरुवाती क्षणों में जैसे तैसे कुछ कार्य देखने को मिले, लेकिन नगर की नई सरकार के गठन के साथ ही नगर के विकास का पहिया थम सा गया। नव निर्वाचित चेयरमैन बालेन्द्र श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष का यह ताज कांटों भरा प्रतीत हो रहा है। वर्चस्व की जंग में नगर के सभी काम काज ठप हैं, वार्डों सहित प्रमुख बाजारों के हालात बहुत दयनीय है, जगह जगह लगे कूड़े करकट के ढेर, उनसे उठने वाली दुर्गन्ध से बाजारों का व्यापार प्रभावित होता दिख रहा है। आस पास के क्षेत्रों से आने वाले ग्राहक अब इन बाजारों की तरफ रुख करना मुनासिब नही समझ रहे, नतीजन व्यापार चौपट होने के कगार पर है। नगर के वार्डों में लगे हैंडपंप, सोडियम लाईटें जहाँ खराब पड़ी हैं वहीं पट चुकीं नालियों का गंदा पानी सड़कों पर है, जो आदर्श नगर पंचायत के नरक पंचायत में तब्दील होने की दास्ताँ बयाँ कर रहा है। जिम्मेदार लोग नगर में कर्मियों का अभाव, प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ते नज़र आ रहे है। ऐसे में नारकीय जीवन बिता रहे नगरवासियों को इन ज्वलंत समस्याओं से कब निजात मिलेगी यह एक यक्ष प्रश्न है। नगर पंचायत में अतिरिक्त प्रभार के रूप में अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है बुधवार और शुक्रवार को वह कार्यालय में बैठती है, लेकिन यह हकीकत नही महज कागजी है। सूत्रों की माने तो नगर पंचायत में छिड़ी जंग के जल्द समाप्त होने के आसार नही है, ऐसे में जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।

ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध,आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत)- इन छः दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

संपादकीय

सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी,स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर,पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी,लस्सी,दूध,बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी,चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल,होम इकोनॉमिक्स, किनशिप,एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर,खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं,जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए,लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते,भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्व्यापी है,लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइज़र से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं,लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य,पशु-पक्षी,जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है,लेकिन जब तक आती है,तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रसंगवश

भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।

डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक,राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी,नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं,लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं,क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते,कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ,आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता,भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है,क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया,जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया,जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है,लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

सोशल फोरम

जिंदगी का हेल्थ कार्ड

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी,वहां अवार्ड ऐसे कपड़े,वैसी कार...! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा,धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है,उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है।

संजय वर्मा
इंदौर

अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई,पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते,क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।

-फेसबुक वॉल से

देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं,तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं,लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है,किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है,लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते,बिछुड़ते है,लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए,इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए,लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया,राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए ,उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं,तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर,मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए,तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे,न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे,जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया,पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं ,लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है,मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें,जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव , नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी,जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

एक नजर

जयसिंहपुर में विपिन तो लंभुआ में प्रवीण होंगे एसडीएम न्यायिक

सुलतानपुर, अमृत विचार। सोमवार को डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने आदेश जारी करते हुए नवागंतुक उपजिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी को तहसील जयसिंहपुर में एसडीएम न्यायिक तो प्रवीण कुमार को एसडीएम न्यायिक लम्भुआ में तैनात किया है।

जिले के चार बीईओ गैर जनपद भेजे गए

सुलतानपुर, अमृत विचार। शासन ने बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत खण्ड शिक्षाधिकारी मुख्यालय मनोजीत राव समेत चार खण्ड शिक्षा अधिकारियों का तबादला गैर जनपद के लिए कर दिया है। दो खण्ड शिक्षा अधिकारियों को गैर जनपद से जिले के लिए तबादला हुआ है। बीईओ मनोजीत राव का तबादला गोरखपुर जनपद के लिए हुआ है। खण्ड शिक्षाधिकारी शिखा मिश्रा को जौनपुर भेजा गया है। बीईओ अरविन्द बहादुर सिंह को बहराइच जनपद तथा विपुल कुमार उपाध्याय को गोरखपुर भेजा गया है। दो खण्ड शिक्षाधिकारी पूजा पाठक और कृष्ण कुमार मिश्र का तबादला गैर जनपद से सुलतानपुर के लिए हुआ है। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने इस आदेश की पुष्टि की है।

आज बादल छाए रहने की संभावना

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिले में मौसम फिर खराब हो सकता है। सोमवार को आसमान में हल्के बादल होने से मौसम गर्म हो गया। जिससे अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस हो गया। इससे आर्द्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 49 फीसदी हो गई है। मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आगामी 24 घंटे में आसमान में बादल छाए रहने व छुट-फुट बारिश होने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पूर्वी चलेगी।

आज एमपी-एमएलए की कोर्ट में आत्मसमर्पण करेंगे राहुल गांधी

मानहानि मामले में पेशी आज, केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में जारी हुआ है समन

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की सुनवाई मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में होगी। बचाव पक्ष के वकील काशी शुक्ल ने सोमवार को ही सांसद राहुल गांधी का आत्मसमर्पण और जमानत प्रार्थना पत्र विशेष कोर्ट में दाखिल किया। जिस पर राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में आत्मसमर्पण करेंगे।

परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए समन जारी किया था। विदित होगा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है। जिसमें जिले से सटे अमेठी में राहुल गांधी की सोमवार को यात्रा पहुंची है।

9.45 बजे अमहट में उतरेगा राहुल का उड़न खटोला

मंगलवार को राहुल गांधी जिला सत्र न्याययालय सुलतानपुर पहुंच रहे हैं। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के लिए आए प्रोटोकाल के मुताबिक़ सुबह 9.25 पर उनका हैलीकॉप्टर अमेठी के फुरसतगंज से उड़ेगा और 9.45 पर अमहट एयर स्ट्रिप पर पहुंचेगा। 9.55 पर बाई रोड अमहट से 10.20 पर जिला सत्र न्याययालय पहुंचेंगे। 11.15 पर कोर्ट से अमहट जायेंगे। जहां से उनका उड़न खटोला अमेठी के फुरसतगंज के लिए निकल जाएगा। डीएम ने प्रशासन, पुलिस को जरूरी इंतजाम के लिए आदेशित किया है। यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए संबंधित जिम्मेदारों को आदेशित किया गया है।

पूर्व विधायक अनूप संडा मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर। खराब बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी कामकाज में बाधा, पुलिस कर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 34 के खिलाफ जारी मामले में माननीयों की विशेष अदालत में सुनवाई सोमवार को टल गई। कोर्ट ने 26 फरवरी को फिर तारीख नियत की है। मामला अभियोजन पक्ष की गवाही में लंबित है। खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

डेरा डालो घेरा डालो मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी की ओर से तिकोनिया पार्क में डेरा डालो घेरा डालो कार्यक्रम में रोड जाम व तोडफ़ोड़ के मामले में सोमवार को सुनवाई 22 फरवरी के लिए टल गई। समाजवादी पार्टी ने 23 अक्टूबर 2008 को तिकोनिया पार्क में डेरा डालो घेरा डालो कार्यक्रम आयोजित किया था। आरोप है कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल से निकलकर कलेक्ट्रेट गेट पर रोड जाम कर दिया और कलेक्ट्रेट में घुस कर सरकारी कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। तत्कालीन सीताकुंड चौकी प्रभारी कमलेश चंद्र त्रिपाठी की तहरीर पर दर्ज केस में पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके पीआरओ (अब आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद) संजय सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सपा के जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव सहित 98 आरोपियों के विरूद्ध चार्जशीट दाखिल हुई थी। सोमवार को 24 आरोपी कोर्ट में हाजिर हुए।

धरातल पर उतरीं 910 करोड़ की 138 इकाइयां

6,289 लोगों को रोजगार देने का दावा, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में हुआ आयोजन

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का जिला स्तरीय कार्यक्रम पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया। इसी के साथ 910 करोड़ रुपये की 138 परियोजनाएं धरातल पर उतर गई। दावा किया जा रहा है कि इन इकाइयों की स्थापना होने के बाद 6,289 लोगों को रोजगार मिलेगा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा, सीडीओ अंकुर कौशिक सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कालेज के छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त उद्योग अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में जिले के 22 विभागों द्वारा 554 एमओयू हस्ताक्षर हुए थे। जिसके तहत 3169.13 करोड़ रुपए से 22,283 रोजगार भी प्रस्तावित थे। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 में 910 करोड़ रुपए से 138 इकाइयां स्थापित होंगी, जिससे 6,289 लोगो को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि इनमे से 41 इकाइयां कार्यरत हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष डा आर ए बर्मा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा उद्यमियों को सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उद्यमियों को बिजली, पानी, सड़क, भूमि आसानी से उपल्ब्ध हो रही है। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास तीव्र गति से हो रहा है। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि इससे युवाओं को नये-नये रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास तीव्र गति से हो रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना, सीडीओ अंकुर कौशिक ने संयुक्त रूप से निवेशक दीपक सिंह, अभय सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, आयुष जायसवाल, राकेश निषाद, आकाश शर्मा, दिलशाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में राकेश निषाद, आकाश शर्मा, दिलशाद हुसैन को भी सम्मानित किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत अरविन्द कुमार, सनी देवल, मो सारूख, सत्य नारायण को टूलकिट्स देकर सम्मानित किया। लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 के शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, डीएम व सीडीओ सहित उपस्थित उद्यमियों द्वारा देखा व सुना गया।

उद्यमी को प्रमाण पत्र देते भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम व अन्य। अमृत विचार

दुग्ध उत्पादन, फूड पैक और पशुपालन का हब होगा जिला

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 के बाद सुलतानपुर दुग्ध उत्पादन, शराब उत्पादन, पशुपालन का हब होगा। पशु पालन के लिए जितेंद्र सिंह 35 करोड़, डेयरी उत्पाद के लिए राजनाथ सिंह 60 करोड़, शराब कारखाना के लिए अरुण वर्मा 80 .03 करोड़, भोजन पैकिंग के लिए संदीप सिंह 50 करोड़, जयभारत मिश्रा डेयरी उत्पाद के लिए 50 करोड़, राइस मिल के लिए केशव अग्रवाल 30 करोड़, कृष्ण प्रताप सिंह 20 करोड़, लकडी व्यवसाय के लिए अरविंद सिंह 50 करोड़ निवेश करेंगे।

अदालत के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली नगर के घरहा खुर्द गांव निवासी यूनुस अली व उसके पुत्र नावेद यूनुस के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। अधिवक्ता अब्बास अहमद ने बताया कि चांद बाबू की अर्जी पर पिछले दिनों सीजेएम बटेश्वर कुमार ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली नगर पुलिस को दिया था। चांद बाबू ने पिता यूसुफ अली से फर्जी वसीयत लिखवाकर हिस्से की जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए चाचा यूनुस अली के खिलाफ वर्ष 2023 में केस दर्ज कराया था। आरोप है कि 20 जून 2023 को यूनुस अली व उसके पुत्र नावेद यूनुस ने धोखाधड़ी करके 18 जुलाई 1990 के बैनामा में फेरबदल कर दिया था।

किन्नर भिड़े, मामला एसपी दरबार में

- 15 नवम्बकक

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। जिले के दोस्तपुर बाजार में रविवार की दोपहर किन्नरों के दो गुटों में बधाई व क्षेत्र बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें दोनों पक्षों के लोग मारपीट पर उतर आए। दोनों पक्षों से एक एक किन्नर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची दोस्तपुर पुलिस ने मामले को शांत कराया था।

सोमवार को किन्नरों का एक गुट एसपी दरबार पहुंच अपनी पीड़ा बताई। रविवार की दोपहर किन्नर रोहित उर्फ मुस्कान सहयोगियों के साथ बधाई मांग कर लौट रही थी। काजल किन्नर व उसके सहयोगियों ने उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। जिसमें मुस्कान की सहयोगी किरन का सर फट गया। आरोप है कि काजल किन्नर ने रोहित उर्फ मुस्कान का लिंग परिवर्तन कराया था। जिसके लिए उसके खिलाफ जौनपुर जिले के सरपतहा थाने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मुकदमे में सुलह के लिए काजल किन्नर ने सहयोगियों के साथ जानलेवा हमला बोला था। मुस्कान सहित अन्य किन्नरों का आरोप है दोस्तपुर थानाध्यक्ष काजल किन्नर का बचाव कर रहें हैं। एसपी दरबार पहुंच किन्नरों ने काजल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाये जाने व गिरफ्तारी की मांग की है। किन्नरों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच-पड़ताल कराकर विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

एसपी को प्रार्थना पत्र देने पहुंचे दोस्तपुर के किन्नर। अमृत विचार

ग्रामप्रधान पर चबूतरा उखाड़वाने का आरोप

सुलतानपुर, अमृत विचार। सोमवार को डीएम जनता दर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने प्रधान, लेखपाल व पुलिस पर मंदिर के चबूतरे को उखड़वाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। सीडीओ ने विधिक कार्यवाही का ग्रामीणों को आश्वाशन दिया है। कुड़वार थाना क्षेत्र के इसरौली गांव निवासी हंसराज यादव अन्य ग्रामीणों के साथ जनता दर्शन पहुंचे। सीडीओ अंकुर कौशिक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है। आरोप है कि बीते 11 फरवरी को प्रधान व अन्य सहयोगियों व हल्का लेखपाल, कुड़वार थाने के दो सिपाही ने मन्दिर का चबूतरा उखाड़ दिए। सीडीओ ने ग्रामीणों को विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

हर्ष फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

- पुलिस ने बरामद किया रिवाल्वर कारतूस और कार

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव में 13 फरवरी को गांव में आई बारात में द्वार पूजा के समय हर्ष फायरिंग में कादीपुर के टेंट व्यवसायी हेमंत मिश्रा की हुई मौत के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया। उसके पास से रिवाल्वर, कारतूस तथा कार बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी, उप निरीक्षक जसवीर सिंह तथा हेड कांस्टेबल शिवानन्द राय व गजेन्द्र सिंह की टीम के द्वारा अभियुक्त हेमन्त कुमार निवासी ग्राम सुरूआरपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ को मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल के सहयोग से नरहरपुर रेलवे क्रासिंग के आगे ग्राम कुबेरशाहपट्टी जाने वाली सड़क मोड के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से आलाकत्ल एक लाइसेंसी रिवाल्वर, तीन अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त अभियुक्त की वैगनार कार को बरामद कर कार को सीज कर दिया। कोतवाली प्रभारी त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां पर सुनवाई के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

सार-संक्षेप

हैली चैंप्स स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल बच्चे। अमृत विचार

विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किए मॉडल

सुलतानपुर, अमृत विचार। हेलो चैंप्स स्कूल सीताकुंड में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जल चक्र, सौर मंडल, तोलनीय मशीन, प्राथमिक चिकित्सा, शरीर के अंग आदि से संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंधक संदीप सिंह जी भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित रहे।

नुकसान की भरपाई से ट्रैक्टर मालिक ने किया इनकार

- एसपी के हस्तक्षेप पर कोतवाली में दर्ज हुई एफआईआर

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। रास्ते के किनारे खड़ी कार में बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्राली ने ठोकर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके से चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़ चालक भाग निकला। थोड़ी देर बाद बाद पहुंचे ट्रैक्टर मालिक ने नुकसान के भरपाई की बात कही थी। नुकसान भरपाई करने से मना करने पर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी। एसपी के हस्तक्षेप पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर कोतवाली के बढैय़ावीर निवासी दीपेश पाठक ने नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक बीते 13 फरवरी को उनकी कार घर के सामने रास्ते के किनारे खडी थी। सुबह लगभग 9 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी कार में ठोकर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। चालक मौके से भाग निकला। थोड़ी देर बाद ट्रैक्टर ट्राली मालिक का मुंशी आया नुकसान भरपाई की बात कही। बाद में नुकसान भरपाई से आनकानी करने लगा। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुजन। अमृत विचार

भक्तों के मन में रहते हैं कन्हैया: पं. राजाराम शास्त्री

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। रामगंज के जमुवांवा पश्चिम में रिटायर्ड वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे अधिकारी कृपाशंकर मिश्र के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रीराम अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक पंडित राजाराम शास्त्री ने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होता है। दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान कृष्ण ने यही लीला की जिससे गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। कन्हैया भक्तों के मन में रहते हैं। मुख्य यजमान के रूप में सुषमा मिश्रा व कृपाशंकर मिश्र ने बताया कि 23 फरवरी तक भागवत कथा चलेगी। इस मौके पर आयुष्मान मिश्र, यशवर्धन मिश्र, हर्षवर्धन, डॉ. आलोक मिश्र समेत हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

सुलतानपुर में लहूलुहान मिला जौनपुर का युवक

- अम्बेडकर नगर मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। घायल अवस्था में पड़े युवक को देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लावारिस हाल में उसे सीएचसी भेजा। जहां मौजूद चिकित्सकों युवक की गंभीर हालत देखते हुए उसे रेफर कर दिया।

जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल खुशामदपुर के पास ग्रामीणों को लहूलुहान हालत में एक युवक पड़ा हुआ दिखाई दिया। धीरे धीरे ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक एंबुलेंस से सीएचसी अखण्डनगर भेजा। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे अम्बेडकर नगर रेफर कर दिया। अखण्डनगर पुलिस ने बताया कि घायल लावारिस युवक की पहचान जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी सुरेंद्र कुमार के रुप में हुई है। घायल के परिजन पहुंचे है। घायल युवक को टांडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अखंडनगर एसएचओ ने बताया कि घटना की जांच की गई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

चांदा के सफीपुर गांव में 10 लाख की चोरी

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली के सफीपुर गांव में रविवार की रात चोरों ने एक घर से 10 लाख रुपये के गहने और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सफीपुर गांव की प्रमिला सिंह के घर रविवार की रात चोरों ने सीढीयों के रास्ते आंगन में दाखिल हुए। अलमारी ब्रीफ़केश तोड़कर सोने के गहने व नगदी उठा ले गए। कोतवाली चांदा में दी गई तहरीर में बताया गया कि सोने का छोटा बड़ा हार जो काफी पुराना था। चार अंगूठी, बाली, झुमका, मांगटीका के अलावा चोर 20 हजार रुपए नगदी ले गए। गहनों का वज़न ढाई सौ ग्राम था। जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख से अधिक होगी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कड़ी सुरक्षा में परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे प्रश्नपत्र

- 22 से जिले के 122 केन्द्रों पर दो पालियों में शुरू हो रही हैं परीक्षाएं

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2024 की 22 फरवरी से जिले के 122 केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षाएं शुरु हो रही हैं। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट का प्रश्नपत्र राजकीय इण्टर कॉलेज स्थित मुख्य संकलन केन्द्र के स्ट्रांग रूम से डीएम की ओर से नामित दो उपजिलाधिकारी और डीआईओएस की देखरेख में पुलिस की कड़ी सुरक्षा में स्कूल बसों में भरकर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाया गया। केन्द्र व्यवस्थापकों, बाह्य केन्द्रव्यवस्थापकों और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की निगरानी में स्ट्रांग रूम में लोहे की डबल लॉक की अलमारी में प्रश्नपत्र रखवाए गए।

परीक्षा प्रभारी जितेन्द्र कुमार दूबे ने बताया कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के प्रश्नपत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाने के बाद इसके सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था करने के लिए केन्द्रव्यवस्थापकों एवं बाह्य केन्द्रव्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम तक सभी केन्द्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए। जिस केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट नहीं मिले तो उन्हें फोन कर बुलाया गया। उनके केंद्र पर पहुंचने के बाद प्रश्नपत्रों को केन्द्र व्यवस्थापकों के हवाले किया गया। डीआईओएस रविशंकर ने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापकों को आदेशित किया गया है कि प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम से संबंधित समस्त आवश्यकताएं डबल लॉक युक्त दो अलमारी, सीसीटीवी कैमरा आदि ठीक तरह से चालू रखे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने स्तर से सम्बंधित थाने से सशस्त्र पुलिस बल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर लें।

आयोजन लाभार्थी संपर्क अभियान की हुई मंडल कार्यशाला, 25 से 5 मार्च तक संपर्क करेंगे भाजपाई

अगले 100 दिन अहम, जुटें कार्यकर्ता : विजय

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। राम मनोहर लोहिया विद्यालय रामदासपुर में कटका मंडल की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला आयोजित हुई।

मंडल अध्यक्ष सुभाष वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अगले 100 दिन महत्वपूर्ण है। इन 100 दिनों में कार्यकर्ताओं को बूथों को मजबूत व फुलप्रूफ बनाने में मिशन मोड में जुटना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रचार का रोडमैप दिया। पार्टी प्रवक्ता रघुवंशी ने बताया 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलेगा। संपर्क के दौरान कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों का पत्रक देने, घरों पर स्टीकर लगाने, लाभार्थी से संवाद कर सेल्फी लेने और डिटेल सरल ऐप पर अपलोड करने का काम करेंगे। पूर्व मंडल अध्यक्ष दान बहादुर तिवारी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विस्तार से जानकारी दी। मंडल प्रभारी बबिता तिवारी ने बताया पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक बूथ पर 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। मंडल अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने प्रत्येक बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट पाने के के लिए बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया। इसके अलावा नगर, शिवनगर, कुड़वार, पीपरगांव, लंभुआ मंडल की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप शुक्ला, संजय उपाध्याय, सुनील वर्मा, डॉ प्रीति प्रकाश व विभिन्न कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आकाश जायसवाल, संतोष सिंह, महावीर श्रीवास्तव, अवधेश दुबे, मनोज श्रीवास्तव, राम अभिलाष सिंह व संजय सरोज आदि ने की।

बीजेपी के कटका मंडल की कार्यशाला में पहुचे विजय सिंह रघुवंशी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के खिलाड़ी हुए सम्मानित

सुलतानपुर, अमृत विचार। 15 से 17 फरवरी तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र लखनऊ के प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय परिषदीय विद्यालय क्रीडा प्रतियोगिता के टेबल टेनिस बालक वर्ग के रजत मेडल प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान खंड शिक्षा अधिकारी दुबेपुर बलदेव प्रसाद यादव की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही में किया गया। उन्होंने अयोध्या मंडल टेबल टेनिस बालिका टीम की सदस्य विद्यालय की छात्रा मधु एवं कल्पना को भी सम्मानित किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय नेकराही के सहायक अध्यापक एवं अयोध्या मंडल टेबल टेनिस टीम इंचार्ज आरिफ नियाज ने बताया कि अयोध्या मंडल ने क्वार्टर फाइनल में कानपुर मंडल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में बरेली को दो -एक से शिकस्त देते हुए फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें टीम को गोरखपुर मंडल से दो - शून्य से पराजित होने के कारण रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। अयोध्या मंडल की टीम में उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही के गौरव कुमार, अमर भीम, अंकुश कुमार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर भदैया के हिमांशु सदस्य थे। बीईओ ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अगले सत्र में और बच्चे मेहनत करें और मेडल प्राप्त करें।

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई)
सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड–228172
(डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

आवश्यकता है

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है– प्रवक्ता (बी0एड्0)– 02 पद, शा0 शिक्षा (बी0एड्0)– 01 पद, संगीत (बी0एड्0)– 01 पद, **स्नातक विज्ञान संकाय–** वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित प्रत्येक में एक–एक पद, **स्नातक कला संकाय–** अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, हिन्दी, संस्कृत प्रत्येक में दो–दो पद, **परास्नातक कला संकाय–** हिन्दी, गृहविज्ञान व समाजशास्त्र प्रत्येक में दो–दो पद। योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्तें यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0 राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं अनुभव के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें।

प्रबन्धक – सीताराम वर्मा, मो0–9415137463, 9415393096

एक नजर

खुले में शौच न करने को लेकर किया गया जागरूक

सिद्धार्थनगर , अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के अंतर्गत सोमवार को विकास खंड खेसरहा में ओडीएफ से ओडीएफ प्लस की ओर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न माध्यमों से लोगों को खुले में शौच न करने को लेकर जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी रामप्रवेश ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आम जनमानस के बीच में प्रस्तुत करने से उनके व्यवहार में परिवर्तन आएगा और जो हमारा स्वच्छ भारत मिशन का सपना है वह भी साकार होगा। कार्यक्रम के बाद खण्ड विकास अधिकारी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

गोरखपुर, अमृत विचार। थाना थाना चौरीचौरा अंतर्गत गैंगेस्टर ईश्वरचंद जायसवाल उर्फ पिंटू का मकान, दुकान सहित तीन करोड़ की संपत्ति कुर्क किया गया। चौरीचौरा में पंजीकृत यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त ईश्वरचंद्र उर्फ पिंटू जायसवाल निवासी शत्रुधनपुर थाना चौरीचौरा द्वारा अपराध से कमाई हुई संपत्ति को जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर निर्देशानुसार करीब तीन करोड़ की सम्पत्तियों पर कुर्क की कार्यवाही की गई। सीओ नितिन तनेजा, तहसीलदार विकास कुमार, नायब तहसीलदार संजय सिंह, थानेदार आशीष सिंह ने पुलिस फ़ोर्स के साथ कुर्की की कार्रवाई की है। आरोपी पिंटू के खिलाफ एक दर्जन से अधिक धोखधाड़ी सहित अन्य धाराओ में केस दर्ज है। वह चौरीचौरा थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

घर के बाहर खेल रहे बच्चे की ट्रैक्टर की टक्कर से हुई मौत

हरदोई, अमृत विचार। दो साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। उसी बीच उधर से निकल रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बच्चे को मेडिकल कालेज लाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। उधर ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया।

पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले भेजे गए जेल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले पांच सॉल्वर और उनका एक सहयोगी सहित सभी 10 लोग जेल भेजे जा चुके हैं। पकड़े गये साल्वरों से मिले इनपुट के माध्यम से पुलिस गैंग के नेटवर्क तक पहुंचने में जुटी हुई है। साल्वरों के तार गोरखपुर और बिहार के पश्चिमी चंपारण और पटना से जुड़ रहे हैं। ऐसी जानकारी मिल रही है। इससे पता चलता है कि प्रतियोगी परीक्षा को फर्जीवाड़ा के जरिये पास कराने की ठेकेदारी बहुत ऊंचे पैमाने पर चल रही है तथा इनमें प्रभावशाली लोगों के जुड़े होने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार पुलिस की कई टीमें पूरे नेटवर्क के खुलासे के लिए प्रयासरत हैं। सूत्रों की मुताबिक पुलिस की पूछताछ में आरोपियों से गोरखपुर और बिहार के पश्चिमी चंपारण और पटना के कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। गैंग तक पहुंचने के लिए पुलिस टेक्निकल सहयोग ले रही है। अगर सब कुछ सही रहा तो बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है। सूत्रों के अनुसार पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने के लिये युवकों ने साल्वरों से ढाई लाख रुपये में सौदा कर रखा था। साल्वरों ने परीक्षा से पहले किसी से 20 तो किसी ने 45 हजार रुपये एडवांस के रूप में ले रखा था। परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद पूरी धनराशि देने की बात पर सौदा हुआ था। सभी एक-दूसरे के संपर्क में थे, यह बात भी सामने आई थी। पकड़े गए आरोपियों और मुख्य अभ्यर्थी के आधार कार्ड में गड़बड़ी की गई थी। आधार कार्ड में नाम व पता तो सही रखा गया, मगर फोटों को बड़ी चालाकी से बदल दिया गया और उसके ताजा प्रिंट निकाल लिये गये। इससे यह हुआ कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र के गेट पर जल्दबाजी में हुई चेकिंग में लोग पकड़ में नहीं आए। लेकिन जब बायोमेट्रिक प्रक्रिया में अंगूठा लगाया तो वह मैच नहीं कर सका। इस पर संदेह हुआ और दो दबोच लिए गए। फिर तो सभी फंसते चले गये।

पकड़े गए हर साल्वर का गैंग के किसी मुखिया से ना तो बात होती है और न ही उसका चेहरा देखते हैं। एक बिचौलिया कड़ी से कड़ी को जोड़ता है। कहां और कब परीक्षा देनी है दूरी के हिसाब से दो से तीन दिन पहले जानकारी दी जाती है। परीक्षा को लेकर सौदेबाजी नहीं होती है। जैसी परीक्षा उस हिसाब से रेट तय होता है। बिचौलिया साथ में जाता है। एडवांस वही देता है। इसके बाद कोई किसी को पहचानता नहीं है। ऐसी डिलिंग होती है। इसी वजह से गैंग के सरगना तक पुलिस नहीं पहुंच पाती है।

> पुलिस भर्ती परीक्षा में पकड़े गए सभी साल्वर, अभ्यर्थी व सहयोगियों के खिलाफ सुसंगत धारा में केस दर्ज किया गया था। उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। अभी तमाम तथ्य अभी सामने आने बाकी हैं। –प्राची सिंह, एसपी

मेडिकल कॉलेज में ऑनलाइन नहीं हो पा रहा मरीजों का रिकार्ड

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में मरीजों का रिकार्ड ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है। मरीजों की दवा ऑनलाइन लिखने के लिए एक वर्ष पूर्व कंप्यूटर लगाए गए थे। लेकिन ऑनलाइन दवाई लिखने के कार्य नहीं होने से कंप्यूटर धूल फांक रहे हैं। एक वर्ष पूर्व सभी डॉक्टरों के ओपीडी कक्ष में लाखों का खर्च करके कंप्यूटर लगवाए गए है। जिससे मरीजों को ऑनलाइन दवा लिखी जा सके। लेकिन ओपीडी में डॉक्टर ऑनलाइन दवा नहीं लिखते हैं। लगभग एक माह पूर्व सभी डॉक्टरों को दूसरी बार प्रशिक्षण कराया गया था। उसके बाद भी डॉक्टर कंप्यूटर पर कार्य नहीं कर रहे है। प्रभारी आचार्य डॉ. एके झा ने बताया कि डॉक्टर ऑनलाइन डाटा भर रहे हैं। लेकिन ओपीडी में मरीजों की भीड़ अधिक होने से डाटा फीड नहीं किया जा रहा है। ऑपरेटर आने के बाद कार्य करने में सुविधा होगी।

सिद्धार्थनगर में 897 करोड़ निवेश के 236 एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

लखनऊ में प्रधानमंत्री के हाथो हुए उत्तर प्रदेश ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 उद्घाटन कार्यक्रम का जनपद में देखा गया लाइव प्रसारण

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। औद्योगिक निवेश को लेकर आयोजित उत्तर प्रदेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ से किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद स्तर पर लोहिया कला भवन में देखा गया। जिसमें सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय, एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने के बाद विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश व प्रदेश को नई ऊंचाईयों पर ले जाने को लगातार प्रयासरत हैं। जनपद सिद्धार्थनगर में पहले कोई उद्योग नहीं था। लेकिन आज जनपद में उद्यमियों द्वारा उद्योग स्थापित करने को बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओ से लोगो को जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। रेहड़ी पटरी वाले रोजगार करने वालो को ऋण देकर अच्छे रोजगार करने हेतु धन उपलब्ध कराने का काम किया गया है। इस कार्य से उद्यमियो का मनोबल बढ़ा है बेरोजगार हाथो को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय ने जनपद के उद्यमियों को बधाई दी।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा आज 897.69 करोड़ की लागत के 236 एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है, इससे जनपद के 6655 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। अन्य उद्यमियो को उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में किसानो को कृषि यंत्र उपलब्ध कराकर अच्छी पैदावार प्राप्त किया जा रहा है। उद्यमियो की सभी समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त डीएफओ पुष्प कुमार के0, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जीवन लाल, सहायक श्रम आयुक्त सुमन सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग शिवशंकर, आदि उपस्थित थे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के उद्घाटन के मौके पर जनपद सिद्धार्थनगर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

लाभार्थियों को दिए गए प्रमाण पत्र

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों कुम्हार, मोची, बढ़ई को टूल किट दिया गया। ओडीओपी के अन्तर्गत 5 लाभार्थियों को टूल किट दिया गया। श्रम विभाग द्वारा मातृत्व, शिशु बालिका मदद् योजना के अन्तर्गत 6 लाभार्थियों को चेक दिया गया। उप्र कौशल विकासमिशन योजनान्तर्गत पांच लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र, निर्माण कामगार मृत्यु विकंलाग्ता एवं अक्षमता पेंशन योजना के अन्तर्गत चार लाभार्थियों को 2.0 लाख का चेक दिया गया।

निवेश के आए प्रस्ताव

अनूप छापड़िया धनराशि रू. 12 करोड़ फ्लोर मिल के लिए, चन्द्रेश उपाध्याय धनराशि रू. 12 करोड़ हास्पिटल के लिए, राहित कुमार जायसवाल धनराशि रू. 10.90 करोड़ राइस मिल के लिए, अमर सिंह चैधरी धनराशि रू. 8 करोड़ राइस मिल के लिए, संदीप कुमार धनराशि रू. 6.93 करोड़ राइस मिल हेतु, खुशबू जायसवाल धनराशि रू. 3.0 करोड़ राइस मिल हेतु, सुशीला सिंह धनराशि रू. 3.0 करोड़ तकनीकी शिक्षा हेतु, असलम चैधरी धनराशि रू. 1.40 करोड़ बिजनेस लोन हेतु, डा0 अजय रावत धनराशि रू. 1.36 करोड़ बेकरी उद्योग हेतु, संजीव जायसवाल धनराशि रू. 1.20 करोड़ राइस मिल हेतु, बसन्त लाल जायसवाल धनराशि रू. 86 लाख बिजनेस लोन, तारा चन्द्र धनराशि रू. 74 लाख बिजनेस लोन, पूनम धनराशि रू. 55 लाख राइस मिल हेतु, मुस्तकीम खान धनराशि रू. 30 लाख हास्पिटल हेतु, कृष्ण लाल धनराशि रू. 20 लाख क़ाला नमक चावल हेतु, श्री दिनेश चैधरी धनराशि रू. 12.50 लाख बकरी पालन हेतु, मनोज कुमार धनराशि रू. 10 लाख फ़र्नीचर उद्योग हेतु, सूरज गौड़ धनराशि रू. 10 लाख वीडियो ग्राफी हेतु, देवदत्त चैरसिया धनराशि रू. 10 लाख कालानमक चावल हेतु, अख्तरून्निसा धनराशि रू. 8 लाख बकरी पालन हेतु, को चेक दिया गया।

एनएच 730 के किनारे वन संरक्षित क्षेत्र से हटाए जाएंगे पेड़

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। दो वर्ष से अटके एनएच 730 के किनारे वन संरक्षित क्षेत्र से पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया में अब केंद्र सरकार से एनओसी मिल गई है। इससे सनई से शोहरतगढ़ तक 13 किमी दायरे में सड़क के दोनों तरफ के 1567 पेड़ हटाए जाएंगे। जिसके एवज में प्रशासन की तरफ से नौगढ़ तहसील के गोठवा में उपलब्ध कराए गए 12 हेक्टेयर भूमि पर आठ हजार पौध लगाए जाएंगे। एनओसी मिलने के साथ ही कार्यदायी संस्था ने चिल्हिया में भूमि तलाश कर प्लांट लगाने शुरू कर दिए हैं। विभाग की मानें तो अगले पांच दिन में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

एनएच 730 पर जिले की महराजगंज सीमा से शहर होते हुए शोहरतगढ़ तक 32 किमी सड़क निर्माण के लिए दो वर्ष पूर्व पांच सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति हुई थी। जिसके तहत इस सड़क को सात मीटर की जगह 10 मीटर चौड़ी करने के साथ ही किनारे फुटपाथ व नाले का निर्माण होना है। इसके लिए किनारे के पेड़ों को हटाया जाना था। इसके तहत जिले की महराजगंज सीमा उसका बाजार से शहर तक गैर संरक्षित क्षेत्र होने के कारण वन विभाग से स्थानीय स्तर पर ही पेड़ हटाने की अनुमति मिल गई थी। जबकि सनई चौराहे से शोहरतगढ़ तक सड़क किनारे लगे पेड़ों के संरक्षित वन क्षेत्र में शामिल होने से इसे हटाने के लिए केंद्र सरकार से एनओसी लेना था। जिसके लिए वन विभाग के माध्यम से आवेदन किया गया था। इसके लिए जरूरी 12 हेक्टेयर भूमि मिलने के बाद केंद्र सरकार की तरफ से एनओसी के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। सड़क के निर्माण में शुरूआती दो वर्ष तक सड़क किनारे संरक्षित वन क्षेत्र के पेड़ों को हटाने को एनओसी लेना आड़े आ रहा था। अब एनओसी मिलने से एनएच निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

मिली एनओसी

- **सनई से शोहरतगढ़ तक 13 किमी दायरे में लगे 1567 पेड़ हटाने को मिली हरी झंडी**

शहर में भी मार्ग किनारे के हटाए जा रहे पेड़

बहुप्रतीक्षित एनएच–730 निर्माण के तहत उसका बाजार से सड़क किनारे के पेड़ हटाने की प्रक्रिया के तहत शहर में अशोक मार्ग किनारे के पेड़ भी हटाए जा रहे हैं। जिले की महराजगंज सीमा से उसका बाजार होते हुए सड़क किनारे के पेड़ हटाए जा रहे हैं। अब तक 10 किमी दायरे में सड़क किनारे के पेड़ हटाने के लिए काटे जा चुके है। वहीं स्टीमेट के अनुसार भुगतान मिलने पर बिजली निगम की निगरानी में सड़क किनारे स्थित पोल हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

> एनएच निर्माण के लिए संरक्षित वन क्षेत्र से पेड़ हटाने के लिए केंद्र सरकार से एनओसी की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है, जल्द ही सनई चौराहे से शोहरतगढ़ तक सड़क किनारे के पेड़ हटाए जाएंगे। जबकि उसका बाजार के पास से भी सड़क किनारे पेड़ों को हटाया जा रहा है। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। –आरके वर्मा, अधिशासी अभियंता एनएच

कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता के लिए पूर्व मध्य रेलवे के नरकटियागंज–पनियहवा खंड के नरकटियागंज–चमुआ स्टेशनों के मध्य एवं नरकटियागंज–मुजफ्फरपुर खंड पर महवल–मोतीपुर–पिपराहा स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते गाड़ियों का संचाल प्रभावित रहेगा। 21 एवं 22 फरवरी को 05040/05498 गोरखपुर–नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ियां हरिनगर में यात्रा समाप्त करेंगी। 20 एवं 22 फरवरी को 05096 गोरखपुर–नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी हरिनगर में यात्रा समाप्त करेगी। 21 एवं 22 फरवरी को चलने वाली 05450 नकहा जंगल–नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी हरिनगर में यात्रा समाप्त करेगी। इसी तरह 24 फरवरी तक अन्य रेलगाड़ियों का संचालन प्रभावित रहेगा।

सार-संक्षेप

टीएलएम मेले में स्व निर्मित शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शित करते शिक्षक।

टीएलएम मेले का किया गया आयोजन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। ब्लाक संसाधन केंद्र नौगढ़ पर सोमवार को शिक्षण सहायक सामग्री (टीएलएम) मेला का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त विशेष शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण को सुगम बनाने के लिए स्वयं द्वारा निर्मित शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शित किया। साथ ही सभी ने नए टीएलएम का निर्माण भी किया। टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ समानता का व्यवहार करना चाहिए। विशेष शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण में उपयोगी अच्छे टीएलएम बनाएं हैं। निश्चित रुप से ये टीएलएम दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के समान शिक्षा देने में मददगार साबित होंगे। मेला में राघवेन्द्र मिश्रा, गणेश कुमार गोंड, अंजनी सिंह, रामकुमार चौधरी, चन्द्रभान सिंह, प्रदीप सिंह, अवनीश त्रिपाठी, महेन्द्र मौर्या, अनुराधा पांडेय, चित्र रेखा मिश्र, अर्जुन वर्मा, फूल चन्द्र, इंन्द्रजीत,, राकेश चौधरी, सतीश, उमेश मिश्रा आदि विशेष शिक्षक मौजूद रहे।

नेपाल जा रहे युवक व नाबालिग लड़की को पकड़ा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। एसएसबी की सीमा चौकी धनौरा के गस्ती दल ने एक नाबालिक लड़की को सुरक्षित बरामद कर एएचटीयू उत्तर प्रदेश पुलिस को सुपुर्द किया। कमान्डेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक भारतीय सीमा क्षेत्र से एक नागालिग लड़की नेपाली जाने की फिराक में है। गश्त दल ने बताए गए स्थान आने जाने वाले लोगों की चेकिंग शुरू की। तभी एक व्यक्ति के साथ एक नाबालिक लड़की भारत से नेपाल की तरफ जाते हुए दिखी। संदेह होने पर दोनों को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान लड़के ने अपना नाम धर्मेन्द्र (27) पुत्र जयराम निवासी गांव विष्णुपुर थाना बासी बताया। जो नाबालिक लड़की से विवाह करने के लिए घरवालों को बिना बताये नेपाल में अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। लड़के से उसके घरवालों का मोबाइल नंबर लेकर सूचना दी गई। परिजनों ने कहा कि उनका नेपाल में कोई रिश्तेदार नहीं है। चूंकि लड़की नाबालिक थी इसलिए अग्रिम कारवाई के लिए लड़की और अभियुक्त को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया।

एसडीएम नाला निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

गोरखपुर , अमृत विचार। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने गोड़धोइया पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कहा कि नाले का निर्माण मार्च 2025 तक हर हाल में पूर्ण किया जाना चाहिए। कार्यों व गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट प्लांट का काम भी इसी के साथ खत्म हो जाना चाहिए। इसमें लापरवाही बिलकुल नहीं होनी चाहिए। गोड़धोइया नाले के दोनों तरफ इंटरसेप्ट सीवर लाइन डाली जाएगी। इस सीवर लाइन को एसटीपी से जोड़ा जाएगा। मार्च 2025 तक इसे बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। नाला निर्माण के साथ ही सीवर लाइन भी डाली जाएगी। इससे 17 वार्डों के 2.20 लाख लोगों को फायदा होगा। अलग–अलग इंटरसेप्ट सीवर लाइन से इन वार्डों के गंदे पानी को एसटीपी में लाकर साफ कर दिया जाएगा। इसके बाद पानी राप्ती नदी में छोड़ा जाएगा। पहले फेज में गोड़धोइया नाले के दोनों तरफ इंटरसेप्ट सीवरलाइन बिछाने के काम को पूरा किया जाना है।

सड़क पूरी तरह से बदहाल, राहगीर परेशान

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के चौकनिया से महुआरा को जाने वाला मार्ग के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। चार किमी मार्ग का निर्माण जिला पंचायत से 2003–04 में हुआ था। चौकनिया गांव के लोगों का कहना है कि आठ साल पहले इस सड़क की मरम्मत सिर्फ दो किलोमीटर तक ही हुई थी। इसके बाद मरम्मत नहीं हुई। जिससे सड़क पर बिखरी गिट्टियों से राहगीर ठोकर खाने को मजबूर है। क्षेत्र के अब्दुल कलाम, अब्दुल मन्नान, मोहम्मद इलियास, प्रमोद कुमार, संजय यादव, राकेश शर्मा, अकरम अली, अनवर अली ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। इस संबंध में अपर मुख्य अधिकारी लालता प्रसाद ने बताया कि इस सड़क के बारे में जानकारी नहीं है। पता करके संबंधित ठेकेदार से मरम्मत कराई जाएगी।

गोड्डा से गोमतीनगर के बीच चलेगी एक जोड़ी नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गोड्डा से गोमती नगर के मध्य एक जोड़ी नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का संचलन किया जायेगा। इस गाड़ी का उद्घाटन 24 फरवरी को गोड्डा से 03402 उद्घाटन विशेष गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 24 फरवरी को 03403 उद्घाटन विशेष गाड़ी का संचालन गोड्डा से किया जायेगा। नियमित रूप से, 15090/15089 गोमती नगर–गोड्डा–गोमती नगर एक्सप्रेस का संचलन गोमतीनगर से 1 मार्च से प्रत्येक शुक्रवार को तथा गोड्डा से 02 मार्च, 2024 से प्रत्येक शनिवार को चलाई जायेगी। इस गाड़ी में विभिन्न श्रेणियों के कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे पंकज कुमार सिंह ने दी। इसके अलावां 15125/15126 बनारस–पटना जं.– बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के बिहटा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। 21 फरवरी से चलने वाली 15125 बनारस–पटना जं. जनशताब्दी एक्सप्रेस बिहटा स्टेशन पर 09.58 बजे पहुंचकर 10 बजे छूटेगी। जबकि पटना जं. से 20 फरवरी से चलने वाली 15126 पटना जं.–बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस बिहटा स्टेशन पर 17.38 बजे पहुंचकर 17.40 बजे छूटेगी।

आरपीएफ ने स्टेशनों से पकड़े चोर, सामान बरामद

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 18 फरवरी को छपरा स्टेशन से दो चोरों को यात्रियों का चोरी किया हुआ दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। 17 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस गोरखपुर द्वारा गोरखपुर रेलवे स्टेशन से छह शातिर चोरों को यात्रियों से चोरी किये हुये आभूषण के साथ गिरफ्तार किया गया।

उसी दिन रेलवे सुरक्षा बल थावे को रेलवे आरक्षण केन्द्र थावे पर आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल कासगंज द्वारा गाड़ी संख्या-05379 से यात्रियों का छूटा 06 बैग बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कासगंज पर जमा किया गया। यात्रियों के उपस्थित होने पर बैग को उन्हें सुपुर्द किया गया। 16 फरवरी को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष,लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल,छपरा द्वारा गाड़ी संख्या-02564 से यात्री का छूटा सामान बरामद कर छपरा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्रियों के उपस्थित होने पर सामान को उसे सुपुर्द किया गया। 17 फरवरी,2024 को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष,इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल,इज्जतनगर द्वारा प्लेटफार्म संख्या-3 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। 18 फरवरी,2024 को यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। 18 फरवरी,2024 को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष,वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल,देवरिया द्वारा गाड़ी संख्या-15047 से महिला यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। 17 फरवरी,2024 को यात्री से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल,बलिया द्वारा गाड़ी संख्या-12562 से यात्री का छूटा 03 कलाई घड़ी बरामद कर बलिया पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर घड़ी को उसे सुपुर्द किया गया।

आयोजन सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन जिला क्रीड़ा स्टेडियम में शुरू, केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया वर्चुअल उद्घाटन

सकारात्मक सोच तथा दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ें युवा : प्राची सिंह

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सोमवार जनपद स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन जिला क्रीड़ा स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया जबकि पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस मौके पर एसपी ने कहा कि सभी बच्चों को सकारात्मक सोच तथा दृढ़ निश्चय के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए, ऐसा करने पर निश्चित ही सफलता मिलेगी। वर्चुअल संबोधन में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सांसद जगदंबिका पाल सबसे सक्रिय सांसदों में से एक हैं। मंत्री ने कहा कि सिद्धार्थनगर के खिलाड़ियों के सहयोग के लिए सांसद की जो भी मांग होगी वह पूरी की जाएगी। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि तीसरे वर्ष सांसद खेल महाकुंभ के प्रथम चरण में जनपद के सभी शासकीय और शासकीय विद्यालयों के लगभग 5 हजार छात्र-छात्राओं ने निबंध,कला, चित्रकला और रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

दूसरे चरण में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लगभग 7000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर नया कीर्तिमान बनाया है। कहा कि आज जिला स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया है। जिसमें जनपद के 14 ब्लाक के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। विकासखंड स्तर पर विजेता उप विजेता टीम के साथ-साथ जनपद के होनहार खिलाड़ी भी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस बार जिला स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबाल, शतरंज, ताइक्वांडो, फुटबॉल, खो- खो, बैडमिंटन के साथ-साथ दिव्यांग खिलाड़ियों का भी इस बार सम्मिलित करते हुए पैरा सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है।

सांसद खेल महाकुंभ की शुरुआत करातीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह व गुब्बारा उठाते सांसद, विधायक व एसपी। अमृत विचार

इस बार जनपद सिद्धार्थनगर में आखिरी दिन महिला सांसद खेल महाकुंभ का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें सिर्फ बालिका वर्ग के खेलों को शामिल किया गया है और उसमें सिर्फ बालिकाएं महिलाएं ही शामिल होंगी। कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी निशांत पांडे, बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा अधिकारी सहित शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संचालन आयोजन समिति के सचिव अरुण कुमार प्रजापति किया ने किया।

एक नजर

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

मगहर, संतकबीरनगर। कानपुर जनपद निवासी मोनू पुत्र श्रीपाल 22 वर्ष गोरखपुर जनपद के ग्राम भरपही में स्थित एक रिफाइंड फैक्ट्री में कार्यरत था। किसी कार्य से नेशनल हाइवे स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे पर आया था सड़क पार करते समय किसी अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर हमराही सिपाहियों के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की जरूरत : रवींद्र

बलरामपुर। संयुक्त चिकित्सालय उतरौला रोड बनकटवा के पास सैनी जर्मन होम्यो क्लीनिक स्किन एंड हेयर केयर सेंटर का उद्घाटन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय मानव कल्याण उत्तर प्रदेश रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ श्रवण कुमार शुक्ला, जिलाध्यक्ष यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन देव प्रकाश मिश्र सहित लोग भी विधिवत पूजा अर्चना में सम्मिलित हुए। जिसमें मुख्य अतिथि रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने बताया कि अपने स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूक होने की आवश्यकता है।

विदाई समारोह पर छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

बलरामपुर। उतरौला के एचआरए इंटर कॉलेज में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं के छात्रों ने इंटरमीडिएट के छात्रों को विदाई दी। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम में छात्रों ने मनमोहन प्रस्तुति दी व मनोरंजक खेल भी खेले गए। कक्षा 12 की छात्रों ने अपने सभी शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। प्रबंधक अंसार अहमद खान द्वारा सभी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य वीके श्रीवास्तव ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए सफल होने फार्मूला बताया।

रोजगार मेले में 117 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

बलरामपुर। विकास खण्ड उतरौला में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के रोजगार मेले में विधायक राम प्रताप वर्मा ने 117 बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। इस मेले में सात कम्पनियों ने अपनी भागीदारी की। रोजगार मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया।

छात्रों ने पर्यावरण और स्वच्छता का दिया संदेश

बलरामपुर। पूर्व माध्यमिक विद्यालय महादेव गोसाईं में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानाचार्य श्याम नारायण मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। विद्यालय की शिक्षक राजेश चौधरी ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण व स्वच्छता पर बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य शतफा उजमा खातून ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

शोक सभा में याद किया गया रत्नेश चौधरी के योगदान

संतकबीरनगर। जिला सूचना अधिकारी कार्यालय पर प्रधान लिपिक रत्नेश चौधरी के असामयिक निधन पर सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज समेत सहकर्मियों और पत्रकारों ने स्व. चौधरी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, के के मिश्र, गोरखनाथ मिश्र, अजित समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

धरातल पर आए 415.35 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 1851 को मिलेगा रोजगार

आर्थिक गतिविधि को मजबूत करने के लिए आगे आकर निवेश करें उद्यमी : डीएम

▸▸ जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का हुआ आयोजन

बलरामपुर, अमृत विचार। जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का भव्य आयोजन विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अरविंद सिंह व सदर विधायक पल्टूराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के लाइव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का वर्चुअल संबोधन उपस्थित गणमान्य व उद्यमियों द्वारा सुना गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि जनपद को आर्थिक रूप से मुख्य धारा में जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण है।

विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल सदर विधायक पल्टूराम, डीएम अरविंद सिंह व अन्य। अमृत विचार

इस अवसर पर सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से देश-विदेश से उद्यमी प्रदेश मे भारी निवेश प्राप्त हो रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत जनपद में 415.35 करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर आए हैं जिससे कि 1851 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इस अवसर पर ओडीओपी व टूल वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को चेक व टूल किट प्रदान किया गया।

कोटेदार संघ ने किया प्रदर्शन

मेंहदावल, संतकबीरनगर। मेंहदावल तहसील परिसर में कोटेदार संघ के बैनर तले पूरे तहसील के कोटेदारों के साथ लगभग दो सौ की संख्या में कोटेदार तहसील मुख्यालय पहुंचे और ज्ञापन देने की तैयारी करने लगे। कोटेदारों की संख्या देखकर पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। कोटेदार ज्ञापन देने की अभी रणनीति बना ही रहे थे कि इसी बीच ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बसन्त तिवारी अपने निजी काम से पहुंच गए, उन्हें कोटेदार ने घेर लिया। और अपनी समस्या बताने की कोशिश की, इसी बीच बसंत तिवारी मौका पाकर भाग गए। कोटेदार ने मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में लिखा कि हम सभी उचित दर विक्रेता है। शासन द्वारा खाद्यान वितरण हेतु जो नई ई -पोस मशीन हम सभी कोटेदारों को मिला है। वह तकनीकी कमी के कारण पूरा दिन सर्वर न चलने से वितरण नही हो पा रहा है। वितरण न होने के कारण कार्डधारक में असंतोष है, जिसका हम सभी को समस्या हो रहा है। कार्ड धारक कई दुकानों पर गाली गलौज कर रहे है एवं मशीन तोड़ने की धमकी दे रहे हैं। समस्या का समाधान नही होने पर हम सभी मशीन नही चालू करेंगे। और हम सभी उचित दर विक्रेता सामूहिक इस्तीफा देने हेतु विवश होंगे।

वाहनों पर फर्जी पास व हूटर लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

▸▸ सचिवालय पास लगाकर चलने वाले फर्जी माननीयों के लदेंगे दिन

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिले में फर्जी रसूख बनाने की मंशा से अपने लग्जरी गाड़ियों पर सचिवालय पास और हूटर लगाकर चलने वाले फर्जी माननीयों के दिन लदने वाले हैं। पुलिस ऐसे सभी वाहनों की जांच पड़ताल शुरू करने की तैयारी में है जो हूटर और विधानसभा सचिवालय पास लगाकर चलने की पात्रता नहीं रखते। बताते चलें कि हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद माननीयों ने वाहनों की छतों पर लगे हूटर तो हटा दिया। लेकिन अब उन हूटरों को वाहन की बोनट के नीचे छिपाकर लगा दिया गया है। चौराहों पर हनक स्थापित करने के लिए तथाकथित माननीय हूटर बजाकर अपना भौकाल टाइट करते अक्सर दिख जाते हैं। बेहद गंभीर मामला तो यह है कि जिनकी जरा सी राजनैतिक पहुंच है उन्होंने अपने वाहनों के शीशे पर विधानसभा सचिवालय का पास भी लगा लिया है। इससे समाज में उन्हें सम्मान की नजरों से देखा जाता है और राष्ट्रीय राजमार्ग पर उन्हें टोल टैक्स भी नहीं देना पड़ता है। जानकारों की मानें तो सचिवालय का वाहन पास सिर्फ वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों, सचिवालय कर्मियों को ही जारी किया जाता है। जिले में दर्जनों लग्जरी वाहनों पर लगे वाहन पास सही मायने में जांच का विषय है। इस मामले को लेकर अमृत विचार हिंदी दैनिक ने तीन दिनों पूर्व बड़ी प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित किया था।

> शीघ्र ही वाहनों पर काली फिल्म, अवैध सचिवालय पास और हूटर के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा। अवैध रूप से हूटर और सचिवालय वाहन पास लगाकर चलने वाले वाहनों को सीज किया जाएगा।
> **-परमहंस, यातायात प्रभारी**

कलाकारों ने मयूरी नृत्य और गायन से मोहा मन

भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

बलरामपुर, अमृत विचार। संस्कृति व पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश एवं स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित भारत नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन जनपद में 18 फरवरी से 19 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा था। कार्यक्रम में झांसी से आए कलाकारों वंदना कुशवाहा और कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। नेपाल के कलाकार द्वारा मयूरी नृत्य व शानदार गायन की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि एलपी उपाध्याय, कमांडेंट 50वीं वाहिनी एसएसबी बलरामपुर व विशिष्ट अतिथि प्राचार्य एमएलके महाविद्यालय डॉ जेपी पांडे, उप जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश व एसएसबी कमांडेंट 9वीं वाहिनी कार्यवाहक आरपी सिंह ने सभी का अभिनंदन किया।

मानदेय दिलाये जाने को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

बलरामपुर। सोमवार को सुशीला देवी रसोईया सेवा ट्रस्ट के बैनर तले दो दर्जन महिलाएं बीएसए ऑफिस पर इकट्ठा हो गयी। अध्यक्ष सुशीला देवी ने बीएसए ज्ञापन देते हुए कहा कि रसोइयों का 6 माह का मानदेय नहीं दिया गया है। कम से कम 15 हजार रुपया मासिक में मानदेय किया जाए। उपाध्यक्ष रामकुमार ने कहा कि प्रत्येक माह में 2 दिन की आकस्मिक अवकाश दिया जाए। रसोइयों को स्थाई किया जाए। रसोइयों से विद्यालय में साफ सफाई व बर्तन धुलने का कार्य न लिया जाए। इस अवसर पर सुशील तिवारी, करन तिवारी, रामरती, सुरेश तिवारी, अनुरुद्ध मिश्रा, सीता पति, सीमा देवी, गंगाराम मौर्य, जमुना देवी, शकिरा शाहिद तमाम रसोईया मौजूद रहे। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि ज्ञापन मिला है। एक सप्ताह के अंदर उन्हें मानदेय दे दिया जाएगा।

मगहर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव व टर्मिनल बनाने की उठी मांग

संतकबीरनगर। संत कबीर महापरिनिर्वाण स्थली कबीर चौरा मगहर ऐतिहासिक पर्यटन स्थल जो पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर लखनऊ रेल खण्ड पर स्थित मगहर रेलवे स्टेशन के निकट स्थित है। मगहर रेलवे स्टेशन पर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण पर्यटकों और यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अंतर्राष्ट्रीय सनातन धर्म प्रचारिका अर्चना त्रिपाठी ने पूर्वोत्तर रेलवे, पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के माध्यम से रेल मंत्री को पत्र लिखा है कि संत कबीर दास की महापरिनिर्वाण स्थली पर्यटन स्थल के रूप जानी जाती है। इसे अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना आवश्यक है। कबीर निर्वाण स्थली के निकट पूर्वोत्तर रेलवे का मगहर रेलवे स्टेशन आदर्श स्टेशनों की श्रेणी में आता है। इस स्टेशन पर किसी भी मेल या एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है। पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि कबीर समाधि की महत्ता और ऐतिहासिकता के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए मगहर स्टेशन मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही मगहर स्टेशन को टर्मिनल बना कर यहां से पुरी, प्रयागराज, कटरा आदि आध्यात्मिक और धार्मिक स्थलों को जोड़ा जा सके। जिससे देश के अन्य स्थानों से सनातनियों को संत कबीर की निर्वाण स्थली का दर्शन मिल सके।

सद्गुरु कबीर का मना 506वां परिनिर्वाण दिवस

कबीर परिनिर्वाण दिवस पर हवन करते महंत विचार दास और अन्य अनुयायी।

मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार। सदगुरु कबीर की निर्वाण स्थली मगहर के कबीर चौरा स्थित कबीर समाधि परिसर में सद्गुरु कबीर का 506वां परिनिर्वाण दिवस सोमवार को शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महंत विचार दास के नेतृत्व में ध्वजारोहण, हवन, महा बीजक पाठ और कबीर आरती से हुई। इस दौरान कबीर कथा, कबीर भजन, सत्संग, भंडारे का आयोजन किया गया।

सत्संग करते हुए महन्त विचारदास ने बताया कि सदगुरू कबीर साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, बाह्य आडम्बरों का जम कर पूरे जीवन भर विरोध किया था। इससे पूर्व कबीर महापरिनिर्वाण दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से शुरु हुआ जो बीजक पाठ करने के उपरांत हवन करने के साथ सम्पन्न किया गया। उसके बाद प्रवचन का आयोजन किया गया जिसमें कबीर निर्गुण, भजन को सुन उपस्थित श्रद्धालुजन भक्ति गंगा में डुबकी लगाने लगे। इस मौके पर बिहार, हरियाणा, गुजरात, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा छतीसगढ़ के कबीर पंथी सन्त और अनुयाई शामिल हुए। इस अवसर पर महंत अमरदास साहेब, रजनी दिल्ली, रामशंकर दास, नरायन साहेब गुजरात, धनु भाई बड़ौदा, केशव दास आदि मौजूद रहा।

कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद जनपद रायबरेली

पत्रांक– 262/अधि0अधि0/न0प0न0/निवि0प्रकाशन/2023–24 दिनांक 17.02.2023

निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पंचायत नसीराबाद में वर्ष 2023–24 में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से निम्न विवरण के अनुसार कार्य हेतु दिनांक–18.02.2024 से दिनांक–02.03.2024 अपरान्ह 04:00 बजे तक सील बन्द निविदायें कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 05:00 बजे निविदा दाताओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.03.2024 तक कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त किया जा सकता है निविदा के साथ 5 प्रतिशत जमानत राशि एफ0डी0आर0/ नकद / एन0एस0सी0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत नसीराबाद के पक्ष में बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है, एक अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करनें का अधिकार सक्षम अधिकारी मे निहित है। कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन दर	जमानत राशि 5 प्रतिशत	निविदा फार्म मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधी
1	नगर पचायत नसीराबाद वार्ड नं0–01 विन्धाताल में अब्दुल गरीब के मकान से मस्जिद के निकट तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग मरम्मत का कार्य ।	732303.00	36615.00	800.00	एक माह
2	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–01 विन्धाताल में सगीर के मकान से बसारत के मकान के निकट तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली एवं रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य।	999618.00	49981.00	1000.00	एक माह
3	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–01 बिन्धाताल में पशु चिकित्सालय गेट के आगे से नजीर के घर के निकट तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली एवं रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य।	999618.00	49981.00	1000.00	एक माह
4	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–13 में थाना के पास से पम्प हाउस एम0एम0वली स्कूल तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व जायस रोड तक नाली का निर्माण कार्य।	747952.00	37398.00	800.00	एक माह
5	नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–01 बिन्धाताल में जायस मुख्य मार्ग से होम्योपैथिक हॉस्पिटल होते हुए पशु चिकित्सालय गेट के आगे तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली एवं रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य।	996542.00	49827.00	1000.00	एक माह
6	वार्ड नं0–13 में एम वली स्कूल के पीछे से पार्क के किनारे बाउन्ड्री के निकट तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व चुनाई व नाली का निर्माण कार्य।	991829.00	49591.00	1000.00	एक माह
7	वार्ड नं0–13 पार्क के किनारे बाउन्ड्री के पास से पुरानी इण्टरलाकिंग रोड के निकट तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	982526.00	49126.00	1000.00	एक माह
8	नगर पंचायत नसीराबाद में वार्ड नं0–13 में जहूर पठान के मकान से एम0 वली स्कूल के पीछे तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	988802.00	49440.00	1000.00	एक माह
9	नगर पंचायत नसीराबाद में वार्ड नं0–13 में जायस रोड सम्पर्क मार्ग से खालिद के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	982526.00	49126.00	1000.00	एक माह
10	नगर पंचायत नसीराबाद में मोहल्ला कजियाना में चांद के घर से नफीस के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य।	682366.00	24118.00	700.00	एक माह
11	नगर पंचायत नसीराबाद आफिस के बगल में खाली जमीन पर रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व चुनाई का कार्य।	263344.00	13167.00	300.00	एक माह
12	वार्ड नं0–02 मे विश्वनाथ के मकान से उदयराज के मकान तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग मरम्मत व मनोज के मकान से मंजू के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग मरम्मत का कार्य ।	904693.00	45235.00	1000.00	एक माह

नियम व शर्ते

1. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र (T4 T5) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ T6 प्रारूप पर शपथ–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. आगणन दर से कम की दर प्रस्तुत करने वाले निविदाओं को शासनादेश संख्या 622/23–12–20125–2 आडिट/08टी.सी.–2 दिनांक 08 जून 2012 में की गयी व्यवस्था के अनुसार परफारमेन्स गॉरन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद, जनपद–रायबरेली में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समय सीमा के अन्दर परफारमेन्स गॉरन्टी की धनराशि जमा नहीं की जाती है तब जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा फर्म/व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।
4. निविदा के साथ 5 प्रतिश्त जमानत धनराशि EPVG ,FDR, NSC अथवा नगर पंचायत के खाता सं0–38888466322 IFSC CODE-SBIN0018417 में नगद जमा कर जमा पर्ची संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदा दाताओं को श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाकर एक प्रति कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।
6. निविदा स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध सम्पादित व अवशेष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
7. ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार बिलम्ब पर नियमानुसार अर्थ दण्ड देय होगा एवं जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।
8. कार्यो की विस्तृत जानकारी व अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत नसीराबाद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
9. कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उसके सहयोगी द्वारा निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।
10. ठेकेदारों को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य की प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का जिओ टैग फोटो ग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, उसके पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।
11. निविदा के साथ 100.00 रु0 का जनरल स्टाम्प एवं रसीदी टिकट संलग्न करना होगा।
12. जिन ठेकेदारों / फर्मो द्वारा नगर पंचायत नसीराबाद में पूर्व में लिए गये कार्यो को पूर्ण नहीं कराया गया है वे निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं।
13. नगर पंचायत से विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाया जाना अनिवार्य होगा।
14. उपरोक्त कार्यो का अनुरक्षण एवं रख रखाव सम्बंधित ठेकेदार / फर्म का 01 वर्ष तक किया जायेगा। उक्त अवधि में यदि उक्त कार्यो में कोई कमी अथवा टूट–फूट होती है तो सम्बंधित ठेकेदार / फर्म द्वारा उसे तत्काल ठीक कराया जाना अनिवार्य होगा, तथा अवर अभियन्ता द्वारा संस्तुति प्रदान किये जाने के उपरान्त ही जमा जमानत धनराशि वापसी की जायेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नसीराबाद
रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत नसीराबाद
रायबरेली

वॉलीबॉल प्रतियोगिता | खेल से बढ़ता है साम्प्रदायिक सौहार्द : जय चौबे

हरियाणा ने लखनऊ को हराकर जीता उद्घाटन मैच

मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। नगर के शाही जसमा मस्जिद ग्राउंड पर सोमवार को स्वर्गीय जिया अंसारी मेमोरियल राज्य स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से छिपी हुई प्रतिभाएं निखर कर सामने आती हैं। खेल से साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ता है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित कर नगर के लोगों द्वारा कबीर की वाणी को दूरदराज लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते पूर्व विधायक जय चौबे। अमृत विचार

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच हरियाणा और लखनऊ के बीच बीच खेला गया जिसमें हरियाणा की टीम ने लखनऊ की टीम को 2-1 के सेटों से पराजित किया। दूसरा मैच शाही जमामस्जिद मगहर व आजमी स्पोर्ट क्लब आजमगढ़ के बीच खेले गये मैच में आजमी स्पोर्ट क्लब आजमगढ़ की टीम ने शाही जामामस्जिद मगहर को सीधे सेटों में 2-0 से पराजित किया जिसका दर्शकों ने खूब आनन्द उठाया। निर्णायक की भूमिका अमित बच्चन व वसीम अनवर ने निभाया, जबकि कमेंट्रेटर जैद आजमगढ़ी की कमेंट्री को दर्शकों ने खूब सराहा।

उद्घाटन से पूर्व आयोजक कमेटी के लोगों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी, सय्यद नफीसुल हसन, परवेज कौसर, सेराज खान, अवधेश सिंह, सिब्तेन मुस्तफा, अहमद आलम जेई, हफीजुल्लाह अंसारी, शमशाद आलम, मोहम्मद इलयास, सेराज अहमद, परवेज समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय

सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6 .5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5 .5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा-बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2 .50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

नई दिल्ली। सोलहवें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति नग)	47,500-47,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,300
चांदी तैयार	73,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	724 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,100।

बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया-चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में 2.48 प्रतिशत घट गया

नई दिल्ली। देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था। इस्मा के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।

हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय

आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

कोलकाता, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा-दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

जयपुर। राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।

मराठा समुदाय के लोगों ने हैदराबाद के पुराने शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के जश्न में शिवाजी की वेशभूषा में हिस्सा लिया। शिवाजी की जयंती का जश्न लोगों ने बढ़-चढ़कर मनाया। ● एजेंसी

एक नजर

पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

पणजी। दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

परेशान व्यक्ति ने खुद को लगाई आग

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार को मानसिक रूप से अस्वस्थ एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने एक व्यस्त सड़क पर खुद को आग लगा ली। अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा आज सुबह पंचवटी नगर चौराहे पर हुआ। लक्ष्मी नगर निवासी प्रवीन इंगले ने पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग के हवाले कर दिया।

कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं ?

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है।

एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी

पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

मतपत्र, मतगणना के दिन का वीडियो पेश करने का निर्देश

चंडीगढ़ महापौर चुनाव

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा।

अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विकृत किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे हत्या के समान करार देते हुए लोकतंत्र का मजाक बताया था।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन को उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी और रिकॉर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन्हें सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हम दोपहर दो बजे खुद रिकॉर्ड देखेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने महापौर चुनाव के मामले की सुनवाई मंगलवार के बजाय किसी और दिन किए जाने की अर्जी को खारिज करते हुए कहा-खरीद-फरोख्त हो रही है। शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुपालन में मसीह पीठ के समक्ष उपस्थित हुए और न्यायाधीशों ने कुछ मतपत्रों में कथित छेड़छाड़ के मामले में उनसे सवाल किये। न्यायाधीशों के सवालों का जवाब देते हुए, मसीह ने कहा कि उन्होंने पहले से ही ''विकृत'' आठ मतपत्रों पर ''X'' चिह्न लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों पर हंगामा करने और मतपत्र छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते वह मतगणना केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तरफ देख रहे थे। आप पार्षद कुलदीप कुमार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने चंडीगढ़ में दोबारा महापौर चुनाव की मांग करने वाली पार्टी की अर्जी पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।

रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष

- **व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम**
- **मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे**

रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची

- **नासिर और माइकल ने कहा- मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत**

और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

खेल डायरी

घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी

भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को

आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स

राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46

- **श्रृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित**

रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने

विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत r; की। चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है। ग्रुप एक के अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी।

मंधाना ने कहा- टीम का संतुलन बेहतर हुआ है

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि नए खिलाड़ियों को शामिल करने के बाद उनकी टीम का संतुलन काफी बेहतर हुआ है और इससे उन्हें 23 फरवरी से शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। आरसीबी के लिए पहला सत्र निराशाजनक रहा था तथा उसे अपने आठ मैचों में से छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम पांच टीमों वाली प्रतियोगिता में चौथे

नंबर पर रही थी। दूसरे सत्र के मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। आरसीबी ने ढाई करोड़ खर्च करके एकता बिष्ट (बाएं हाथ की स्पिनर), केट क्रॉस (तेज गेंदबाज), जॉर्जिया वेयरहैम (लेग स्पिनर), सब्बीनेनी मेघना (ऑलराउंडर), सिमरन बहादुर (तेज गेंदबाज), सोफी मोलिनेक्स (बाएं हाथ की स्पिनर) और शुभा सतीश (ऑलराउंडर) जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी टीम से जोड़ा है। मंधाना ने कहा कि मैं निश्चित तौर पर चाहूंगी कि हमारी टीम पहले सत्र की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करे। जहां तक आरसीबी की बात है तो हमने कुछ खिलाड़ियों को 'रिलीज' करके नए खिलाड़ियों को टीम से जोड़ा है। इससे निश्चित तौर पर हमारा संतुलन बेहतर हुआ है और हमें विश्वास है कि हम अपनी क्षमता पर खरा उतरेंगे। आरसीबी अपने अभियान की शुरुआत 24 फरवरी को बेंगलुरु में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ करेगा।

बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है।बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज

मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख ,छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं,जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज .. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है .. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई .एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती . जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया ...और इसलिए सभी के मुखी का नाम ... 'राजा शिवाजी।

निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

मनमोहक

गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

लंदन, एजेंसी: ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

श्रीनगर, एजेंसी

- परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे
- संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

जम्मू-कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किलोमीटर के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किलोमीटर की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

एक नजर

पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

इस्लामाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

आतंकियों से फिलिपीनी सैनिकों की झड़प में 8 मरे

फिलीपीन। सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए।

धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

मंगलुरु। विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने कक्षा में पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की भी मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने कक्षा में रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।

3 बच्चों संग महिला कुएं में कूदी, बच्चों की हुई मौत

सराईकेला, एजेंसी। झारखंड के सराईकेला-खरसावां जिले में पारिवारिक झगड़े के कारण महिला अपने बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस हादसे में महिला के तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि ग्रामीणों ने महिला को कुएं से बाहर निकाल लिया। महिला की पहचान पूजा महतो के रूप में हुई है। उसे ग्रामीणों ने कुएं से बाहर निकालकर खरसावां के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। लोहरदगा जिले की रहने वाली पूजा का शनिवार को अपने पति से मायके जाने को लेकर विवाद हुआ था।

पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के तीन दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी।

खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 93 सीटें जीती। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत है। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

इस्लामाबाद। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन भी बारिश, हिमपात जारी

श्रीनगर, एजेंसी

- राष्ट्रीय राजमार्ग और श्रीनगर-लेह मार्ग कर दिया गया बंद

केन्द्रशासित प्रदेश जम्म-कश्मीर में स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग सहित कश्मीर के अधिकांश ऊंचे इलाकों में रात भर ताजा हिमपात और मैदानी इलाकों में लगातार दूसरे दिन बारिश होने से सोमवार को सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग और श्रीनगर-लेह मार्ग ताजा बर्फबारी और बारिश के कारण बंद किया गया है।

यातायात अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के मेहद-कैफेटेरिया, रामबन, तबेला चामलवास और बनिहाल में भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यातायात पुलिस के प्रवक्ता ने लोगों से मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएच-44) पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आज ताजा हिमपात के कारण कुपवाड़ा जिले में केरन और माछिल, अनंतनाग सिंथन और मुगल रोड को जोड़ने वाली सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गईं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने कहा कि पिछले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में 40 सेमी हिमपात हुआ और उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग रिसोर्ट में 41.9 मिमी बारिश भी हुई। गुलमर्ग, गुरेज, पीर की गली, शोपियां और केन्द्रशासित प्रदेश के अन्य ऊपरी चोटियों में सुबह से बर्फबारी हो रही है। श्रीनगर और इसके आसपास के इलाकों में रविवार से लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण कई निचले इलाकों में पानी भर गया है और दिन के तापमान में काफी गिरावट देखी गयी है।

हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती "वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

लाहौर। पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

इस्लामाबाद, एजेंसी

- लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश
- दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था।

नाबालिग के अपहरण की जांच सीबीआई को

नई दिल्ली, एजेंसी : पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से नाबालिग लड़की के कथित अपहरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है, जिसमें सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर एजेंसी कार्रवाई कर रही है जहां 14 वर्षीय लड़की के माता-पिता ने एक याचिका में आरोप लगाया था कि उनकी बेटी नौ अगस्त, 2023 को शाम छह बजे पढ़ाई करने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। माता-पिता ने कहा कि स्थानीय पुलिस जांच करने में आनाकानी कर रही थी लेकिन काफी आग्रह के बाद उसने मामला दर्ज कर लिया पर इस मामले में ज्यादा प्रगति नहीं हुई है।

भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी पर जमानत में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

अट्टुकल पोंगाला उत्सव

तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अटुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

नई खोज एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

किसी क्षुद्रग्रह के भी होते है शनिग्रह के समान छल्ले

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।

1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

नैनीताल: हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

'रॉ' से जुड़े आलेख हटाने वाली याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा-राष्ट्रीय सुरक्षा में नहीं देंगे दखल

दिल्ली हाईकोर्ट ने ऑनलाइन समाचार पत्रिका में प्रकाशित उस आलेख को 'ब्लॉक' करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका रद कर दी, जिसमें गुप्तचर एजेंसी 'रॉ' के लिए काम करने वाले अधिकारियों की कथित तौर पर पहचान जाहिर की गई है। 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के ये अधिकारी अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन स्थित भारतीय राजनयिक मिशन में पदस्थ हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में दखल नहीं देना चाहिए।

अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकने वाले किसी भी आलेख को 'ब्लॉक' करने की शक्ति व प्राधिकार भारत सरकार के पास मौजूद है। याचिका में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) को यह दिशानिर्देश तैयार करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि कोई मीडिया संस्थान भारतीय गुप्तचर एजेंसी के लिए काम करने के वास्ते विदेश में तैनात किसी सरकारी अधिकारी या राजनयिक से जुड़ी जानकारियां प्रकाशित न करे। याचिका में, केंद्र को 30 नवंबर 2023 के 'यूआरएल' (वेब पता) को 'ब्लॉक' करने के लिए निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता एवं वकील राघव अवस्थी द्वारा किये गए दावे अनुमान पर आधारित हैं। अदालत ने कहा कि भारत सरकार के पास ऐसे किसी आलेख को ब्लॉक करने की पूरी शक्ति एवं प्राधिकार है जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हों...अदालत इस क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि भारत सरकार और इसके विदेशी समकक्षों के बीच मुद्दों का निपटारा सावधानीपूर्वक करना होगा, क्योंकि ये दो देशों के बीच संबंधों पर आधारित हैं। आलेख प्रथम दृष्टया अधिकारियों के करियर को नुकसान नहीं पहुंचाता है, न ही उनके परिवार के जीवन को खतरे में डालता है। याचिका रद की जाती है।